10 रोहित शर्मा...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, सोमवार, 10 मार्च 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -261 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

12 जान्हवी कपूर...



## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्रीमती दीपा रानी**
**शिक्षिका**

**वर्तमान के परिवेश में लोगों को यह समझने की जरूरत है। कि शिक्षा प्राप्त करना ज्यादा जरूरी है या फिर शिक्षित होना। एक सफल व्यक्ति के लिए हमें शिक्षा को सिर्फ ग्रहण नहीं करना है। बल्कि उसको अपने आचरण में भी उतरने की आवश्यकता है। जो वर्तमान के परिवेश में बहुत जरूरी है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **80,600**
चांदी (प्रति किलो) : **1,02,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **74,332.58**
निफ्टी :- **22,552.50**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **31** °
न्यूनतम तापमान : **18** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:02**
संध्या :- **17:56**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1607 को सुजेनियोस ने गोजजाम में गोल की लड़ाई में यकूब और अबुना पेट्रोस क्ककी संयुक्त सेनाओं को हराया, जिससे वह इथियोपिया का सम्राट बना।**

## संक्षिप्त समाचार

### उसरी फॉल में नहाने गया किशोर डूबा, हो गयी मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित उसरी जलप्रपात में नहाने गये 17 वर्षीय एक किशोर की डूबने से मौत हो गयी. शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है. मृतक किशोर की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह स्थित मौर्यपुरी कॉलोनी निवासी वीरेंद्र कुमार वर्मा के 17 वर्षीय पुत्र प्रिंस राज के रूप में हुई है. प्रिंस ने माता-पिता से कहा था कि वह ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहा है. इसके बाद अपने दो दोस्तों के साथ उसरी वाटर फॉल नहाने चला गया. नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. प्रिंस को डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे. प्रिंस डूबने गया. घटना की जानकारी पाकर मुफस्सिल थाना पुलिस और मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे. मृतक का शव बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया. बेटे का शव देखते ही परिजन दहाड़ें मारकर रोने लगे.

### सुकमा में सुरक्षाबलों ने नक्सल सामानों का जखीरा किया बरामद

**सुकमा।** सुकमा में सुरक्षाबलों के जवानों ने नक्सलियों के प्रिंटिंग प्रेस के ठिकाने पर दबिश दी. शनिवार को फोर्स के ऑपरेशन के दौरान यह सफलता मिली है. मौके से भारी संख्या में सुरक्षाबलों को नक्सलियों का सामान मिला है. नक्सल प्रभावित क्षेत्र चिंतलनार से पुलिस को यह सफलता मिली है. शनिवार को सुरक्षाबल के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर चिंतलनार थाना क्षेत्र के जलेरगुड़ा के इलाके में गए थे. यहां जैसे ही टीम गोमपाड़ से जलेरगुड़ा में पहुंची. उन्हें नक्सलियों का प्रिंटिंग प्रेस का स्थान मिला. यहां से सिक्योरिटी फोर्स को कई डिजिटल चीजें और प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े सामान मिले. डीआरजी, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की टीम गोमापाड़ से जलेरगुड़ा के इलाकों में सर्चिंग पर गई थी.

## पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल का रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ, खूंटी, लोहरदगा में हुआ शुभारंभ

# पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है : कंचन सिंह

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार सज गए हैं, और पिछले वर्ष की तरह ही झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध है। हर्बल गुलाल के विपणन को बढ़ावा देने और आम जनों में इको-फ्रेंडली होली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री अभियान की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए पलाश ब्रांड के अंतर्गत राज्यभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रविवार को रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा जिलों में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का परिचालन आरंभ किया गया।

**हर्बल गुलाल प्राकृतिक और पूरी तरह है सुरक्षित**

जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह के निदेर्शानुसार राज्य के सभी जिलों में 100 से अधिक स्टालों का संचालन दिनांक 9 से 13 मार्च 2025 तक किया जाएगा। सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रहीं है, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। इस हर्बल गुलाल में किसी भी प्रकार के रसायन या आर्टिफिशियल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। इसे बनाने के लिए समूह की दीदियां फूल, फल और पत्तियों का इस्तेमाल कर रही हैं। हरे रंग के लिए पालक, गुलाबी के लिए चुकंदर, पीले और नारंगी रंग के लिए पलाश व हल्दी, जबकि नीले रंग के लिए सिंद्धार समेत अन्य फूलों और पत्तियों के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, गुलाल को सुगंधित बनाने के लिए प्राकृतिक एसेंस का भी समावेश किया गया है।

पलाश ब्रांड के जरिए हम ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे हैं। पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। पलाश ब्रांड के माध्यम से उनके उत्पादों को एक नई पहचान मिली है, जिससे उनकी आमदनी बढ़ रही है और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा भी मिल रहा है। इस वर्ष जेएसएलपीएस द्वारा 9 मार्च से 13 मार्च तक सभी जिलों के प्रमुख केंद्रों में स्टॉल लगाए गए है, जहां पलाश हर्बल गुलाल के साथ-साथ पलाश रागी लड्डू, हैंडमेड चॉकलेट, कुकीज आदि उत्पादों की बिक्री की जा रही है। रांची के प्रमुख स्थलों पर 9-13 मार्च 2025 तक पलाश होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल में हर्बल गुलाल और खाद्य उत्पादों की होगी बिक्री। रंग-बिरंगे गुलाल पांच वैरायटी में उपलब्ध हैं। इसकी खरीदारी नजदीकी पलाश मार्ट अथवा होली स्पेशल डिस्प्ले स्टाल से की जा सकती है। इस अभियान के अंतर्गत रांची शहरी क्षेत्र में पलाश हर्बल गुलाल के स्टॉल राज्य सरकार के प्रमुख कार्यालयों–एफएफपी भवन, सचिवालय (धुर्वा), झारखंड उच्च न्यायालय परिसर–तथा प्रमुख व्यावसायिक स्थलों–रांची मॉल, न्यूक्लियस मॉल, स्प्रिंग सिटी मॉल (हिनू), डोरंडा बाजार, अटल वेंडर मार्केट, पैंटालूंस (लालपुर के समीप), रिलायंस मॉल (कांके रोड), मोराबादी मैदान एवं एजी मोड़ आदि जगहों पर संचालित किए जाएंगे। पलाश हर्बल गुलाल के साथ ही स्टॉल पर महिलाएं हैंडमेड चॉकलेट, रागी लड्डू, नमकीन जैसे शुद्ध उत्पादों की भी बिक्री कर रही हैं।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी पर किया कब्जा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच खेला गया. इस मुकाबले में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 12 साल के सूखे को खत्म कर प्रतिष्ठित ट्रॉफी और व्हाइट कोट हासिल किया. भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर दूसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है. भारत ने न्यूजीलैंड को पहले 251 के स्कोर पर रोक दिया, फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया.

भारतीय क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के लिए न्यूजीलैंड से 252 रनों का लक्ष्य मिला था. इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए थे. भारतीय क्रिकेट टीम 49 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

**रोहित 76 रन बनाकर लौटे पवेलियन**

100 रनों की ओपनिंग साझेदारी के बाद भारत ने 17 रनो के अंदर 3 विकेट खो दिया है. जिसकी वजह से न्यूजीलैंड अब गेम में वापस आगया है. 105 पर पहला विकेट गिरने के बाद भारत ने 122 पर अपना तीसरा विकेट खो दिया है. तीसरा विकेट रोहित के रुप में गिरा, उन्होंने 83 गेंद में 76 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे. श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल क्रीज पर हैं.



**कुलदीप और वरुण ने चटकाए 2-2 विकेट**

भारत की ओर से कुलदीप और वरुण ने 2-2 विकेट झटके, जबकि शमी और जडेजा ने एक एक विकेट लिया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ. कुलदीप यादव ने 10 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट लिए और वरुण चक्रवर्ती ने 10 ओवर में 45 रन देकर 2 विकेट हासिल किए. रविंद्र जडेजा ने 10 ओवर में 30 रन देकर 1 और मोहम्मद शमी ने 73 ओवर में 47 रन देकर 1 विकेट हासिल किया.

**भारत और न्यूजीलैंड की प्लेंइग-11**

**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती.

**न्यूजीलैंड** - विल यंग, रचिन रविंद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन, विलियम ओरोर्के.

# पीएलएफआई के पांच नक्सली हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**खूंटी।** पीएलएफआई के मोस्ट वांटेड नक्सली महाबीर गोप की गिरफ्तारी के दो दिन बाद कर्रा पुलिस ने हथियार व कारतूस के साथ पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, तभी पुलिस ने पवन कुमार उर्फ पवन महतो, कर्मा बारला, सेंटू सिंह, अभय कुमार सिंह उर्फ अमन सिंह व दीपक मुंडा को गिरफ्तार कर लिया. इनके पास से एक देसी कार्बाइन मैगजीन के साथ एक जिंदा गोली, पीएलएफआई के छह पर्चे, चार बाइक, पांच मोबाइल फोन व एक बैग बरामद किया गया है. एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कर्रा थाने में प्रेस वार्ता कर गिरफ्तारी का खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि एसपी अमन कुमार को आठ मार्च की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ नक्सली कर्रा थाना क्षेत्र के एक जंगल में बैठक कर बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं. सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया.

उन्होंने बताया कि टीम में इंस्पेक्टर अशोक सिंह, रनिया प्रभारी विकास जायसवाल, जरियागढ़ प्रभारी राजू कुमार और कर्रा प्रभारी मनीष कुमार को शामिल किया गया. गठित टीम ने पीएलएफआई के मुखबिरों समेत तकनीकी सहयोग से रोन्हे जंगल में छापेमारी अभियान चलाया. सभी बैठक कर संगठन का विस्तार करने, लेवी वसूलने और ठेकेदारों के साइट पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की योजना बना रहे थे. इस बीच गठित टीम ने सभी को गिरफ्तार कर लिया, हालांकि कुछ भागने में सफल रहे. फरार युवकों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को कई नक्सलियों और उनके सफेदपोश सहयोगियों के नाम बताए हैं. उन्होंने बताया कि अब पीएलएफआई को स्थानीय स्तर पर कैडर नहीं मिल रहे हैं. इस कारण इसके शीर्ष नेता बाहर से युवकों को लालच देकर बुलाते हैं. उन्हें अच्छे कपड़े, बाइक, मोबाइल फोन आदि देकर संगठन के लिए काम कराया जाता है. एएसपी ने बताया कि जल्द ही पीएलएफआई नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा. संगठन के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार करने की दिशा में पुलिस काम कर रही है.

**टोंटो के जंगल में मिला आईईडी बम, सुरक्षा बलों ने नष्ट किया**

**टोंटो (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड में एक बार फिर जंगल में आईईडी बम मिले हैं. यह बम पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में मिला है. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रविवार को टोंटो थाना अंतर्गत वनग्राम जींकीइकीर के पास जंगल में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों ने आईईडी बम लगा रखा था. नक्सलियों का सफाया करने के लिए अभियान चला रहे सुरक्षा बल लगातार सतर्कता बरतते हुए ऑपरेशन चला रहे हैं. सुरक्षा बलों के जवान उन तक न पहुंच सकें, इसके लिए नक्सलियों ने बड़ी संख्या में बम और लैंडमाइंस जंगलों में बिछा रखे हैं.









महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहीं, शोभा

# घर-परिवार का मिला साथ तो अपनी मेहनत के बल पर बनीं शिक्षिका, जरूरतमंद युवतियों को आगे बढ़ा रहीं

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**रामगढ़:** एक शिक्षित, आत्मनिर्भर महिला चाहे तो सशक्त समाज के अलावा देश की आधी आबादी को खुले आसमान में उड़ने की चाहत को पूरा कर सकती है। बशर्ते इच्छाशक्ति मजबूत होनी चाहिए। कुछ इसी तरह की सोच व आत्मविश्वास से लबरेज शहर की बेटी शोभा राय महिलाओं, युवतियों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बीड़ा उठाए कदम को बढ़ाते जा रही हैं। वे स्वयं एक उच्च शिक्षाधारी महिला होने के साथ शिक्षिका भी हैं। शिक्षिका का कार्य करते हुए युवतियों व महिलाओं के लिए निरंतर बेहतर कार्य करते जा रही हैं। शोभा रामगढ़ शहर के विजुलिया तालाब रोड सूर्य नगर वार्ड 3 में रहती है । यहां पर वह रहते हुए सबसे पहले अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कोचिंग की शुरूआत की। कोचिंग में युवतियों व महिलाओं को शिक्षा के साथ-साथ सिलाई, कढ़ाई, शिक्षा सहित व्यवसायिक शिक्षा निःशुल्क देना शुरू किया। इस सामाजिक कार्य में ऐसा नहीं है कि उनकी राह आसान थी। इसमें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उसके बाद भी हिम्मत को ढाल बनाकर अपने जिद पर अड़ी रही। उनके जुनून को देखते हुए पति के अलावा ससुराल पक्ष के लोगों का साथ मिला तो हिम्मत आसमान छूने लगी। उसके बाद शोभा ने अपनी पढ़ाई को रफ्तार देते हुए एमकाम, एमएड व पीएचडी की पढ़ाई पूरा की। साथ सामाजिक कार्य भी जारी रखी। इसी बीच उसकी मेहनत और रंग लाई और उसकी नौकरी शिक्षिका में हो गई। नौकरी होने के बाद यह काम शिथिल नहीं बल्कि और तेजी से चल पड़ी। युवतियों व महिलाओं को शोभा राज वेलफेयर ट्रस्ट बनाकर जोड़ी और सेवा कार्य का दायरा भी बढ़ाई। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए महिलाओं का आत्मबल बढ़ाने का काम की। नई तकनीकी के साथ कंप्यूटर में युवतियों को दक्ष बनानी शुरू कर दी। सामाजिक कार्यों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कई संस्थानों से वे सम्मानित भी हो चुकी हैं। शोभा ने अपने जीवन को समाज को बेहतर बनाने में लगाकर महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं। घर में पति के अलावा दो पुत्रों सम्मान सिंह और समृद्धि की जिम्मेदारी के साथ सामाजिक दायित्वों को भी बखूबी निभाती हैं। जिले में अब उनकी पहचान आर्थिक तौर पर महिलाओं को स्वावलंबन बनाने वाली दीदी के रूप में हो चुकी है। शोभा को सामाजिक कार्य करने के कारण झारखंड के पूर्व व पहले विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया है।

## होली को लेकर पतरातू थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**पतरातू।** पतरातू थाना में रविवार को आगामी होली को देखते हुए शांति समिति की एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु, अंचलाधिकारी पतरातु एवं अनुमंडल पदाधिकारी पतरातु ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्किल इंस्पेक्टर, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि होली का त्यौहार बड़े ही सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करें। सभी लोग अपने क्षेत्र में शांति बहाल करने का अपनी ओर से प्रयास करें। होली में कोई भी ऐसी घटना न घट पाए जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़े। डीजे तथा अन्य बाजों को मध्यम आवाज में बजाने का निर्देश देते हुए कहा गया कि अश्लील गानों को बजाने से बचें तथा अनावश्यक रूप से किसी भी हुड़दंग या लड़ाई झगड़े से बचें और होली जैसे पर्व को एक दूसरे के साथ प्रेम से मिलजुल कर मनाएँ अन्यथा वैसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी जिससे समाज की शांति भंग होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो कोतो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश सिंह ननकी, हनुमानगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह राहुल रंजन डॉ मनोज गुप्ता रंजीत बेसरा शौकत अंसारी कयूम अंसारी वारिस खान सुजीत पटेल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। मौके पर क्षेत्रवासी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाइयां दी।

## नारी की सुरक्षा और सम्मान के प्रति सभी संवेदनशील रहे :- टाइगर जयराम महतो



रामगढ़। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के महिला मोर्चा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मायाटूँगरी मंदिर प्रांगण में मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष जयंती कुमारी, सचिव सीता देवी, कोषाध्यक्ष विनीता कुमारी का अथक प्रयास रहा। इस कार्यक्रम में टाइगर जयराम महतो ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त नारी शक्ति को हार्दिक शुभकामनाएं, तथा सभी से अपील किये की उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति सभी संवेदनशील रहे। नारी शक्ति केवल सृजन का आधार नहीं, बल्कि संकल्प ,साहस और सफलता की प्रतीक भी है।महिलाएं हर क्षेत्र में नए कृतिमान स्थापित कर रही है। समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हम सभी संकल्प ले की महिलाओं का सम्मान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय, जिला, प्रखंड, पंचायत, व सक्रिय सदस्यों के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## अन्ना सोशल सर्विस सोसाइटी, नवाजारा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही सशक्त समाज की बुनियाद है: ममता देवी**

**रामगढ़।** संत अन्ना सोशल सर्विस सोसाइटी, नवाजारा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक महोदया का महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया गया। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विधायक महोदया ने कहा महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही सशक्त समाज की बुनियाद है। जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो पूरा समाज प्रगति करेगा। हम सभी को मिलकर हर महिला को उसके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए कार्य करना होगा।₹ कार्यक्रम में संस्था के ब्रदर, सिस्टर एवं फादर सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## धनुर वंशी समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातु:** धनुर वंशी समाज संयुक्त जिला इकाई हजारीबाग एवं रामगढ़ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन धनुरवंशी समाज ग्राम किरीगढ़ा के सौजन्य से प्राथमिक विद्यालय परिसर किरीगढ़ा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष छकन लाल सिंह एवं संचालन जिला सचिव ब्रजेश सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय रोशन लाल चौधरी उपस्थित हुए। साथ में जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, प्रदेश संरक्षक मुनीलाल सिंह,प्रदेश प्रधान सचिव राजकुमार सिंह उपस्थित हुए। माननीय विधायक ने कहा कि बुराई में अच्छाई के जीत का प्रतीक है होली सादगी एवं भाई चारगी के साथ आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। समारोह में दीनदयाल सिंह, हरिनाथ सिंह, संतोष सिंह,अरविंद सिंह,मुकेंद्र सिंह, दुगानंद सिंह,कुमेश सिंह,राजेंद्र सिंह, जय लाल सिंह,भारत सिंह, प्रीतम सिंह,मोती सिंह, राहुल सिंह, वीरेंद्र सिंह,भगवान सिंह,ज्वाला कुमार, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, बसंत सिंह,धनेश्वर सिंह, परमवीर सिंह,मिथिलेश सिंह,गोवर्धन सिंह, राजकुमार सिंह,महेश व्यास,निर्गुण व्यास,अर्जुन सिंह,शंकर सिंह, हरदेव सिंह,त्रिपुरारी सिंह, प्रभावती देवी, चंपा कुमारी, छबीली देवी,सुमन देवी, कांति देवी,संतोषी देवी,पूजा कुमारी, उमा देवी,सारिका देवी, श्वेता भारती, संजू कुमारी,माधुरी देवी,सुशीला देवी,खुशबू देवी,हेमा देवी,मंजू देवी, कपसी देवी,बरखा देवी,गुड़िया देवी, कल्पना देवी,रीना देवी,बसंती देवी, ज्योति देवी,शकुंती देवी,मोनिका देवी सहित हजारों महिला एवं पुरुष शामिल थे।

राधा गोविंद विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षांत समारोह भव्य रूप में आयोजन हुआ

# दीक्षांत समारोह सिर्फ एक शैक्षिक यात्रा का समापन नहीं होता है बल्कि, यह उस समर्पण ,मेहनत और संघर्ष का सम्मान होता है, जो आपने इन वर्षों में की है: कुलाधिपति बी एन साह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**शिक्षा के द्वारा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास संभव है: रविन्द्र नाथ महतो**

**रामगढ़:** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित खेल मैदान में प्रथम दीक्षांत समारोह 2025 भव्य रूप में आयोजन हुआ।

राधा गोविंद विश्वविद्यालय पहला दीक्षांत समारोह आयोजित करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया,जो संस्थान की यात्रा में गौरवपूर्ण और भावनात्मक क्षण होगा। एनसीसी कैडेट्स और विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा भव्य शैक्षणिक शोभा यात्रा एवं झारखंड की संस्कृति पर आधारित संगीत एवं नृत्य द्वारा सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत हुआ।

**प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित मुख्य एवं गणमान्य अतिथि**

मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष, माननीय श्री रवीन्द्र नाथ महतो , विशिष्ट अतिथि रामगढ़ उपयुक्त श्री चंदन कुमार , पुलिस अधीक्षक अजय कुमार , पुलिस महानिरीक्षक श्री शैलेंद्र कुमार सिन्हा, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदया के धर्म पत्नी श्रीमति फूलमती देवी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार शिक्षाविद, जनप्रतिनिधिगण , प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सुसंपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सभी मुख्य , विशिष्ट एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व गोविन्द साह एवं स्व राधा के चित्रों पर मालार्पण कर किया गया। तत्पश्चात सभी मुख्य एवं सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ , प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान, कुलगीत एवं स्वागत गीत गाकर हुआ। तत्पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया। स्वागत भाषण कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने माननीय मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और बहुमूल्य समय और उपस्थिति से कार्यक्रम का शोभा बढ़ाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। संबोधन में कहा की यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण का दिन है

**प्रति कुलपति द्वारा प्रतिवेदन**

प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।दीक्षांत समारोह की घोषणा विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी एन साह ने सभी शिक्षाविद् एवं विद्वतजनों अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। तत्पश्चात दीक्षांत समारोह के शुभारंभ की घोषणा की।

**मुख्य एवं सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय टॉपर एवं उपाधियों का वितरण***

पीएचडी , पीजी ,यूजी एवं वोकेशनल के विद्यार्थियों को 1152 उपाधियां वितरित हुआ। जिसमें 64 विश्वविद्यालय टॉपर रहे।मुख्य अतिथि श्री रवीन्द्र नाथ महतो ने अपने संबोधन में सभी उपाधि प्राप्त छात्रों को उनकी सफलता और उपलब्धि पर बधाई दी और उन्होंने कहा की राधा गोविंद विश्वविद्यालय सभी आधारभूत संरचना को पूर्ण किया है। शिक्षा के द्वारा ही छात्रों के सर्वांगीण विकास संभव है सचिव महोदया द्वारा आशीर्वचन

सुश्री प्रियंका कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की विश्वविद्यालय अपना भविष्य में कैरियर को अत्यधिक आत्मविश्वास और शानदार संतुष्टि के साथ आगे बढ़ाने के लिए, आवश्यक विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वातावरण एवं प्रोत्साहन के लिए हमेशा तत्पर है ।कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय सिंह, डॉ अमरेश पांडेय, डॉ पूनम कुमारी एवं डॉ रंजना पांडेय ने किया।

इस कार्यक्रम लगभग 5000 विद्यार्थी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।मौके पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, शिक्षकेतर कर्मचारीगण , विद्यार्थीयों एवं उसके अभिभावकगण उपस्थित रहे ।

## ढाई वर्षीय लापता बालक का जंगल से मिला शव, शोक

**लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वर्ती ग्रामीण क्षेत्र उरु ग्राम से ढाई साल के बच्चे का लापता की सूचना थाना में देने के बाद रविवार देर शाम जंगल में मिला शव परिजनों के बीच छाया मातम विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वर्ती ग्रामीण इलाका उरु में दिन शुक्रवार को समय लगभग 11 बजे से ढाई साल का बच्चा लापता था। बताया जाता है कि उरु निवासी विनोद महतो के ढाई वर्षीय पुत्र पीयूष महतो खेलते खेलते गांव से लापता हो गया था। जिसकी सूचना सेन्हा थाना में शनिवार को लिखित देते हुए परिजनों ने सकुशल बरामद करने का प्रशासन से अपील किया गया था। परंतु लापता बच्चे का शव घर से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर जंगल में बच्चा का शव होने की सूचना लकड़हारा के माध्यम से परिजनों को मिलता है। बच्चा का शव मिलते ही परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ा वही माता पिता एवं अन्य परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है कि परिजनों ने लापता बच्चा का सूचना सेन्हा थाना में करते हुए पूर्व में प्रशासन से अप्रिय घटना होने का संदेह व्यक्त किया था। वहीं इस घटना से गांव में मातम छाया हुआ है। और चर्चा का विषय बना हुआ है। ढाई साल के बच्चे के साथ हुई घटना का निंदा करते हुए ग्रामीणों ने कहा अबोध बच्चे के साथ इस घटना को अंजाम दे मानवता का शर्मशार कर दिया गया है। वहीं घटना को लेकर परिवार वालों कुछ भी कहने के हालत में नही है। और बार बार एक ही शब्द बोले जा रहें है पीड़ित परिवार का कहना है कि पूर्व में सभी बिंदुओं से प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद बच्चे को खोजने में आसमर्थ रहें।

## सेवा ही परमोधर्मः है :दीपक सर्राफ



**लोहरदगा:** सेवा भारती द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय मे 143 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का उदघाटन जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 57 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच कराया। मौके पर अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमोधर्मः है इससे बड़ा कुछ भी नहीं, अपने शरीर को दुरुस्त रखने के लिए नियमित रूप से सुबह योग एवं व्यायाम करें एवं स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए समय-समय पर स्वास्थ चेकअप कराएं, जिससे कि कोई भी होने वाली बीमारियों को पता चल सके,जिससे की उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर के लिए सही खानपान बहुत ज्यादा महत्व रखता है तेल-मसालें एवं तले हुए सामानों को खाने से परहेज करें और ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें, किसी भी प्रकार का बीमारी के लक्षण लगने पर डॉक्टर के सलाह से ही दवा ले, नहीं तो आगे जाकर काफी कष्ट दायक हो सकती है, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल, अनामिका भारती,अंजलि सर्राफ,अमर गोस्वामी,नीतू मित्तल,राजू यादव, सुबोध महतो,सत्यम सर्राफ,मनोज प्रसाद,अतुल सर्राफ,रामजी प्रसाद,रविंद्र नाथ कर्मकार, गीता देवी,बीना देवी,फुलवंती देवी,तपेश्वर अग्रवाल,रमेश महतो,मालती देवी,प्रभु दयाल साहू,प्रदीप खत्री,सोनी देवी,ओमप्रकाश कास्यंकार, रामप्रसाद कसेरा,ताराराय भंडारी,भोला भगत,प्रतिमा मिश्रा,पूनम देवी,उदय कसेरा, धनंजय अग्रवाल,नंदलाल कास्यंकार, महेश कास्यंकार, विजया रानी,वीरेंद्र तिवारी, गोपाल राम वर्मा,कृष्ण प्रसाद, सत्यम कुमार,अशोक साहू, शांति देवी,वीरेंद्र गुप्ता,अरुण कुमार, श्याम सुंदर प्रसाद, सोहन राम,अमित वर्मा,चंद्र केतु प्रजापति,किशोर अग्रवाल,महिमा मिंज, मनजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## जय श्रीराम समिति का होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**प्रेम और भाईचारे का त्योहार है होली :सुषमा सिंह**

**बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली का त्योहार :सुनील अग्रवाल**

**लोहरदगा:** जय श्रीराम समिति द्वारा पावरगंज स्तिथ दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए ' आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं को पट्टा पहना कर स्वागत किया गया तथा जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं संरक्षकों की मौजूदगी में जिला कमेटी की घोषणा की गई साथ ही जिला अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष के लिए दीपक साहू के नाम की घोषणा की ' जिसके पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महिला,पुरुष सदस्यों के साथ साथ संरक्षकों एवं पत्रकार बंधु भी होली के मधुर गीतों पर जमकर झूमे व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी ' संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कि होली की शुरूआत राधा-कृष्ण के प्रेम के प्रतीक के तौर पर बरसाने में हुई थी। कहा जाता है कि बचपन में राधा और कृष्ण अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे,तब से ये परंपरा निरंतर बनी हुई है। समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि होली की शुरूआत भक्त प्रह्लाद की कहानी से भी जुड़ी है। मान्यता है कि हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका ने प्रह्लाद को मारने के लिए आग में प्रवेश किया था। लेकिन भगवान श्री हरि की कृपा से प्रह्लाद बच गये और होलिका जल गई।तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन की परंपरा है और ये त्योहार मनाया जाने लगा।समारोह के दौरान भव्य स्नेह भोज का आयोजन किया भी गया ' कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने किया ' मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह,परमेश्वर साहू,उदय सिंह, राजेश महतो, उमेश कांस्यकार, संजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, शैलेश महतो,मुरली अग्रवाल, अनूप गुप्ता,अजय सोनी पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, दिनेश पांडे, विनोद सोनी,महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान,गुंजन भारती, आर्यन कुमार, अभय कुमार, सत्यम कुमार, प्रखंड पंचायत पदाधिकारी सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रांची के प्रमुख स्थानों पर 9 से 13 मार्च तक पलाश होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल लगाए गए

# पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है - कंचन सिंह ,सी.ई.ओ, जेएसएलपीएस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ, खूंटी , लोहरदगा में हुआ शुभारंभ**

**पलाश ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाएं स्वयं हर्बल गुलाल की पैकेजिंग और मार्केटिंग कर रही हैं**



**रांची :** रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार सज गए हैं, और पिछले वर्ष की तरह ही झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध है। हर्बल गुलाल के विपणन को बढ़ावा देने और आम जनों में इको-फ्रेंडली होली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री अभियान की शुरूआत की गई है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए पलाश ब्रांड के अंतर्गत राज्यभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत आज रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा जिलों में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का परिचालन आरंभ किया गया।

**हर्बल गुलाल प्राकृतिक और पूरी तरह है सुरक्षित**

जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्रीमती कंचन सिंह के निदेर्शानुसार राज्य के सभी जिलों में 100 से अधिक स्टालों का संचालन दिनांक 9 से 13 मार्च 2025 तक किया जाएगा। सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रहीं है, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती।इस हर्बल गुलाल में किसी भी प्रकार के रसायन या आर्टिफिशियल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। इसे बनाने के लिए समूह की दीदियां फूल, फल और पत्तियों का इस्तेमाल कर रही हैं। हरे रंग के लिए पालक, गुलाबी के लिए चुकंदर, पीले और नारंगी रंग के लिए पलाश व हल्दी, जबकि नीले रंग के लिए सिंद्धार समेत अन्य फूलों और पत्तियों के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, गुलाल को सुगंधित बनाने के लिए प्राकृतिक एसेंस का भी समावेश किया गया है। पलाश ब्रांड के जरिए हम ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे हैं। पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। पलाश ब्रांड के माध्यम से उनके उत्पादों को एक नई पहचान मिली है, जिससे उनकी आमदनी बढ़ रही है और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा भी मिल रहा है। इस वर्ष जेएसएलपीएस द्वारा 9 मार्च से 13 मार्च तक सभी जिलों के प्रमुख केंद्रों में स्टॉल लगाए गए है, जहां ह्यपलाश हर्बल गुलालह्न के साथ-साथ पलाश रागी लड्डू, हैंडमेड चॉकलेट, कुकीज आदि उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

**रांची के प्रमुख स्थलों पर 9-13 मार्च 2025 तक पलाश होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल में हर्बल गुलाल और खाद्य उत्पादों की होगी बिक्री**

रंग-बिरंगे गुलाल पांच वैरायटी में उपलब्ध हैं। इसकी खरीदारी नजदीकी पलाश मार्ट अथवा होली स्पेशल डिस्प्ले स्टाल से की जा सकती है। इस अभियान के अंतर्गत रांची शहरी क्षेत्र में पलाश हर्बल गुलाल के स्टॉल राज्य सरकार के प्रमुख कार्यालयों–एफएफपी भवन, सचिवालय (धुर्वा), झारखंड उच्च न्यायालय परिसर–तथा प्रमुख व्यावसायिक स्थलों–रांची मॉल, न्यूक्लियस मॉल, स्प्रिंग सिटी मॉल (हिनू), डोरंडा बाजार, अटल वेंडर मार्केट, पैंटालूंस (लालपुर के समीप), रिलायंस मॉल (कांके रोड), मोराबादी मैदान एवं एजी मोड़ आदि जगहों पर संचालित किए जाएंगे। पलाश हर्बल गुलाल के साथ ही स्टॉल पर महिलाएं हैंडमेड चॉकलेट, रागी लड्डू, नमकीन जैसे शुद्ध उत्पादों की भी बिक्री कर रही हैं।

## 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए 15 सदस्यीय टीम पटना रवाना



20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप , पटना से 15 से 18 अप्रैल तक सऊदी अरबिया में आयोजित 6वीं अंडर 18 एशियन यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम का गठन किया जाएगा। जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स पदक विजेता साकेत मिंज होंगे झारखंड टीम के कप्तान

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ, पटना के संयुक्त तत्वाधान में 10 से 12 मार्च तक, पाटलिपुत्र स्पॉट्स कॉम्प्लेक्स , पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए झारखंड राज्य से 15 सदस्यीय टीम देर रात पटना के लिए रवाना हुई। सभी खिलाड़ियों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक,अध्यक्ष सी डी सिंह, सचिव एस के पांडेय ने शुभ कामना दी।

**बालक**

साकेत मिंज - 200 मीटर,400 मीटर, विक्की लोहरा- 200 मी( तीनों रांची),विशाल कुमार - 400 मी, साजिद - 110 मीटर हर्डल्स, प्रशांत कुमार, जगदीश उरांव - 5000 मीटर पैदल चाल (सभी बोकारो), हिमांशु सिंह - ऊंचीकूद (पूर्वी सिंह भूम), अफरोज अहमद - ऊंची कूद - (हजारीबाग) , विनीत उरांव - लंबी कूद - (गुमला)

**बालिका**


शिल्पा कुमारी - जेवलिन थ्रो ( गुमला), बबली कुमारी जेवलिन थ्रो ( रांची), किरनती कुमारी - 1000 मीटर (चतरा), ममता मेरी मुर्मू - 100 मीटर ( पूर्वी सिंह भूम) कोच - आशु भाटिया, मैनेजर - प्रेम कुमार

## आरोपी कार्तिक पातर ने अपने भाई श्रीकांत पातर प्रज्ञा केन्द्र संचालक के साथ मिलकर 112 लाभुकों की सम्मान राशि एक ही बैंक खाते में किया ट्रांसफर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मंईयां सम्मान योजना में फजीर्वाड़ा करनेवाले पर एफआईआर**

**सत्यापन के दौरान तमाड़ प्रखण्ड में सामने आया मामला**




**तमाड़ ।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन एवं फजीर्वाड़ा करनेवालों पर कार्रवाई जारी है। रांची जिला में सत्यापन के दौरान एक ही बैंक खाते में 112 लाभुकों की सम्मान राशि का भुगतान किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया गया है।

**प्रज्ञा केन्द्र संचालक श्रीकांत पातर के साथ मिलकर किया फजीर्वाड़ा**

तमाड़ प्रखण्ड के पंडराजी गांव के कार्तिक पातर ने प्रज्ञा केन्द्र संचालक श्रीकांत पातर के साथ मिलकर 112 आवेदकों के बैंक खाता को बदलकर सभी में एक ही बैंक खाता नंबर इनपुट कर दिया। प्रज्ञा केन्द्र संचालक कार्तिक पातर का भाई है।

**अपात्र व्यक्ति आवेदन देकर स्वयं हटायें अपना नाम नहीं तो होगी कार्रवाई - जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री**

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने अपील की है कि जो अपात्र व्यक्ति मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रहे हैं वो आवेदन देकर अपना नाम हटवा लें,, अन्यथा नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि योजना में फजीर्वाड़ा करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## एक्वा वर्ल्ड में बलम पिचकारी में होली के रंग में झूमे रांची के युवा



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, रांची में रविवार को होली की थीम पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम बलम पिचकारी का आयोजन किया गया. बड़ी संख्या में रांची के युवाओं और परिवार वालों ने इसमें हिस्सा लिया. डीजे उदय ने अपने होली की थीम के गानों, नए रीमिक्स और डांस नंबरों पर लोगों को झूमा कर रखा. इस अवसर पर इको फ्रेंडली रंगों की भी व्यवस्था की गई थी. पूरा एक्वा वर्ल्ड परिसर रंग,अबीर और गुलाल से भर गया था.लोगों की मस्ती के लिए रंगीन पानी से भरा एक ह्यकलर पूलह्न भी तैयार रखा गया था.लोगों ने न सिर्फ इसमें खुद डुबकी लगाई, बल्कि पकड़ झ पकड़ कर अपने मित्रों को भी इसमें डुबाया.इस अवसर पर ठंडई पीने और दही बड़ा खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन भी किया गया. विजेताओं को पुरस्कृत भी किया. पूरे कार्यक्रम में लोगों ने जमकर मस्ती की. कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, को चेयरपर्सन डॉक्टर विद्या झा, निदेशक लोकेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक सौरव,आनंद, प्रद्युम आदि का योगदान रहा.

## अवैध हथियार व गोली के साथ दो गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रांची :** राजधानी रांची के बीआईटी मेसरा ओपी पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर को समय करीब 3.20 बजे गुप्त सूचना के आधार पर बीआईटी मेसरा चौक स्थित नारायण टेन्ट हाउस के पीछे किराये के एक मकान में छापामारी कर देशी कट्टा एंव गोली के साथ अमरेश कुमार सिंह(20) पिता स्व० राम गोपाल सिंह व हुंबई सरना टाँड़ के पास से गौतम कुमार ठाकुर पिता संजय कुमार ठाकुर(21) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पकड़े गए दोनों आरोपी स्थाई रूप से बिहार के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी संजीव कुमार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी किसी अपराधिक घटना की योजना बना रहे थे। परंतु गुप्त सूचना प्राप्त होते ही वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए एक टीम गठित किया गया। साथ ही गश्ती दल के साथ उपरोक्त मकान को चारों ओर से घेरकर छापामारी किया गया। जिसमें उक्त मकान के कमरे से उक्त दोनों आरोपियों को हथियार के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल का नेतृत्व डीएसपी संजीव कुमार बेसरा ने किया। जिसमें सदर इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, बीआईटी मेसरा ओपी थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह,पुअनि बसंत कुमार, पुअनि अभय कुमार,सअनि अंजय कुमार,सअनि भीम सिंह (खादगढ़ा टीओपी),हवलदार सुखदेव प्रसाद मंडल,अगस्टिन बाड़ा,शत्रुघ्न कुमार, भरत कुमार महतो शामिल थे। बताया जाता है कि ये दोनों चोरी व छेड़छाड़ सहित कई कांडों के आरोपी हैं। इधर बीआईटी मेसरा इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं के साथ पिस्तौल के बल पर दुर्व्यवहार किया करते थे। इसी क्रम में 28 फरवरी को एक बायो इंजीनियरिंग की छात्रा के साथ बदतमीजी का विरोध करने पर पिस्तौल निकाल कर धमकाया था। 3 मार्च को बीआईटी मेसरा कॉलेज कैम्पस के भीतर अमरेश कुमार सिंह के द्वारा पैशन प्रो बाईक (जेएच 01 सीबी 6495) से बीआईटी कॉलेज के कर्मी सुरेश महतो को धक्का मारकर घायल कर दिया था। उक्त घटनाओं को लेकर संस्थान के कुल सचिव सुदीप दास के द्वारा बीआईटी ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पूर्व में,वर्ष 2021 में भी ये लोग चोरी के आरोप में जेल यात्रा कर चुके हैं।

## रांची में स्मार्ट मीटर का बिजली उपभोक्ताओं को करंट, 14 दिनों में भेज दिया लाखों का बिजली बिल



**रांची**-राजधानी रांची में स्मार्ट बिजली मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन गया है. कई उपभोक्ताओं को कई महीने बीत जाने के बाद भी नया बिजली बिल नहीं भेजा जा रहा है. बिजली बिल वितरण में निगम की भारी लापरवाही सामने आयी है. कोकर निवासी एक उपभोक्ता को तो लगभग साढ़े चार लाख रुपए का बिल थमा दिया गया है. एसडीओ ने जांच कर त्रुटि मिलने पर बिलों को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है.

**14 दिनों का बिजली बिल साढ़े चार लाख से अधिक**

बिजली निगम ने एक घरेलू उपभोक्ता जिनका कंज्यूमर नंबर ए12121194 , जिनका बिल नंबर 250111221936207 को महज 14 दिन का बिजली बिल 4,59,099 रुपए भेजा गया है. खास बात यह है कि पिछले महीने उपभोक्ता के बिजली बिल में यूनिट 713 खपत दिखायी गयी है. यह ताजा बिल जेनरेट किया गया है, जो किसी भी घरेलू उपभोक्ता के लिए खर्च करना असंभव है. घरेलू उपभोक्ता के लिए इतनी बड़ी राशि का बिल आना संभव नहीं है. महिला उपभोक्ता कोकर डिवीजन के तहत आरएमसीएच सब डिवीजन की कंज्यूमर है. इन्हें एनर्जी चार्जेज के तौर पर 4,44,279.32 लाख रुपए चार्ज किया गया है.

**बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

इस मामले में महिला उपभोक्ता ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये हैं और मांग की है कि ऐसी लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जाये. वहीं, शुक्रवार को भी बिल न जेनरेट होने की शिकायत को लेकर विद्युत कार्यालय में पहुंचकर कई उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले उनका विद्युत बिल हर महीने आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिल नहीं आ रहा है, जबकि सेंट्रल डिवीजन के एक उपभोक्ता ने बताया कि उनका जहां पहले करीब आठ सौ रुपये महीने का बिल आता था, इस महीने सात हजार रुपए का बिल एक साथ आया है.

## विदेश में बैठकर झारखंड में अपराधिक गिरोह चला रहे अपराधियों पर नकेल कसे राज्य सरकार - प्रतुल शाह देव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**जेलों में अभी तक 2 जी जैमर के लगे होने के कारण अपराधी जेल से साम्राज्य चला रहे हैं**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने विधि व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि वह विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों पर नकेल कसे। हाल के दिन में झारखंड के 6 - 7 जिले, जहां कोयला का प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन होता है,वहां अपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है।लेवी और एक्सटॉर्शन के चलते विदेश में बैठे अपराधी झारखंड में अपने गुर्गों से घटनाओं को अंजाम देकर दहशत पैदा करते हैं। हजारीबाग में 2 वर्ष पूर्व भी कोयला से जुड़ी एक कंपनी के जी एम की हत्या कर दी गई थी।अब एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या हुई। रांची के भीड़ भाड़ वाले इलाके में कोयला व्यापारी पर हमला होता है। उसके अतिरिक्त अपराधी अलग जिलों में कोयला साइडिंग पर लगातार गोली चला कर दहशत फैला रहे हैं।

**झारखंड में आज संगठित अपराध भी नक्सलवाद की तरह पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना**

प्रतुल ने कहा आज के दिन में संगठित अपराध पुलिस के लिए झारखंड में नक्सलवाद की तरह बड़ी समस्या बन गई है। संगठित आपराधिक गिरोह झारखंड में लगातार पैर फैला रहे हैं।अब यह नक्सलवाद की तरह पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं।प्रतुल ने कहा कि आलम ये है कि कई जिलों में कोयला कंपनी से जुड़े अधिकारी बुलेट प्रूफ वाहनों से सफर करते हैं।अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह घटना को अंजाम देने के बाद फेसबुक पर लिखकर घटना की जिम्मेवारी लेकर भविष्य के लिए चेतावनी भी देते हैं। प्रतुल ने कहा कि अगर राज्य सरकार एक सुनियोजित प्लान के तहत संगठित गिरोह का खात्मा नहीं करेगी तो झारखंड की स्थिति भयावह हो जाएगी। प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस की वेबसाइट के अनुसार अबुआ सरकार के पहले महीने में ही 5207 संज्ञेय अपराध हुए जो की चिंता का विषय है।

## रांची में कवि सम्मेलन में सुनील पाल, जानी बैरागी, शशिकांत यादव पेश करेंगे हास्य और श्रृंगार रस की कविता



**रांची।** मारवाड़ी भवन, रांची में 12 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा. इस संबंध में रविवार को समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2014 से लगातार हर वर्ष हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है. केवल कोरोना काल में वर्ष 2021 में ऐसा नहीं हो सका था. इस बार के सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि सुनील पाल, जानी बैरागी, शशिकांत यादव, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और भुवन मोहिनी को देखने सुनने का आनंद मिलेगा. हास्य, वीर तथा श्रृंगार रस की कविताओं के साथ साथ दर्शकों को हंसी के ठहाके की बौछार के अलावा तीखे वाण व्यंग्य से भी आनंदित होने का मौका मिलेगा. समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि विगत 11 वर्षों में हास्य कवि सम्मेलन में काका हाथरसी, निर्भय हाथरसी, शैल चतुवेर्दी, अशोक चक्रधर सहित कई विख्यात लेखक, कवि रांची आ चुके हैं. वर्ष 2019 में विख्यात कवि कुमार विश्वास भी इसमें शामिल होने आये थे. इस बार कार्यक्रम में 3000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गयी है. एलईडी भी दर्शकों के लिए लगाये जायेंगे. इसमें प्रवेश निःशुल्क है. आयोजन में सुरक्षा गार्ड सहित सभी जरूरी व्यवस्था रहेगी. सम्मेलन में सांसद संजय सेठ सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी रहेंगे. मौके पर सचिव अनिल कुमार अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनोद जैन के अलावा निर्भय शंकर हरित, ललित कुमार पोद्दार, पवन कुमार, मनोज बजाज सहित अन्य भी उपस्थित थे.

## झारखंड पशुचिकित्सा सेवा संघ के फिर अध्यक्ष चुने गए डॉ सेमसन संजय टोप्पो एवं महामंत्री डॉ शिवानंद कशी

**रांची।** झारखण्ड पशुचिकित्सा सेवा संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह आम सभा का आयोजन रविवार को पशुपालन निदेशालय, हेसाग रांची मे आयोजित किया गया है।आमसभा में झारखण्ड पशुचिकित्सा सेवा संघ का अध्यक्ष डॉ सेमसन संजय टोप्पो एवं महामंत्री डॉ शिवानंद कशी आम सहमति से पुनः चुने गये। मंच मे छेत्रीय निदेशक रांची डॉ रवि कपूर,छेत्रीय निदेशक दुमका डॉ विपिन महता,छेत्रीय निदेशक,उत्तरी छोटानागपुर,हजारीबाग डॉ न्यूतों तिर्की,महिला पशुचिकित्सक अध्यक्ष,डॉ निशि किरण वर्मा,सचिव,डॉ नूपूर कोयल उपस्थित थे.आम सभा मे निम्न निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया.

1.मासिक सदस्यता शुल्क ,आजीवन सदस्यता शुल्क मे विर्धी ,सभी सदस्य को खश्रअ अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत झारखण्ड पशुचिकित्सा परिषद से रिन्यूअल किया जायेगा का प्रस्ताव पारित किया गया,संघ का अपना भवन पशुपालन निदेशलय के समीप रिक्त भूमि मे बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया. अंत मे सर्व सम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी को अवधि विस्तार दिया गया.कार्यक्रम मे सभी महिला पशुचिकित्सक एवं नवनियुक्त पशुचिकत्सको का गुलाब पुष्प देकर अभिनन्दन किया गया. पशुचिकित्सको का संसोधित नियमावली अधिसूचित होने के उपरांत विभागीय पुर्नगठन का चिनिहितिकरण जल्द अधिसूचित कराने का निर्णय लिया गया । संघ के अध्यक्ष डॉ सेमसन संजय टोप्पो ने सभी सम्मानित सदस्यों को आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक रूप से संघ को सशक्त एवं सुदृढ़ कर मजबूती प्रदान करने कि अपील कि गई !कार्यकर्म मे लगभग 260 चिकित्सक भाग लिए.

भजन- कीर्तन में खूब झूमे श्रद्धालु

# श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 197 वाँ अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 197 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाप्रसाद में 101 किलोग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। आज का महाप्रसाद जमशेदपुर निवासी स्मृतिशेष श्याम सुंदर गोयल की पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नी रेणु गोयल उनके पुत्र रोहित गोयल व पुत्रवधू रितु गोयल एव समस्त गोयल के सौजन्य से किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया? गया। तत्पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी,विभोर डाला, निर्मल जालान, सज्जन पाडिया एव पूरणमल सर्राफ ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा पूरा वातावरण को कृष्णमय एवं भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज 197 वें अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन था।आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे लगभग 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ,संजय सर्राफ, विशाल जालान ,सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार, शिव भगवान अग्रवाल ,विधा देवी अग्रवाल,शोभा जालान,महेश वर्मा मनोज कुमार पंडित,चन्द्रदीप साहु,हरीश कुमार,परमेश्वर साहु, धीरज कुमार गुप्ता,अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## 14वीं राष्ट्रीय सब जूनियर चॉकबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड राज्य सब जूनियर बालिका चॉकबॉल टीम घोषित

**रांचीः** झारखण्ड राज्य चॉकबॉल संघ के द्वारा रविवार को सब जूनियर बालिका चॉकबॉल टीम की घोषणा की गई. यह टीम 21 मार्च से 23 मार्च तक साईं नगर शिरडी, जिला अहिल्यानगर, महाराष्ट्र में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय सब जूनियर चॉकबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधत्व करेगी. टीम इस प्रकार है-

**सब जूनियर बालिका चॉकबॉल टीम**

अनुष्का खलखो (कप्तान), रेखा कुमारी, सलोनी कुमारी, रानी कुमारी, कृति कुमारी, मीना कुमारी, निभा कुमारी, संध्या कुमारी, सृष्टि कुमारी, पुनम कुमारी, रिया कुमारी (सभी खिलाड़ी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बूढमु, रांची से). टीम के साथ प्रशिक्षक शुभम उरांव और मैनेजर के तौर पर अंजू कुर्रे को शामिल किया गया है.सभी खिलाड़ियों को टीम में चयन होने पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बुढमू की वार्डेन अनिमा रानी महतो, उमा कुमारी एवं शारीरिक शिक्षिका शांति कुमारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.झारखंड राज्य चॉकबॉल टीम 18 मार्च को रांची रेलवे स्टेशन से साईं नगर शिरडी, महाराष्ट्र के लिए प्रस्थान करेगी. यह जानकारी झारखंड राज्य चॉकबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता ने .

तीन पर्यवेक्षक की मौजूदगी में वोटिंग प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न.....

# प्रेस क्लब बरहरवा के अध्यक्ष बने दीपक देशमुख व सचिव अजीत शाह...

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पर्यवेक्षक रामनाथ विद्रोही, अशोक पाण्डे एवं मनोहर लाल चौहान की मौजूदगी में रविवार को आरबी पैलेस में प्रेस क्लब बरहरवा का पुनर्गठन को लेकर वोटिंग के माध्यम से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दीपक देशमुख ने अपने पक्ष में कुल 21 वोट प्राप्त कर अध्यक्ष चुने गए। वहीं अजीत कुमार शाह सचिव पद पर अपने पक्ष में 16 वोट पाकर सचिव चुने गए एवं मामलोत शेख कोषाध्यक्ष पद के लिए अपने पक्ष में 15 वोट पाकर कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं पर्यवेक्षक द्वारा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोपाल शर्मा, आनंद भगत, संजय गुप्ता, संतोष किस्पोट्टा, बैदुल आलम, मुन्ना राजा को चयनित किया गया। वहीं पूर्व कोषाध्यक्ष आनंद भगत के द्वारा अपने कार्यकाल का आय-व्यय का लेखा-जोखा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सभी ने प्रेस क्लब बरहरवा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रेस क्लब बरहरवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक देशमुख ने कहा पर्यवेक्षक के नेतृत्व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। उन्होंने कहा पत्रकार हित के प्रति मैं सदैव अपने साथियों के साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने जल्द ही बैठक के माध्यम से संगठन का विस्तार कर संगठन को मजबूती देने की बात कहा है। साथ ही उन्होंने कहा साहेबगंज उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहरवा से वार्ता कर जल्द ही प्रखंड परिसर में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ के बैठने हेतु एक प्रेस क्लब बरहरवा कार्यालय हो इस पर प्रयास किया जाएगा। मौके पर उत्तम भगत, विकास, शाहिद अनवर, परवेज, अभिजीत, अजय कुशवाहा, सोनू दास, सिराज शेख, मकसूद मलिक, मुशर्रफ, सागर , शंभू रजक सहित अन्य मौजूद थे। पूर्व अध्यक्ष दीपक आनंद कार्यक्रम में नहीं हुए शामिल। विदित हो कि बीते दिन प्रेस क्लब बरहरवा के पूर्व अध्यक्ष दीपक आनंद की अध्यक्षता बोहरा गेस्ट हाउस में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें उन्होंने सभी के सर्वसम्मति से पर्यवेक्षक के मौजूदगी में 7 मार्च तक सभी को सदस्यता फॉर्म भरने एवं 9 मार्च रविवार को चुनावी प्रक्रिया संपन्न करने की बात कहा था। वहीं पूर्व अध्यक्ष दीपक आनंद स्वयं सदस्यता फॉर्म नहीं भरा प्रेस क्लब बरहरवा के सदस्यों की सर्वसम्मति से तीनों पर्यवेक्षक द्वारा पूर्व कमेटी को विघटन कर नई कमेटी वोटिंग के माध्यम से गठित की गई।

## बाबूपुर में हो रहे तीन दिवसीय महामृत्युंजय जाप एवं रुद्राभिषेक का आज होगा समापन



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ के बाबूपुर गांव में बीते शनिवार सुबह से तीन दिवसीय महामृत्युंजय जाप एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है जिसका समापन आज सोमवार हो होगा। इस प्रोग्राम में कथावाचक के रूप में यूपी से आए हुए राकेश गौतम महाराज ने अपने मत्रों से पूरे बाबूपुर को भक्तिमय कर दिए हैं। महाराज जी अपने भक्ति का रस यूपी, बिहार, बंगाल, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, जैसे अनेक राज्यों में जाकर प्रोग्राम करते हैं और भक्त उनके कथा सुनकर आनंदित हो उठते हैं। बाबा झारखंड के तीनपहाड़ बाबूपुर में प्रोग्राम करके बहुत प्रसन्न हुए हैं वह कहते हैं कि यहां के भक्तों में भक्ति करने की बहुत लालसा देखने को मिल रहा है।

## अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**साहिबगंज।** अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मछुआ सोसाइटी हॉल में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार मौजूद थे।कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक विजय कुमार, शकुंतला सहाय,डॉ रंजन,डॉ अशोक ठाकुर,समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव,बार अशोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम तिवारी,मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।भागवत पुराण में वर्णित भक्त प्रह्लाद का नाट्य मंचन किया गया.धनबाद से पहुंचे कलाकारों ने होलिका दहन के रहस्य को नाटक के माध्यम से बताया और सच्ची व रूहानी होली मनाने से होने वाली प्राप्तियों को बताया।सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साहिबगंज मुख्य सेवाकेंद्र प्रभारी अनु दीदी ने कहा कि अलौकिक होली खेलने का मतलब है अपनी बुराइयों की होलिका जलाकर एक दूसरे को परमात्मा के संग का रंग लगाना जिससे पूरी मानव जाति का कल्याण हो जाए.स्थूल रंग और गुलाल के बजाए फूलों की होली खेली गई।मंच संचालन प्रेरक वक्ता मनीषा मंजरी ने किया.कार्यक्रम के अंत में भोग वितरण किया गया।

## कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, बरहेट, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भोगनाडीह, बरहेट, अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, वृंदावन तथा अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय बंदरकोल में वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को संध्या महाविद्यालय, साहिबगंज में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। परियोजना निदेशक, आईटीडीए,साहेबगंज संजय कुमार दास ने बताया कि इन चारों अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 327 छात्र-छात्राओं में 317 उपस्थित हुए तथा 10 अनुपस्थित थे। परीक्षा सुचारू रूप से संचालन के लिए दंडाधिकारी के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह एवं परीक्षा केंद्राधीक्षक शंभू नाथ पाठक, प्राचार्य, संध्या महाविद्यालय, साहिबगंज को प्रतिनियुक्त किया गया था।इस परीक्षा के लिए नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत तथा सहयोग के लिए श्रम अधीक्षक, साहिबगंज धीरेन्द्र कुमार महतो थे। समय-समय पर इन पदाधिकारियों के द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष से मॉनिटरिंग किया जा रहा था।उन्होंने बताया कि परीक्षाफल का प्रकाशन 23 से 25 मार्च, 2025 के बीच होगा। सफल छात्र-छात्राओं का नामांकन 10 से 20 अप्रैल, 2025 के बीच होगा। कक्षा (सत्र) प्रारंभ 1 मई, 2025 से होगा।

## बुधवारिया गांव में बाइक दुर्घटना से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल.



**साहिबगंज।** बुधवारिया से टिकरी पहाड़ जाने वाले मुख्य सड़क राजमहल थाना क्षेत्र के बुधवारिया गांव में बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल. जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग सुबह 10:00 बजे बुधवारिया गांव निवासी विवेक कुमार पिता संजय मंडल और उनके दोस्त अमर कुमार दोनो दोस्त एक बाइक पर सवार होकर टिकरी पहाड़ की ओर बहुत तेज रफ्तार से जा रहे थे इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक सड़क के नीचे जा गिरा जिससे विवेक मंडल पिता संजय मंडल को गंभीर चोटे आए। .आनन-फानन में राहगीर एवं ग्रामीणों की मदद से विवेक मंडल को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा गया. इस घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है .

## सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के तीन सदस्यीय टीम ने मॉडल कॉलेज राजमहल का निरीक्षण किया

**साहिबगंज।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा क्रय किए गए सामानों की भौतिक सत्यापन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के सी सी डी सी डॉ सत्तार अंसारी , वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा, कोऑर्डिनेटर डॉ राजीव करकट्टा उपस्थित थे।डॉ रणजीत कुमार सिंह प्राचार्यसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका टीम मॉडल कॉलेज राजमहल का निरीक्षण किया विश्वविद्यालय द्वारा क्रय किए गए सामानों की भौतिक सत्यापन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के सी सी डी सी डॉ सत्तार अंसारी , वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा कोऑर्डिनेटर डॉ राजीव करकट्टा उपस्थित थे।डॉ रणजीत कुमार सिंह प्राचार्य ने बताया कि सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के द्वारा मॉडल कॉलेज राजमहल में कंप्यूटर लैब , 18 कमरे में डेस्क बेंच , इंटरैक्टिव डिस्प्ले बोर्ड, ग्रीन बोर्ड कुर्सी टेबल प्रिंटर व विभिन्न तरह के फर्नीचर लगाया गया है। छात्र छात्राओं के पठन पाठक अन्य सुविधा के अनुरूप पे जल पुस्तकालय , प्रयोगशाला , सेमिनार हॉल , कॉन्फ्रेंस हॉल आदि में फर्नीचर लगाया गया है।उसके साथ भौतिक सत्यापन के लिए तीन सदस्य टीम में निरीक्षण किया एवं उसके क्वालिटी और संख्या का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ रमजान अली डॉ अमित कुमार डॉ अरविंद पांडे कर्मी सुमित कुमार साह प्रकाश महतो बबलू हेंब्रम श्याम लाल उरांव आदि उपस्थित।

## मिजाचौकी में होली स्नेह मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**मंडरो/साहिबगंज।** मिजाचौकी में प्रगति महिला मंडल के द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व गायत्री परिवार की प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल के द्वारा किया गया। मौके पर सभी महिलाओं ने एक दूसरे के चेहरे पर अबीर और गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी इसके साथ ही सभी महिलाएं होली की पारंपरिक गीतों पर जमकर भूमि इस दौरान महिलाओं द्वारा होली के मनभावन गीतों की प्रस्तुति की गई । वही प्रखंड समन्वयक सुप्रिया बरनवाल ने कहा की होली का त्योहार हम सभी को प्रेम और एकता के सूत्र में बंधे रहने का संदेश देता है। इस त्योहार में भेदभाव भूल कर एक दूसरे से गले लगाते हैं। होली नाग मिलन समारोह के दौरान महिलाओं में खुशी का माहौल देखा गया। मौके पर यूसी देवी ,रीना देवी ज्वाला देवी ,सुजाता देवी, सुनीता वर्णवाल ,खुशबू देवी, सीमा देवी ,ललिता देवी, मालती देवी उज्ज्वला देवी ,प्रियंका देवी, हर्षिका श्री ज्योति कुमारी ,मीना देवी समेत अन्य महिलाएं शामिल थीं।

## रामनवमी पूजा समिति ने, पूजा एवं अखाड़ा जुलूस को लेकर की बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**कोटालपोखर/साहिबगंज।** आगाम ी 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली रामनवमी पूजा और अखाड़ा जुलूस की तैयारियों को लेकर शनिवार देर शाम श्री श्री बजरंगबली पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार साह ने की, जिसमें समिति के सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों तथा समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में रामनवमी पूजा और अखाड़ा जुलूस को धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से अखाड़ा निकला जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजीत साह और वरिष्ठ पत्रकार अनंत तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में पूजा समिति के सचिव दिवाकर साह, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, सह सचिव शंकर साह, पूजा प्रभारी पंकज गुप्ता, साथ ही सक्रिय सदस्य सुनील गुप्ता, राजीव गुप्ता, ऋषभ सिंह, प्रीतम साह, निखिल सिंह, विष्णु केशरी, राज कुमार सिंह, राकेश साह, शुभम साह, संजय साह आदि ने भाग लिया। सभी सदस्यों ने रामनवमी पर्व को भव्य रूप से मनाने और अखाड़ा जुलूस को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए अपनी राय रखी। बैठक में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, अनुशासन और अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से शांति, सौहार्द और धार्मिक उत्साह के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि वे मिलजुलकर इस पर्व को मनाएं और सभी संबंधों में सौहार्द बनाए रखें।

## एसपी ने की अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक, दिए कई दिशा निर्देश



**साहिबगंज।** जैप-09 परिसर स्थित सभागार में रविवार को पुलिस विभाग की अपराध नियंत्रण गोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण के लिए टिप्स दिए और होली व रमजान के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने असमाजिक तत्वों की पहचान कर शांति और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, बाइक व घरों में चोरी रोकने, रात्रि गश्ती पर ध्यान केंद्रित करने और संदिग्ध लोगों की जांच करने पर जोर दिया। उन्होंने चौक-चौराहों पर बेवजह खड़े लोगों और मटरगश्ती करने वालों से सख्ती से निपटने की बात कही।इसके साथ ही, उन्होंने हर गली-मोहल्ले में पेट्रोलिंग करने, चोरी के मामलों में संलिप्त लोगों पर नजर रखने, लंबित मामलों के अनुसंधान को जल्द पूरा करने, लाल वारंटियों की गिरफ्तारी और अवैध कारोबार पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।एसपी ने कहा कि पुलिस योजनाबद्ध तरीके से अपराध नियंत्रण पर काम करेगी और किसी भी स्थिति में अपराधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिले में सौहार्द और शांति बनाए रखने की बात कही और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।इस बैठक में डीएसपी विजय कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ सहित सभी थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर भी उपस्थित थे।


# मोतीपहाड़ी व चासगामा पंचायत में मनरेगा मजदूरों के नाम पर रोजगार सेवक द्वारा किया जा रहा है धांधली

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** बोरियो प्रखंड के मोतीपहाड़ी व चासगामा पंचायत में मनरेगा मजदूरों के नाम पर रोजगार सेवकों द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली किया जा रहा है। इन दोनों पंचायतों में मनरेगा योजनाओं में मजदूरों की संख्या बहुत ही अधिक है, क्योंकि इन दोनों पंचायतों के कई बेटियां मनरेगा मजदूर के तौर पर सरकारी आंकड़ों में कार्य करती है, लेकिन गांव की बेटियां शादी के बाद से ही ससुराल चली गई है। कई ऐसे मनरेगा मजदूर हैं, जो दूसरे राज्य या प्रदेश में मजदूरी के लिए चले गए हैं लेकिन मनरेगा मजदूरी का भूगतान उन्हें भी रोजगार सेवकों के माध्यम से किया जाता है। कई ऐसे भी मनरेगा मजदूर हैं जो या तो छात्र हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के उद्देश्य से अन्य शहरों में रहते हैं, लेकिन उनके नाम पर भी मनरेगा मजदूरी का भूगतान रोजगार सेवकों के माध्यम से करवा दिया जाता है, बदले में रोजगार सेवकों को भारी कमाई (कमीशन) ईनाम के रुप में बिचौलियों द्वारा दिया जाता है। और इसी कमीशनखोरी के चक्कर में मनरेगा मजदूरों के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है। मनरेगा मजदूरों के नाम पर फर्जी निकासी का खेल बदस्तूर जारी है। मनरेगा में होने वाले मिट्टी वर्क में प्रति चौका के हिसाब से अन्य मजदूरों को ठेका दिया जाता है, लेकिन मजदूरी व्यय की निकासी मनरेगा मजदूरी दर के हिसाब से की जाती है। मनरेगा के इस खेल में रोजगार सेवक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसके बाद, पंचायत सचिवों, जेई, एई, व अन्य मनरेगा कर्मियों की भूमिका होती है। मनरेगा योजनाओं का काम करने वाले बिचौलियों को योजना राशि की 35 से 40 प्रतिशत कमीशन के रुप में बांटना पड़ता है। मोतीपहाड़ी में हो चुकी है आवास योजनाओं में धांधली.. लेकिन रोजगार सेवक ने नहीं दिया ध्यान। पंचायत मोतीपहाड़ी के वर्तमान रोजगार सेवक पिछ्ले कई वर्षों से इसी पंचायत में जमे हैं, लेकिन इसे किसी अन्य पंचायत में ट्रांसफर नहीं किया गया है। जबकि बोरियो प्रखंड के लगभग सभी रोजगार सेवकों को कुछ महीनों पहले दूसरे पंचायतों में ट्रांसफर किया गया था। लेकिन मोतीपहाड़ी के रोजगार सेवक इसी पंचायत में जमे रहे। जबकि इस पंचायत में कई ऐसे मामले हैं, जहां पीएम आवास व अन्य आवासीय योजनाओं में लाभुकों के द्वारा बिचौलियों ने राशि की निकासी तो करवा लिया, लेकिन आवास निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया गया। कई ऐसे आदिवासी व आदिम जनजाति पहाड़िया परिवार हैं जिनके आवास योजना की राशि की निकासी तो करवा ली गई लेकिन आवास कभी बना ही नहीं। भलसुंधिया, गाड़े माकू, पोडैया, बांस पहाड़, मोतीपहाड़ी सहित कई ऐसे गांव हैं जहां के लाभुकों को बहला फुसलाकर आवास योजना की राशि निकाल लिया गया लेकिन घर नहीं बन सका। कई ऐसे भी घर हैं जो आज भी अधूरा है। जबकि रोजगार सेवक को इसी की जिम्मेवारी दी गई है कि आवास योजना या मनरेगा योजनाओं के कार्य खुद निष्पादित करवाएं, क्योंकि आवास योजनाओं में भी लाभुकों के जॉब कार्ड बनाए जाते हैं। लेकिन बिचौलियों के साथ सांठ गांठ रहने के कारण आंख मूंद लिया जाता है और सरकार द्वारा गरीबों को मुहैया कराई जाने वाली योजनाओं की राशि को हड़पने दिया जाता है, ताकि रोजगार सेवकों की कमीशन बनती रहे। मनरेगा में होने वाले सामाजिक अंकेक्षण के दौरान भी योजनाओं में किए गए धांधली, हेर फेर या घपले को उजागर होने से इन्हीं मनरेगा कर्मियों के द्वारा रोक दिया जाता है।

## तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के खैरबनी मोड़ में दामाद ने ससुर को गोली मार किया घायल



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लोगाई गांव निवासी सुबोल लोहार की उसके ही दामाद ने गोली मार कर घायल कर दिया है।मिली जानकारी के अनुसार सुबोल लोहार का दामाद गंगा राम दास जो थाना क्षेत्र के लोगाई गांव का निवासी है।जानकारी के अनुसार ससुर दामाद के बीच किसी बात को लेकर बीते कई महीनों से विवाद चल रहा था,जिसको लेकर रविवार की शाम आरोपी गंगा राम दास ने खेरबन्नी मोड तीनपहाड़ राजमहल मुख्य मार्ग पर हटिया से लौट रहे अपने ससुर सुबोल लोहार को पीछे से गोली मार दी इसी बीच गोली की आवाज सुन आसपास के ग्रामीणों ने आरोपी को धर दबोचा।वही घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी गुलशन गौरव घटना स्थल पहुंच आरोपी युवक को कब्जे में लेकर घायल सुबोल लोहार को आनन फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया।वही खबर भेजे जाने तक तीनपहाड़ थाना प्रभारी गुलशन गौरव घटनास्थल पर मौजूद रह कर मामले की जांच में जुटे थे।

# ज्योतिर्मयी साहा, यातायात निरीक्षक का स्थानांतरण पर विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** यातायात निरीक्षक (प्रतीवीक्षक) पूर्व रेलवे पाकुड़ के पद पर स्थापित ज्योतिर्मयी साहा का स्थानांतरण हावड़ा हो गया है। इस अवसर पर पाकुड़ के समस्त रेल परिवार के द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित डॉरमेट्री में स्थानांतरित यातायात निरीक्षक (प्रतीवीक्षक)को भावपूर्ण विदाई दिया।इस दौरान सैकड़ो की संख्या में रेल कर्मचारीगण मौजूद रहे। साहा दा के विदाई-सह-समारोह में सभी रेल कर्मचारी भावुक हुए,सभी की आंखें नम थी।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेंब्रम ने किया। विदाई-सह-सम्मान समारोह में सभी रेल कर्मचारी ने अंग वस्त्र व शॉल देकर माल्यार्पण कर उनको सम्मानित किया।उपस्थित के सभी रेलवे कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यातायात निरीक्षक प्रतिवीक्षक,प्रवीण कुमार,यातायात निरीक्षक कोल नितीश कुमार,सहायक अभियंता प्रभाकांत पाठक,ईआरएमयू के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे सचिव संजय कुमार ओझा,मोहृ कलीम अंसारी,पिंटू लाल पटेल,रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक कुलदीप कुमार,वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सुमन कुमार,वरिष्ठ अनुभाग अभियंता टीआरडी अविनाश कुमार,वरिष्ठ अनुभाग अभियंता विद्युत राजू कुमार,वाणिज्य पर्यवेक्षक सिकंदर मंडल,अनुभाग अभियंता संकेत रणधीर कुमार, स्टेशन प्रबंधक के विशेष कार्य पदाधिकारी संतोष कुमार ठाकुर,ईजरप्पा के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव राणा शुक्ला, प्रभाकर चौधरी आदि मौजूद थे। विदाई-सह-सम्मान समारोह में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे सचिव संजय कुमार ओझा सहित सभी रेल कर्मियो ने साहा को शाल ओढ़ाकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर माल्यार्पण किया और फूल मालाओं से लाद दिया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेंब्रम ने साहा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यों व क्रियाकलाप एवं उनके व्यक्तित्व के विषय में बखान करना कतई संभव नहीं है,क्योंकि पाकुड़ में सहायक स्टेशन प्रबंधक के रूप में 1995 में पदस्थापन के उपरांत इतने वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने रेल सेवा में कई नए कीर्तिमान स्थापित किया है।कई बार उन्हें पूर्व रेलवे के द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सराहा गया एवं सम्मानित भी किया गया।इनका स्थानांतरण होना न केवल रेलवे अपितु हम रेल कर्मचारियों के लिए अपुर्णिय क्षति है।साहा जी जहां भी रहे स्वस्थ रहें,दिघार्यु हो हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वर से करते हैं।

इस मौके पर यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण अनिवार्य है। पर मैंने रेलवे के द्वारा दिए गए विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर्मठता और ईमानदारी पूर्वक किया है।मुझे यहां के रेल कर्मियों के तथा रेलवे के हर काम को आगे बढ़ाने में सतत प्रयत्नशील रहा। मैं सहायक स्टेशन प्रबंधक पाकुड़ के पद पर रामपुरहाट से स्थानांतरित होकर पाकुड़ आया था और देखते ही देखते इतने वर्ष कैसे बीत गए पता ही नहीं चला जैसे कल की बात हो यह कहते ही उनके आंखें डबडबा गई।आप सभी का जो सहयोग मुझे मिला है मेरे दिल में है वह अमिट छाप है जो कभी मिट नहीं सकता है। मैं आपका सदैव आभारी रहूंगा और तहे दिल से आपका आभार प्रकट करता हूं।साहा दा के सम्मान में लखीराम हेंब्रम,प्रवीण कुमार अखिलेश कुमार चौबे संजय कुमार ओझा आदि ने अपने-अपने विचारों को रखा कार्यक्रम का संचालन कुमार विकास ने किया और धन्यवाद ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक के विशेष कार्य पदाधिकारी संतोष कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में गौतम कुमार पांडेय, प्रीतम कुमार मंडल, अजय माल ओंकारनाथ ओझा, अमित कुमार, आनंद मोहन, अशोक कुमार, मनोज कुमार यादव सहित दर्जनों रेलवे के पदाधिकारी व कर्मचारीगण मौजुद थे।

# विधायक ने किया वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ



**झारखंड उजाला, संवाददाता पलामू।**

**हुसैनाबाद, पलामू:** शहर के मुख्य बाजार स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के समीप वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का रविवार को शुभारंभ हुआ. इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जेएनवी के प्रिंसिपल ए. रूमी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया, मौके पर विधायक संजय यादव ने कहा की हुसैनाबाद शहर हर क्षेत्र में काफी तेजी से विकसित हो रहा है, प्ले स्कूल में बच्चों में भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक विकास होगा, साथ ही शैक्षणिक ज्ञान भी बढ़ेगा, मौके पर स्कूल के निदेशक अंकित कश्यप ने बताया की वात्सल्य किड्स स्कूल देश का सबसे बड़ा प्री चैन ग्रुप है जो कई शहरों में कार्य कर रहा है. यहां बच्चों के शिक्षण सामग्री के साथ खेल की भी शिक्षा दी जायेगी, स्कूल आने जाने के लिए सुरिक्षत वाहन भी उपलब्ध है। मौके पर समाजसेवी अशोक कश्यप, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, प्रो, संजय कुमार सिंह प्रो अरविंद कुमार सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह यादव, बिट्टू कश्यप, विजय गुप्ता, राजेश सिंह, समेत कई लोगों मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन

**कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल्याणेश्वरी तसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (के टी एम पी एल) के कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) विभाग द्वारा उड़ान - कौशल और उद्यमिता विकास केंद्र की 80 गरीब महिला प्रशिक्षुओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अब वे स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु इस कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु अतिरिक्त समय दे रही हैं। कार्यक्रम में (केटीएम पी एल) द्वारा महिलाओं के लिये कई मनोरंजक व खेल प्रतियोगिता रखा गया , जिसमें मोमबत्ती जलाना, टोकरी में गेंद फेंकना, हांडी फोड़, संगीत के साथ गेंद पास करना, प्रश्नोत्तरी व विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रमुख था। प्रशिक्षक द्वय वर्षा मंडल तथा निकी कुमारी ने महिला दिवस के विषय पर अपने बहुत ही महत्वपूर्ण विचार रखे । सिंदरी केंद्रीय खेल संघ से जुड़ी राष्ट्रीय बास्केट बॉल खिलाड़ी कृति तिवारी, रोहड़ा बांध स्कूल की प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका बसंती देवी, सिंदरी वार्ड क्रमांक 53 की सदस्य चंपा देवी और सिंदरी वार्ड क्रमांक 54 की सदस्य सुमित्रा देवी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थी । बसंती देवी ने बताया कि कैसे उन्होंने दिव्यांग होने के बावजूद अपनी शिक्षा पूरी की और प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका के रूप में शासकीय नौकरी प्राप्त की। कृति तिवारी ने बताया कि जब उन्होंने खेल के क्षेत्र को कैरियर के रूप में चुना तब लोगों ने उनकी आलोचना की। उक्त कार्यक्रम में कल्याणेश्वरी तसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक टी. रमेश एवम अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# दोनों धर्मावलम्बी एक दूसरे की भावनाओं का करें सम्मान : पुलीस निरीक्षक



**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**

**छतरपुर:** सामाजिक समरसता के त्योहार होली और माह ए रमाजान के त्योहार को शांति पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर छतरपुर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हो गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम ने किया। त्योहारों को लेकर उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों का मन्तव्य लिया और आग्रह किया कि आनेवाला त्योहार समाज के लिए मिसाल बने। सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता ने कहा कि युवा दुर्घटनाओं में जान गंवा रहे हैं। त्योहारों के मौके पर ड्रंक एन्ड ड्राइव पर लगाम लगे और होली में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु एहतियात बरतने पर बल दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस पदाधिकारियों में पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, एसआई अनिल कुमार, महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, राहुल कुमार, सुशील मिंज, राजीव कुमार, संजय सिंह, अशोक टोप्पो, राजेश बैठा, देवदत्त राम वहीं सामाजिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों में मुख्य रूप से मुखिया हरेंद्र सिंह, सुदामा पासवान, समाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून, खालिद अंसारी, नौखेज खान, गुड्डू अंसारी, प्रमोद यादव, रॉकी, रितेश, अंकित, सोनू, रिशु सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सक्सेस स्टोरी : स्ट्रॉबेरी की खेती से बरमसिया गांव के किसान को लाखों में हो रहा मुनाफा

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** कहते है जज्बे के आगे बड़ी से बड़ी मुश्किल बौनी साबित हो जाती है। पाकुड़ जिला अंतर्गत हिरणपुर प्रखंड के बरमसिया गांव के किसान कोरोलिना टुडु ने स्ट्रॉबेरी की खेती में अच्छा मुनाफा कमा रही है। वे आज अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं। अब उनकी उगाई गई स्ट्रॉबेरी की मांग जिले में भी हो रही है। किसान कोरोलिना टुडु ने अपनी लगभग 1 एकड़ जमीन में स्ट्रॉबेरी की खेती कर अबतक 1 लाख रुपये की कमाई की हैं। इससे प्रेरित होकर इस इलाके के अन्य किसानों ने स्ट्रॉबेरी की खेती करने की ठान ली है। किसान कोरोलिना टुडु पहले आर्थिक तंगी से जूझ रही थी। इस दौरान कोरोलिना टुडु स्ट्रॉबेरी की खेती करने की सोची। उद्यान विभाग के द्वारा स्ट्रॉबेरी का पौधा उपलब्ध कराया गया। उद्यान विभाग द्वारा दिये गये मार्गदर्शन में प्लास्टिक मल्चिंग एवं ड्रिप व्यवस्था प्राप्त कर लगभग 1 एकड़ भूमि में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की। अभी प्रतिदिन लगभग औसत लगभग 3 से 4 के०जी० बेचने के उपरांत अबतक लगभग 1लाख रुपया मुनाफा कमा चुकी हैं। किसान कोरोलिना टुडू ने बताया कि ऑफ सीजन में घर में रोजगार का साधन नहीं होने के कारण रोजगार की तलाश में ग्राम से पलायन कर मजदूरी का काम अपने एवं परिवार भरण पोषण के लिए करती थी। वे बताते हैं कि स्ट्रॉबेरी की खेती से आमदनी दोगुनी हो रही है। दूसरे किसानों को स्ट्रॉबेरी की खेती करने की सलाह भी दे रही हैं।

**किसानों की आय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने की ओर से जिले में कार्य किए जा रहे हैं : डीसी**

उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि उद्यान विकास योजना के अंतर्गत किसानों की आय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने की ओर से जिले में कार्य किए जा रहे है। जहां किसानों को प्रशिक्षण के साथ-साथ 50 प्रतिशत की अनुदान भी दी जाती है। उद्यान विभाग की ओर खासकर उन्नत कृषि स्ट्रॉबेरी की खेती कराई जा रही है। उद्यान विकास योजना की सफलता निश्चित रूप से गौरव की बात है। उपायुक्त ने कोरोलिना टुडु और उनके परिवार का आभार व्यक्त किया। ये अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई है।

# 19 वर्षीय युवती का कत्ल, फुटबॉल मैदान से बरामद हुआ शव



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** ( हिरणपुर) रविवार को असंजोला फुटबॉल मैदान के पास एक युवती के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. युवती के शरीर के कई हिस्सों में चाकू के निशान मिले वहीं गले पर भी चाकू का वार देखा गया. जैसे ही खबर आसपास में फैली आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई. यूवती की पहचान हिरणपुर थाना क्षेत्र के केंदुआ पंचायत के आसनजोला गांव की सनोती मरांडी उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है. स्थानीय थाना को सूचना मिलते ही थाना के पदस्थापित एस आई गौरी शंकर पुलिस के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी. तत्पश्चात शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया. वही हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है हत्या किस कारण से हुआ है पता लगाया जा रहा है. वही इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश भी देखा गया. फिलहाल पुलिस कत्ल की गुत्थी को सुलझाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत दिख रहे हैं.

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल विरासत सम्मेलन आयोजित की गई

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय की अध्यक्षता में पाकुड़ के हाटपाड़ा स्थित अपर्णा मार्केट कांप्लेक्स में झारखंड निमार्ता 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर ₹अटल विरासत सम्मेलन₹ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद जी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद जी ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में ही झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिला। अटल जी ने लोकसभा चुनाव के दौरान वादा किया था कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलेगा और उन्होंने अपना वादा पूरा किया। अगर अटल जी नहीं होते, तो कांग्रेस झारखंड को अलग राज्य नहीं बनने देती और झारखंड अस्तित्व में नहीं आता।अटल जी ने देश को स्थिरता और सुशासन का माडल दिया और भारत को नव विकास की गारंटी दी. वह ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव आज तक अटल है. वह भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे. उनकी सरकार ने देश को आइटी और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया. उनके शासनकाल में ही तकनीक को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया गया.जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अंत्योदय योजना और स्वर्णिम चतुर्भुज जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स से देश को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर दिया। उन्होंने समाज के हर वर्ग, खासकर गरीबों, वंचितों और अनुसूचित जाति-जनजातियों को उनका अधिकार दिलाने का काम किया। उनका छह दशक का सार्वजनिक जीवन निष्कलंक रहा। जब विदेश मंत्री बनने के बाद जब संयुक्त राष्ट्र में भाषण देने का अवसर आया, तो भारत रत्न अटल जी ने हिंदी में अपनी बात कही. उन्होंने भारत की विरासत को विश्व पटल पर रखा. उन्होंने भाजपा की नींव तब रखी, जब कांग्रेस का विकल्प बनना आसान नहीं था.

इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह,जिला महामंत्री रूपेश कुमार भगत, जिला महामंत्री सरिता मुर्मू,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सम्पा साहा,पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शबरी पाल,हिसाबी राय, सपन दुबे,वरिष्ठ नेता अजीत रविदास, शमीर्ला रजक, सुकुमार मंडल, धनेश्वर साह, मनोरंजन सरकार, सुशांत घोष,पार्वती देवी, मनोरमा देवी, सुशील साह, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# मध्यस्थता शिविर में कई मामले हुए निष्पादित




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चतरा सचिव के निर्देश पर वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में रविवार को कई मामलों का निष्पादन सुलह के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से किया गया। इस शिविर में जानकारी देते हुए पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के कंचनपुर, करमा, कांगुरवा, आदि से आए ग्रामीणों ने अपना - अपना पक्ष रखा सभी पक्षों के बातों को सुनने के बाद ग्रामीणों ने मध्यस्थता निष्पादन सुलह के आधार पर कराने की अपील की तथा इसके लिए मध्यस्थों को बधाई दी। इसमें भूमि विवाद, पेड़ काटने का विवाद, घरेलू विवाद आदि मामले को निष्पादित किये गए है। मध्यस्थता शिविर को सफल बनाने में वशिष्ठ नगर थाना सब इंस्पेक्टर छोटा राम ने मध्यस्थता में आए सभी पक्षकारों को समझा-बुझा कर समझौता के लिए राजी किए।

# पीएम सूर्य घर योजना -300 यूनिट बिजली फ्री एवं 78000 की सब्सिडी

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**




**सिंदरी/ धनबाद।** सरकार द्वारा बिजली के बढ़ते बिल से परेशान घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध करवाना एवं बिजली उत्पादन में स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देना उद्देश्य के साथ ₹पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना₹ शुरू की गई है। इससे सरकार को जहां बिजली उत्पादन में होने वाले खर्च में कमी आएगी वहीं सोलर पैनल द्वारा बिजली उत्पादन से पर्यावरण में प्रदूषण नहीं होगा। शनिवार को सिंदरी गौशाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीप स्थित झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड( जेबीवीएनएल )विद्युत सब स्टेशन परिसर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन में सहायक विद्युत अभियंता सिंदरी गोविंद जायसवाल , डिगावाडीह सहायक विद्युत अभियंता घनश्याम कुमार के नेतृत्व में आयोजित कैंप में नोडल एजेंसी के प्रोजेक्ट इंजीनियर वरुण कुमार एवं टाटा कंपनी के वेंडर मैसेस आशीष सोलर सॉल्यूशन से प्रवीण कुमार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को सरकारी योजना से लाभ की जानकारी दी गई।

**योजना की शुरूआत कब हुई थी**

13 फरवरी 2024 को इस योजना की शुरूआत हुई थी।

**योजना के प्रकार**

1) ऑन ग्रिड कनेक्शन
2) हाइब्रिड कनेक्शन

ऑन ग्रिड कनेक्शन में जेबीवीएनएल विद्युत एवं सोलर पैनल की जरूरत होती है, वहीं हाइब्रिड कनेक्शन में जीबीवीएनएल विद्युत सोलर पैनल साथ बैटरी की जरूरत होती है। सरकार सिर्फ ऑन ग्रिड विद्युत कनेक्शन के उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने में सब्सिडी देती है।

**सोलर पैनल लगाने पर सरकार की तरफ से सब्सिडी**

योजना के तहत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगवाने पर केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी मिल रही है। 1 किलो वाट पर 30000 रुपए, 2 किलो वाट पर रु 60000 एवं 3 किलो वाट प्रणाली या उससे अधिक के लिए 78000 की केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान होती है । इसके अलावा 3 किलोवाट तक की आवासीय रूफटॉप सोलर प्रणालियों की स्थापना के लिए कम ब्याज ऋण 7% बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। पंजीकरण, आवेदन, अनुमोदन और सब्सिडी के लिए 100% ऑनलाइन प्रक्रिया है।

## विद्युत उपभोक्ता को प्रतिमाह बचत

इस योजना के तहत प्रतिमाह 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलती है। घरों में बिजली के बिल बचाने के साथ-साथ डिस्काम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से उपभोक्ता अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। शिविर में दीपक प्रमाणिक, लोकेश बनर्जी,संजय महतो, उमेश सोरेन, राजू कुमार ,रोहन सिंह का योगदान रहा।

# एसडीपीआई झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**मोदी सरकार वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है: हंजेला शेख प्रदेश अध्यक्ष**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** एसडीपीआई झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रदेश कार्यालय बल्लभपुर में प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मो0 हंजेला शेख की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें प्रदेश प्रभारी एन यू सलाम साहब तथा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। मीटिंग में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी की हिरासत की कड़ी आलोचना करते हुए केंद्र सरकार से रिहा करने की मांग की। साथ ही 23 मार्च को ईडी द्वारा झारखंड समेत देश के कई हिस्सों में एसडीपीआई के कार्यालयों में छापेमारी की निंदा करते हुए इसे मोदी सरकार की नफरत की राजनीति का हिस्सा बताया। यह भी कहा गया कि₹लोकतंत्र में इस तरह की अचानक छापेमारी की कोई जगह नहीं है।₹प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मो0 हंजेला शेख ने बताया कि मोदी सरकार वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार की कोई भी धमकी एसडीपीआई के संवैधानिक संघर्ष में बाधा नहीं बन सकती। इसके बजाय, पार्टी अपनी कानूनी और राजनीतिक लड़ाई को और भी अधिक दृढ़ संकल्प और दृढ़ता के साथ जारी रखेगी।मो० हंजेला शेख ने जोर देते हुए कहा कि एसडीपीआई अपनी गतिविधियों को दबाने के प्रयासों से हतोत्साहित नहीं होगी। ₹हम इस राजनीतिक साजिश का कानूनी और संवैधानिक रूप से सामना करेंगे। एक राजनीतिक पार्टी के रूप में, हमारे संचालन पारदर्शी हैं और कानून के पूर्ण अनुपालन में हैं, और हम कानून के, प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा किसी भी जांच में पूरा सहयोग करेंग।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है: उपायुक्त

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**




**हजारीबाग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपयुक्त श्रीमती नैंसी सहाय शामिल हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है। हर सफल महिला के पीछे उसकी मेहनत संघर्ष और आत्मविश्वास होता है सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण करती है महिलाएं किसी से कम नहीं वह अपने बलबूते इतिहास रचने की क्षमता रखती है। आज अंतर्राष्ट्रीय 8 मार्च को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने प्रोजेक्ट जागृति के बारे में सभी महिलाओं से जानकारी साझा की उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट जागृति बच्चियों के शिक्षण उत्थान के लिए कार्य कर रही है। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है इसके रोकथाम के प्रयास प्रोजेक्ट जागृति के माध्यम से किये जा रहे हैं, यह प्रोजेक्ट महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। कुछ महिलाओं और बच्चियों ने ग्रामीण स्तर पर अच्छा कार्य किया है। प्रोजेक्ट जागृति ग्रामीण स्तर पर बच्चियों के ड्रॉप आउट या अन्य समस्याओं पर भी कार्य कर रही है,बच्चियों को बेहतर जीवन मिल सके इस पर भी अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि परिवार में रह रही महिलाएं अगर कुछ करना चाहती हैं तो उन्हें सपोर्ट करें। महिलाएं अपना आत्मविश्वास और सम्मान बनाए रखें। उपायुक्त ने पुनः सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन योजनाओं की दी गई जानकारी**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को पीएम मातृत्व वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,सुकन्या समृद्धि योजना व अन्य सरकार द्वारा महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

**वित्तीय वर्ष 2024/25 में राज्य विधवा पुनर्विवाह योजना अंतर्गत स्वीकृत लाभुकों को उपायुक्त के हाथों दिया गया चेक**

वित्तीय वर्ष 2025 24 25 में राज्य विधवा पुनर्विवाह योजना अंतर्गत स्वीकृत लाभुकों को इस कार्यक्रम के माध्यम से दो-दो लाख रुपए का चेक दिया गया। जिसमें बड़कागांव लंगातू ग्राम की निवासी सावित्री कुमारी, डाड़ी प्रखंड के गीद्दी (ए) निवासी प्रीति कुमारी,चौपारण के वृंदा पंचायत की प्रीति कुमारी, हजारीबाग ग्रामीण के दारू पंचायत की मधु कुमारी एवं बरही प्रखंड के बरही पश्चिमी निवासी निजहत नाजनीन को उपायुक्त के हाथों दो दो लाख रुपया का चेक वितरित किया गया।

**जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं को उपायुक्त के हाथों किया गया सम्मानित**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय,हजारीबाग के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत 29 सेविकाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। 30 बालिका विद्यालयों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं 7500 सैनिटरी पैड का किया गया वितरण।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिकाओं के लिए संचालित विद्यालय/आवासीय विद्यालयों में सेनेटरी नैपिंग नैपकिन वेंडिंग मशीन की अधिष्ठापन की स्वीकृति उपायुक्त ने पूर्व में दी थी, जिसे आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय द्वारा चयनित विद्यालयों को सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं 7500 सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। इस कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारीमां देव प्रिया, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, सामान्य शाखा पदाधिकारी सना उस्मानी, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार एवं जिला कोषागार पदाधिकारी उज्जवल चौरसिया मौजूद रहे।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि 7500 रुपए खटाखट मिलने से महिलाओं में हर्षो व उल्लास का माहौल

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो वादा किया उसे पूरा किया, हमारे त्यौहार में मुख्यमंत्री ने हमें तोहफा दिया है : लाभुक महिलाएं**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को होली और रमजान के मौके पर बड़ी सौगात मिली है. इस त्यौहार के मौके पर तीन माह की राशि 7500 रुपए एक मुश्त कई महिलाओं के खाते में क्रेडिट हो चुका है. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों के सीएसपी मैं पैसा निकासी के लिए काफी संख्या में भीड़ देखी गई. महिलाओं में खासा उत्साह भी देखा गया. मैया सम्मान योजना मिलने से लाभुक महिला ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो वादा किया था उसे वादे को कायम रखते हुए उन्होंने पूरा किया. जिससे हम लोग काफी खुश हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हम महिलाओं को सम्मान देने का काम किया. बताते चले कि अभी होली भी है और रमजान महीना भी चल रहा है कुछ दिनों के बाद ईद भी आने वाली है. इस त्यौहार के मौके पर मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रही है. कई महिलाओं ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हम महिलाओं को ईद की ईदी दी है. बताते चलें कि झारखंड सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं उनमें से सबसे ज्यादा चर्चित योजना मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना है. जिस पर भरोसा जताते हुए महिलाओं ने जमकर महागठबंधन के उम्मीदवारों को वोट किया और हेमंत सरकार को दोबारा सत्ता में काबिज किया.

## प्रमंडलीय आयुक्त ने किया सदर अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबागः** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार के द्वारा आज सदर अंचल एवं सदर प्रखंड का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सर्वप्रथम अंचल कार्यालय के कार्यों की जांच की। जिसमें भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से आए पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक, आवंटन पंजी एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। आयुक्त महोदय ने अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा कर कुछ सुधार की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ससमय और प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचे। आयुक्त श्री कुमार ने प्रखंड कार्यालय में कार्यालय कार्यों का जायजा लेते हुए रोकड़ पंजी, आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक, सैरात पंजी एवं बंदोबस्त पंजी की अद्यतन स्थिति आदि का जांच किया। साथ ही उन्होंने प्रखंड स्तर पर चल रहे हैं विभिन्न योजनाओं के अभिलेखों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक परियोजना की प्रगति की निगरानी करें और कोई भी अवरोध उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई करें। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता श्री संतोष कुमार सिंह, अंचल अधिकारी मयंक भूषण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## होली पर्व को लेकर सिमरिया थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** होली पर्व को लेकर सिमरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।यह बैठक थाना प्रभारी मानव मयंक द्वारा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने किया वहीं संचालन प्रमुख रोहन साहू ने किया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व शांति और सौहार्द पूर्वक मनाया जाएगा ।प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि किसी को वा जबरन रंग अबीर नहीं लगावे चुकी उसी दिन मुस्लिम भाइयों का जुम्मे का नमाज है इसे देखते हुए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि एक दूसरे का ख्याल रखते हुए तथा आपसी प्यार सौहार्द पूर्वक अपना अपना त्यौहार मिलजुल कर मनावे। वहीं थाना प्रभारी मानव मयंक ने कहा कि डीजे साउंड पर बिल्कुल प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी के द्वारा डीजे साउंड बजाने की सूचना थाना प्रशासन को मिलेगा तो उस पर कानून संगत कारवाई किया जाएगा। प्रमुख रोहन साहू ने कहा कि परिजन अपने अपने बच्चों पर पूरा ध्यान रखें किसी तरह का कोई कपड़ा फाड़ना या नशे की हालत में मारपीट करना आदि कानून जुर्म है। होली खुशियों का पर्व है मिलजुल कर मनावे। वैसे थाना प्रशासन द्वारा शराब के नशे में धुत वैसे हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगा। और पुलिस की तैनाती सभी चौक चौराहे पर रहेगी ।गलत करते पाएं जाएंगे तो उस पर कानूनी कारवाई करते हुए जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा ।जिससे उनका भविष्य खराब हो सकता है। मौके पर मुखिया नीतेश सिंह, शकुंतला देवी, जगेश्वर साहू, गोपाल महतो, ऐनुल हक, करम साहू, उपेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, नामधारी महतो, इब्राहिम मियां, थाना के एसआई सतीश कुमार,चंद्रमौली कुमार के अलावे थाना परिवार एवं दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## होली त्योहार को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

**झारखंड उजाला, संवाददाता पलामू**




**हुसैनाबाद , पलामूः** रंगों का त्योहार होली को लेकर रविवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो व डीएसपी मो.याकूब के नेतृत्व में की गई ।वही मंच का संचालन थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने की। इस बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें सदस्यों ने प्रशासन से विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया ।साथ ही शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। कहा गया कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ा कारण बनता है,इस पर पुलिस प्रशासन विशेष ध्यान दें ।मामले को गंभीरता से लेते हुवे एसडीपीओ ने इस पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने बैठक के माध्यम से वैसे अभिभावकों जिन्होंने अपने बच्चों को स्पीड बाइक थमा दी है,उससे अपने बच्चों पर ध्यान देने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा कि कार्रवाई होने की स्थिति में किसी की नहीं सुनी जाएगी ।बैठक में शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त रहने की बात कही गई। पुलिस पदाधिकारियों ने इसके लिए आमलोगों से सहयोग करने की बात कही। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा कि होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग करके खुशी से मानते हैं। पर मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा, एसआई संजय कुमार यादव, बबलू कुमार , सोनू कुमार गुप्ता,पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, गयासुद्दीन सिद्दीकी, छेदी खान, मुखिया श्रवण राम, नजीर अहमद, अर्जुन प्रसाद, सुहैल आलम, सहित अन्य लोग उपस्थित हैं।

## सादर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** होली पर्व को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।यह बैठक सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर थाना प्रभारी बिपिन कुमार एंव अंचलाधिकारी के नेतृत्व मे आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी ने किया । सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व शांति और सौहार्द पूर्वक मनाया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक मे उपस्थित दोनो समुदाय के बुद्धिजीवी व्यक्तियों से प्रशासन के तरफ से मिलने वाली सुविधा के बारे मे जानकारी लिए।और नशा ,हुड़दंगी पर रो लगाने की अपील किए। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि डीजे साउंड पर बिल्कुल प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी के द्वारा डीजे साउंड बजाने की सूचना थाना प्रशासन को मिलेगा तो उस पर कानून संगत कारवाई किया जाएगा ।उन्होंने आगे कहा की किसी तरह का कोई कपड़ा फाड़ना या नशे की हालत में मारपीट करना आदि कानून जुर्म है। होली खुशियों का पर्व है मिलजुल कर मनावे। वैसे थाना प्रशासन द्वारा शराब के नशे में धुत वैसे हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगा। और पुलिस की तैनाती सभी चौक चौराहे पर रहेगी। गलत करते पाएं जाएंगे तो उस पर कानूनी कारवाई करते हुए जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा ।जिससे उनका भविष्य खराब हो सकता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार यादव, जदयू जिलाध्यक्ष राम आशीष कुमार, सीता यादव,पंकज दुबे, अब्दुला अंसारी,मो फजलू रहमान समेत भारी संख्या में दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## हंटरगंज थाना परिसर में होली मिलन समारोह सह शांति समिति की बैठक संपन्न

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** रविवार को हंटरगंज थाना परिसर में होली मिलन समारोह सह शांति समिति की बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा, अंचल अधिकारी अरुण मुंडा व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप ने शांति समिति के सदस्यों को होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रखंड वासियों से शांतिपूर्ण व भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील की। बताया गया की संवेदनशील क्षेत्रो में पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस बल लगातार भ्रमण करते रहेगी वही चौक चौराहों पर जवानों को तैनात किया जाएगा। साथ ही सड़क दुर्घटना को देखते हुए होली के दिन शराब पीकर वाहन चलाने वालो के खिलाप अभियान चलाया जाएगा। अंत में सभी एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि बारहवां गांवो की तरफ पुलिस लगातार भ्रमण करते रहेगी शराब माफियाओं पर पैनी नजर रखी जाएगी साथ ही लोगों से अपील है कि संदेहास्पद स्थिति में कोई भी व्यक्ति शराब की खरीद बिक्री के लिए गांव की ओर आता है तो पुलिस को तुरंत सूचना करें विधिवत कानूनी करवाई की जाएगी। मौके पर एसआई पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, एसआई राजबहादुर सिंह, कृष्णा कुजूर, जिला परिषद बेचन पासवान, पूर्व जिला परिषद सदस्य जयहिंद पासवान, खुटिकेवाल खुर्द पंचायत मुखिया बृजकिशोर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप दास, पंचायत समिति सुबल पांडे, चैतु यादव, उपेन्द्र यादव, मोहम्मद हाजी सराज उद्दीन, मो सनिफ, सदरूदीन, मो नईम उद्दिम, सहित थाना क्षेत्र के सैकड़ों जनप्रतिनिधि और शांति समिति के लोग मौजूद रहें।

## अज्ञात चोरों ने घर में घुस कर कर 50 हजार नगद सहित ढाई लाख का जेवर लेकर हुए चंपत

**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र के मूर्वे कटिया निवासी दामोदर पांडेय के घर में घुस कर अज्ञात चोरों ने 50 हजार नगद सहित ढाई लाख का जेवर पर अपना हाथ साफ कर लिया है। चोरी को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध श्री पाण्डेय ने सिमरिया थाना को लिखित आवेदन देकर कारवाई एवं धर पकड़ करने की गुहार लगाया है ।उन्होंने कहा है कि हम लोग शादी ब्याह के मौके पर रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे ।जब वापस आए तो देखे कि मेरा घर का बक्सा बैग जरूरी कागजात वगैरह घर के बगल में फेंका हुआ है। घर में रखा समान ढूंढने लगे तो बेटी के शादी के लिए रखा 50 हजार रुपया और ढाई लाख का जेवर गायब था ।चोरों ने छत पर चढ़ कर घर में प्रवेश कर चोरी का अंजाम दिया है।

## एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव को अज्ञात लोगों ने दिनदहाड़े मारी गोली

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में अपराधियों ने एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव को गोली मार दी है. कुमार गौरव की पीठ में गोली लगी है. उन्हें अस्पताल ले जाया गया है, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है. यह घटना हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा के पास सुबह करीब 9.30 बजे की है. घटना के बारे में हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद अपराधियों की धड़-पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है. घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्ड जब्त कर लिया है. एनटीपीसी के एक अधिकारी के प्रबंधन ने कैमरे की रिकॉर्डिंग का बैकअप लेने की मांग पुलिस से की. लेकिन पुलिस ने बैकअप देने से इंकार कर दिया. जानकारी के मुताबिक कुमार गौरव एनटीपीसी के केरेडारी स्थित कार्यालय में कार्यरत थे. शनिवार की सुबह वह कार्यालय जा रहे थे, तभी अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी. अपराधियों की फायरिंग में उन्हें गोली लगी. उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटनास्थल, हजारीबाग और बड़कागांव के बीच का इलाका है. इस इलाके में पहले भी करीब दो साल पहले रीत्विक कंपनी के जीएम को अपराधियों ने गोली मार दी थी. एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी की हत्या की घटना के बाद एनटीपीसी के अधिकारियों के बीच दहशत फैल गया है. हजारीबाग के बड़कागांव व केरेडारी क्षेत्र में एनटीपीसी के कई काम चल रहे हैं. अधिकारियों का वहां जाना-आना लगा रहता है. लिहाजा अधिकारी व कर्मचारी खुद को असुरक्षित मान रहे हैं.

# आगामी होली व ईद के मद्देनजर शान्ति समिति की बैठक

**सभी पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक,शांति और सद्भाव से दोनों समुदाय को त्योहार मानने की अपील : ज़िला प्रशासन**

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**हजारीबाग।** आगामी होली व ईद पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में संपन्न हुई। उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिला भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे,सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा शांति समिति के सदस्यों की सक्रियता एवं प्रशासनिक मुस्तैदी से पर्व त्योहारों में किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां की जाएगी। शांति समिति के सदस्यों की सुझावों पर अमल करते हुए नागरिक सुविधाएं बहाल सुनिश्चित कराई जाएगी। असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है,अशांति पैदा करने वालों पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर विधि व्यवस्था खराब करने वालों पर प्रशासन सख्ती से निपटेगी।

उन्होंने प्रखंड स्तर पर होली व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया।

नगर भवन में आयोजित शांति समिति की बैठक में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, अतिरिक्त फोर्स की तैनाती करने, पुलिस कारवाई करने, अस्पताल में सुविधा दुरुस्त रखने, एंबुलेंस की व्यवस्था, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने प्रतिबंधित वस्तुओं अथवा चीजों पर कड़ी नजर रखने का की मांग सदस्यों द्वारा की गई इसके अलावा बिजली कटौती में सुधार, अवैध रूप से शराब,नशा के कारोबार करने वालों पर कारवाई की मांग शांति समिति के रूप में मौजूद सदस्यों के द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए विभिन्न समूदाय के सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा प्रशासन को भरोसा दिलाया कि हजारीबाग में पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित होंगे। शांति समिति की बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता श्री संतोष कुमार,बरही एवं सदर एसडीओ,सिविल सर्जन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## हजारीबाग जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, हजारीबाग जिले की न्यास परिषद की बैठक, शामिल हुए 22 बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग।** जिला उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय जी की अध्यक्षता में जिले के उपविकास आयुक्त इस्तियाक अहमद सहित बरही विधायक श्री मनोज कुमार यादव, सदर विधायक श्री प्रदीप प्रसाद, बरकट्ठा विधायक श्री अमित कुमार यादव,मांडू विधायक श्री निर्मल महतो उर्फ.तिवारी महतो सहित अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में आज हजारीबाग समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। जिसमें हजारीबाग जिले के अंतर्गत कई ज्वलंत व गंभीर मुद्दों को जनहित में पुरजोर तरीके से उठायाः

### जिसमें ये प्रमुख मुद्दे हैं:-




1.पैर से दिव्यांग सभी जनों को बैट्री संचालित ट्राई साइकिल डीएमएफटी से उपलब्ध कराया जाय ।

2.हजारीबाग जिले के सभी तिराहे और चौराहे में सोलर संचालित हाई मास्ट लाइट सभी अधिष्ठापित कराया जाय ।

3.डीएमएफटी के चयनित चिकित्सक और कर्मियों का जहां पदस्थापन हुआ है वहां उन्हें क्रियाशील किया जाए उनका अन्य जगहों का प्रतिनियुक्ति रद्द किया जाय ।

4.जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का उन्नयन कार्य बीते वर्ष हुए स्कूलों के उन्नयन के तर्ज.पर किया जाय ।

5.जिले में सिंचाई पर फोकस किया जाय और लिफ्ट इरिगेशन पर फोकस करके बैलेंस डेवलपमेंट किया जाय ताकि कृषि को बढ़ावा मिले ।

6.विकास कार्यों में गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाय और संबंधित कार्य एजेंसी पर गुणवत्त कार्य करने हेतु दबाव बनाया जाय। योजना के हैंडओवर और टेकओवर के साथ शिलान्यास और उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाए ताकि योजना का विस्तार जनता के बीच हो सके ।

7.गर्मी दस्तक दे रही है ऐसे में पेयजल संकट से निपटने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाए ताकि पेयजल की कमी नहीं है। विभिन्न कंपनियों के माध्यम से जहां जरूरत हो वहां टैंकर के माध्यम से भी पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

जनहित में उठाए गए विभिन्न मुद्दे पर समिति अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के द्वारा गंभीरता से संज्ञान लिया गया और इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का निर्णय हुआ।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?


करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

फिल्म छावा कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महा- शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म छावा कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र



विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर ह्लजजियाह्व वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं। शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

## आज का राशिफल


स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी. आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा. मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें. आपका यह छोटा-सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा. कृतज्ञता जीवन की सुगंध को फैलाती है और अहसान-फरामोशी इसे तार-तार कर देती है. हर रोज प्रेम में पड़ने की अपनी आदत को बदलिए.

**वृषभ राशि :-** अगर आप पिछले कुछ वक़्त से झुंझलाहट महसस कर रहें हैं तो आपको याद रखना चाहिए कि सही कर्म और विचार आज आपके लिए बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आएंगे. बिना किसी की सलाह लिये बिना आज आपको पैसा कहीं भी इनवेस्ट नहीं करना चाहिए. आपकी दिलचस्प रचनात्मकता आज घर के वातावरण को सुखद बनाएगी. अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें. अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें.

**मिथुन राशि :-** अगर मुमकिन हो तो लम्बे सफर पर जाने से बचें, क्योंकि लम्बी यात्राओं के लिए अभी आप कमजोर हैं और उनसे आपकी कमजोरी और बढ़ेगी. ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं- लेकिन आज अपने खर्चों को बहुत ज्यादा बढ़ाने से बचें. प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी. आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है. आज आपका दुःख बर्फ की तरह पिघल जाएगा.

**कर्क राशि :-** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है. वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें. घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें. प्रेम निःसीम होता है, सभी सीमाओं के परे; आपने ये बातें पहले भी सुनी होंगी. लेकिन आज वह दिन है जब आप अगर चाहें तो यह खुद महसूस कर सकते हैं.

**सिंह राशि :-** आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा. आपको अपने अटके कामों को पूरा करने में इसका इस्तेमाल करना चाहिए. इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं. उन लोगों के साथ कुछ समय बिताएँ, जो आपको चाहते हैं और आपका खयाल रखते हैं. आज अपने खूबसूरत कामों को दिखाने के लिए आपका प्रेम पूरी तरह खिलेगा. आज फायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली-भाँति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ.

**कन्या राशि :-** खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएँ. मानसिक शांति के लिए आपकी खाली बैठने की आदत खतरनाक साबित हो सकती है. धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है. वैवाहिक बंधन में बंधने के लिए अच्छा समय है. आज आप महसूस करेंगे कि प्यार दुनिया में हर मर्ज.की दवा है. अगर आप व्यवसाय में किसी नये भागीदार को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, तो यह जरूरी होगा कि उससे कोई भी वादा करने से पहले आप सभी तथ्य अच्छी तरह जाँच लें.

**तुला राशि :-** धार्मिक भावनाओं के चलते आप किसी तीर्थस्थल की यात्रा करेंगे और किसी संत से कुछ दैवीय ज्ञान प्राप्त करेंगे. धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है. घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें. रोमांस के लिए बढ़ाए गए कदम असर नहीं दिखाएंगे. यह दूसरे देशों में व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है. यात्रा करना फायदेमंद लेकिन महंगा साबित होगा.

**वृश्चिक राशि :-** चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें. साथ ही सही तरीके से कमर सीधी करके बैठना न केवल व्यक्तित्वमें सुधार लाता है, बल्कि सेहत और आत्म-विश्वास के स्तर को भी ऊपर ले जाता है. जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है. जिसके साथ आप रहते हैं, उससे वाद-विवाद करने से बचें. यदि कोई समस्या है, तो उसे शान्ति से बातचीत करके सुलझाएँ.

**धनु राशि :-** क्षणिक आवेग में बहकर कोई निर्णय न करें. यह आपके बच्चों के हितों को हानि पहुँचा सकता है. दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा. बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे- आपके सामने चुनने के लिए कई चीजें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए. ताजा फूल की तरह अपने प्यार में भी ताजगी बनाए रखें. ऐसा लगता है कि कुछ समय के लिए आप नितांत एकाकी है.

**मकर राशि :-** सेहत से जुड़ी परेशानियाँ असहजता का कारण बन सकती हैं. आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को जिंदगी में जगह भी दे सकते हैं. ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ, जो सकारात्मक और मददगार स्वभाव के हैं. मुहब्बत के मोर्चे पर आज आपकी तूती बोलेगी, क्योंकि आपका महबूब आपकी रसिक कल्पनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए तैयार है. यह दूसरे देशों में व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है.

**कुम्भ राशि :-** लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए. बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है. बच्चों की उनसे जुड़े मामलों में मदद करना आवश्यक है. अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें. कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी. आपको अपने घर के छोटे सदस्यों के साथ वक्त बिताना सीखना चाहिए. अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप घर में सद्भाव बना पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे.

**मीन राशि :-** बचपन की यादें आपके मन पर छायी रहेंगी. लेकिन इस काम में आप खुद को मानसिक तनाव दे सकते हैं. आपके तनाव और परेशानी की एक बड़ी वजह बचपन की मासूमियत को जीने की चाह है, इसलिए खुलकर जिएँ. जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है. मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें. आपका यह छोटा-सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा.

# वर्चस्व पर संकट का कवच बनती हिंदी विरोध की राजनीति

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नई बात नहीं है। हिंदी के विरोध में जिस तरह स्टालिन ने रोजाना आधार पर मोर्चा खोल रखा है, वह 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन की याद दिला रहा है। संवैधानिक प्रावधानों की वजह से 26 जनवरी 1965 को हिंदी को राजभाषा के तौर पर जिम्मेदारी संभालनी थी, जिसके विरोध में सीए अन्नादुरै की अगुआई में पूरी द्रविड़ राजनीति उतर आई थी। तब हिंदी विरोध के मूल केंद्र में तमिल उपराष्ट्रीयता थी। उसके लिए तब यह साबित करना आसान था कि उस पर हिंदी थोपी जा रही है। तब आज की तरह सूचना और संचार की सहूलियतें नहीं थीं, तब दक्षिण और उत्तर के बीच आज की तरह सहज संचार नहीं था, तब आज की तरह मीडिया का इंटरनेटी वितान नहीं था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। लिहाजा इस संदर्भ में स्टालिन के मौजूदा हिंदी विरोध की तह में जाना जरूरी हो जाता है।



चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर उत्तर भारत के किसी हिंदीभाषी इलाके का, उसके हाथ में अगर फोन है, उसमें अगर इंटरनेट का कनेक्शन है तो तय है कि उसकी उंगलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं। इसलिए कम से कम सूचना और संचार के ऐसे माध्यमों पर किसी सरकार की वजह से भाषायी बंधन आज के दौर में हो भी नहीं सकता। इंटरनेट क्रांति के पहले भाषाओं के विस्तार में बाजार ने जो भूमिका निभाई, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज का बाजार वर्ल्ड वाइड वेब यानी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पंखों के सहारे कहीं और तेजी से फैल तो रहा ही है, फल-फूल भी रहा है। इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और कोई दीवार उसे रोक सकती है। बेशक तमिलनाडु भाषायी स्तर पर अपनी अलग पहचान रखता है, लेकिन वह भी हमारे देश का हिस्सा है। मौजूदा स्थिति में तेजी से विकसित होता राज्य है और उसे अपने उत्पादन केंद्रों के लिए कामगारों की जरूरत है। जिसकी आपूर्ति उत्तर भारत के ही राज्य करते हैं। उसके निजी शैक्षिक केंद्रों के लिए विद्यार्थियों की भी जरूरत है। उत्तर भारत की जो शैक्षिक स्थिति है, उसकी असलियत सबको पता है। इस वजह से उत्तर भारतीय छात्रों की आवक भी तमिलनाडु में खूब है। ऐसे माहौल में वैसे तो हिंदी विरोध के औचित्य पर ही सवाल है। फिर भी स्टालिन विरोध कर रहे हैं तो उसके अपने कारण हैं।

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी या कोई अन्य भाषी वैसे भी तमिल संस्कृति को इसलिए बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा दुनिया की पुरानी संस्कृतियों में से एक है और उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं। तमिल लोग अपनी संस्कृति और भाषा से नेह-छोह ही नहीं रखते, उसका शिद्दत से सम्मान भी करते हैं। फिर तमिलनाडु की ऐसी स्थिति नहीं है कि दिल्ली, जालंधर, सूरत, लुधियाना, मुंबई की तरह तमिलनाडु के शहरों में हिंदीभाषियों की बाढ़ आ जाएगी। वैसे एक बारगी मान लें कि जिन जगहों का जिक्र हुआ है, वहां हिंदीभाषियों की बाढ़ होने के बावजूद क्या वहां की स्थानीय संस्कृति और भाषाओं पर संकट आया। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। दरअसल होता यह है कि बाहर से आया व्यक्ति स्थानीय संस्कृति और समाज के लिहाज से वहां व्यवहत भाषा को अपने सामाजिक और सार्वजनिक कामकाज की भाषा बनाता है, वह अपनी बोली-बानी को अपने सीमित समाज और परिवार में इस्तेमाल तो करता है, लेकिन उसकी सार्वजनिक संपर्क भाषा वहां की स्थानीय भाषा ही होती है। पता नहीं, इन तथ्यों को स्टालिन समझते हैं या नहीं, लेकिन वे बार-बार हिंदी पर आरोप लगाते रहते हैं कि वह तमिल संस्कृति को नुकसान पहुंचाएगी।

असल बात यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में पिछली सदी के साठ के दशक से ही स्थानीय द्रविड़ राजनीति का वर्चस्व बना हुआ है। कभी डीएमके तो कभी एआईडीएमके जैसी स्थानीय पार्टियां ही सत्ता की मलाई खाती रही हैं। सही मायने में देखें तो ये महज स्थानीय पार्टियां ही नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने हिसाब से तमिल उपराष्ट्रीयता का ही प्रतिनिधित्व करती हैं। तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है। लेकिन संचार और सूचना क्रांति के दौर में अब तमिल उपराष्ट्रीयता वाली सोच को लगने लगा है कि अगर हिंदी आई तो उसके जरिए राष्ट्रीयता की विचारधारा मजबूत होगी। जिसका असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा।

# नियंत्रण की सत्ता

सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बाद इमरान खान और उनकी पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ को कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लाहौर हाई कोर्ट से फिलहाल गिरफ्तारी से राहत भले मिल गई हो, लेकिन वहां के राजनीतिक हलके में जिस तरह दांवपेच का खेल चल रहा है, उसमें सत्ता कब कौन-सा रुख अख्तियार करेगी, कहना मुश्किल है। गौरतलब है कि सत्ता से बाहर होने के बाद से इमरान खान ने मौजूदा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है और इस क्रम में अलग-अलग मंचों से सवाल उठाते हुए धरना-प्रदर्शनों के जरिए चुनौती पेश की है। इसी दौरान एक बार उन पर जानलेवा हमला भी हुआ। दूसरी ओर, सरकार की ओर से वे तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जिसके जरिए इमरान खान को बाधित किया जा सके। इस बीच सरकार का जैसा रवैया सामने आ रहा है, उसमें ऐसे आरोप लगाए जाने लगे हैं कि पाकिस्तान में सेना का हाथ जिस पार्टी के सिर पर होता है, वहां की सरकार उसी मुताबिक काम करती है। यही वजह है कि सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बाद इमरान खान और उनकी पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ को कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, पाकिस्तान में चुनाव कार्यालयों के बाहर हुए प्रदर्शनों के हिंसक रूप अख्तियार कर लेने के मामले में इमरान खान की गिरफ्तारी लगभग तय मानी जा रही थी। मगर उन्हें राहत इस बात से मिली कि लाहौर हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया और फिलहाल उन्हें सुरक्षात्मक जमानत दे दी है। हालांकि तोशखाना मामले से संबंधित शिकायत अदालत में कैसा मोड़ लेगी, कहा नहीं जा सकता। सही है कि इमरान खान के सरकार में रहते हुए भी पाकिस्तान की आर्थिक हालत कोई बेहतर स्थिति में नहीं थी। मगर उनके सत्ता छोड़ने के बाद महंगाई समेत तमाम आर्थिक मोर्चों पर जो दुर्दशा देखी जा रही है, उससे वहां आम लोगों को बेहद मुश्किल हालात का सामना करना पड़ रहा है। एक तरह से इमरान खान के लिए यह अनुकूल मौका है कि वे सरकार को कठघरे में खड़ा करें और प्रतिरोध को अवाम के बीच ले जाएं। उन्हें और उनकी पार्टी को इस मामले में काफी हद तक कामयाबी मिली भी है। पाकिस्तान सरकार के लिए यही चिंता की बात है। मगर इसके समांतर पाकिस्तान का एक सच यह भी है कि वहां सरकार बनाने से लेकर गिराने तक में सेना का दखल रहता है। इस बार भी इमरान खान की सरकार गिरने और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व में सरकार बनने में पाकिस्तानी फौज की भूमिका अहम मानी जा रही है। दरअसल, पाकिस्तान में जिस पार्टी को सेना का वरदहस्त प्राप्त होता है, सत्ता उसके अनुकूल ही काम करती है। पिछले साल इमरान खान की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के वक्त भी बदहाल अर्थव्यवस्था और लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए सेना ने पाकिस्तान में मिली-जुली सरकार बनाने की कोशिश की थी। मगर इमरान खान इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि करीब एक महीने पहले इमरान खान ने खुलेआम पाकिस्तान की सत्ता में सेना के दखल का जिक्र किया और अपनी सरकार गिराने में पूर्व सैन्य प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की भूमिका की जांच कराने की मांग की थी।

# बुजुर्गों का दुख, हर समाज में अपनों के हाथों उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं उम्रदराज लोग

कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। आमतौर पर लगभग सभी समाजों में बुजुर्गों के जीवन को आसान बनाने और उनका खयाल रखने के लिए सरकारों को विशेष योजनाएं बनानी पड़ती हैं, परिवारों में अलग से उपाय किए जाते हैं। लेकिन यह भी सच है कि वृद्धावस्था में पहुंचे बहुत सारे लोगों को कई बार अपनों के हाथों भी उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में उस स्थिति का अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसमें बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझते बुजुर्ग स्मृतिलोप या मतिभ्रम का भी शिकार हो जाएं। सामान्य वृद्धावस्था को भी बोझ की तरह देखने वाले परिवार इस समस्या से घिर जाने वाले अपने ही बुजुर्ग सदस्य के प्रति अक्सर पर्याप्त संवेदनशीलता नहीं बरत पाते। जबकि परिवार या व्यक्ति का सकारात्मक और संवेदनशील रवैया स्मृतिलोप की मुश्किल से घिरे किसी वृद्ध व्यक्ति के भीतर जीवन का संचार कर दे सकता है। मगर व्यवहार के स्तर पर संवेदनशीलता या फिर प्रशिक्षण के अभाव की व्यापक सामाजिक समस्या की वजह से बुजुर्गों का जीवन अपने आखिरी दौर में और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान सहित दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की ओर से किए गए एक शोध में यह बताया गया है कि आने वाले वक्त में भारत में साठ साल या उससे ज्यादा के एक करोड़ से भी अधिक लोगों के डिमेंशिया यानी स्मृतिलोप की चपेट में आने की आशंका है। जर्मन नेचर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी कलेक्शन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक सन 2050 तक भारत की कुल आबादी में साठ साल से ज्यादा उम्र वालों की तादाद करीब उन्नीस फीसद होगी।

अगर एक करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग स्मृतिलोप जैसी समस्या के शिकार हो जाएं, तो व्यापक पैमाने पर उनका सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन किस तरह की त्रासदी का शिकार होगा, इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। हालांकि भारत में पहली बार हुए इस तरह के अध्ययन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का का इस्तेमाल किया गया। यों आधुनिक तकनीकी की क्षमता में लगातार बढ़ोतरी के दौर में कृत्रिम मेधा या बुद्धिमत्ता के आकलन को विश्वसनीय माना जाता है, मगर यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि क्या इसके जरिए मनुष्य के विवेक और बौद्धिकता के मुकाबले ज्यादा विश्लेषणपरक नतीजे हासिल किए जा सकते हैं! दरअसल, स्मृतिलोप से ग्रस्त बुजुर्गों के भीतर किसी चीज या बात के बारे में भूलने की समस्या पैदा हो जाती है। इससे गंभीर रूप से परेशान वृद्ध के लिए सामने खड़े व्यक्ति को पहचान पाना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन जिन परिवारों में बुजुर्गों के प्रति पर्याप्त सम्मान, प्यार और संवेदनशीलता बरत पाने वाले लोग होते हैं, उनमें ज्यादा उम्र की अशक्तता के बावजूद किसी वृद्ध व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है। कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। फिर यह पारंपरिक धारणा भी समस्या बनती है कि बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति को ज्यादा आराम करना चाहिए। निश्चित रूप से शरीर की सीमा और क्षमता का ध्यान रखना एक अनिवार्य पहलू है। लेकिन सच यह है कि समस्या के स्रोतों की पहचान, बेहतर खानपान के साथ-साथ शरीर और मन-मस्तिष्क की सक्रियता या व्यायाम आदि के सहारे स्वस्थ रहना संभव है और यह बढ़ती उम्र के लोगों के भी उतना ही जरूरी है।



# जदयू विधायक गोपाल मंडल का डांस वीडियो वायरल, होली के गानों पर महिला सिंगर के साथ झूमे

एजेंसी



**पटना।** जदयू विधायक गोपाल मंडल के वीडियो वायरल हुए हैं. जदयू विधायक होली के गानों पर महिला सिंगर के साथ डांस करते नजर आए. भागलपुर के गोपालपुर से जदयू विधायक गोपाल मंडल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां जदयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल भी होली पर ठुमके लगाते दिखे.

**होली के गानों पर झूमे विधायक गोपाल मंडल**

होली का रंग और गोपाल मंडल का अंदाज, दोनों ही हमेशा सुर्खियों में रहते हैं. नवगछिया के गोपाल गौशाला में आयोजित होली मिलन समारोह में विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल भी होली का जश्न जमकर मनाते दिखे.

**विधायक ने भी डांस किया**

रंग-गुलाल से सराबोर इस कार्यक्रम में गायक और गायिका ने जब मंच संभाला, तो विधायक खुद को रोक नहीं पाये. मंच पर होली खेले रघुवीरा अवध में और रंग बरसे भींगे चुनर वाली जैसे गानों की धुन बजी, तो विधायक मंडल पूरे जोश में नजर आए.

**वायरल हो रहे वीडियो**

विधायक ने गायिका के साथ मंच पर नाचते हुए 500 रुपये का नोट उन्हें भेंट किया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. प्रभात खबर इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है. विधायक ने सोमवार को लोकप्रिय अंगिका गायक छैला बिहारी में कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आने का न्योता दिया है.

# ड्रेगन फ्रूट के साथ मिश्रित खेती कर क्षेत्र के किसानों में अलख जगा रहे हैं खुर्शीद

एजेंसी



**पूर्णिया :** एक तरफ जहां किसान पारंपरिक खेती में लगातार घाटा उठा रहे हैं वहीं इस समय किसान भी नित्य नये प्रयोग कर खेती से अधिक मुनाफा कमाने के उपाय खोजने में लगे हुए हैं । भवानीपुर प्रखंड क्षेत्र के माधवनगर गांव में एक किसान ड्रेगन फ्रूट के खेती के साथ मिश्रित खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं । खासकर मक्कांचल एवं केलांचल के नाम से विख्यात हो चुके धमदाहा अनुमंडल क्षेत्र में यह नया प्रयोग है । माधवनगर के किसान खुर्शीद आलम के सफलता से प्रभावित अनुमंडल क्षेत्र के अन्य किसानों ने भी इसमें कदम बढ़ाए हैं । माधवनगर के किसान खुर्शीद आलम ड्रेगन फ्रूट के खेत में ड्रेगन फ्रूट के साथ-साथ मक्का, गोभी, लहसुन आदि की मिश्रित खेती कर लोगों के लिए नजीर पेश कर रहे हैं । किसान खुर्शीद आलम ने बताया कि इस तरह से मिश्रित खेती कर किसान अपने खेतों से पारम्परिक खेती की अपेक्षा अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं ।

प्रगतिशील किसान खुर्शीद आलम ने बताया कि ड्रेगन फ्रूट की खेती में किसानों के खेत की कुछ ही जमीन बाधित होता है । उन्होंने बताया कि एक एकड़ ड्रेगन फ्रूट कि खेती में महज पांच कठ्ठा जमीन ही इससे बाधित होता है` उन्होंने बताया की बांकी की जमीन पर किसान सालों भर दूसरी फसल की खेती कर सकते हैं और उससे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं ।

**अधिकारियों का मिल रहा है सहयोग**

प्रगतिशील किसान खुर्शीद आलम ने बताया कि वह ड्रेगन फ्रूट के अलावे, सेब, अंजीर, अनार, बेबी कॉर्न, स्वीट कॉर्न एवं अन्य फसलों की भी खेती करते हैं । उन्होंने बताया कि उनके इस खेती में सरकारी अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिलता आ रहा है ।किसान खुर्शीद ने बताया कि सरकारी अधिकारियों के द्वारा उसे समय-समय पर बुलाकर खेती से संबंधित परेशानियों को भी पूछा जाता है एवं समस्या होने पर उसका निदान भी कृषि अधिकारियों के द्वारा किया जाता है ।

# गैस सिलेंडर लदे वाहन में अचानक लगी भीषण आग, धू-धू कर जली ट्रक

एजेंसी



**नवादा :** नवादा में रसोई गैस सिलेंडर लदे वाहन में रविवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया. घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के राजेबिगहा गांव की है, जहां इण्डेन घरेलू गैस के सिलेंडर से लदे ट्रक में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं, जिससे धू-धू कर ट्रक जल कर खाक हो गया. गनीमत यह रही कि वाहन में लदे सभी गैस सिलेंडर खाली थे.

अचानक लगी इस आग की घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मौके पर आग बुझाने की कोशिश भी की. मौके पर मौजूद लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया.

फिलहाल, इस घटना में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है. ड्राइवर और खलासी भी सुरक्षित हैं.

जानकारी के मुताबिक वाहन चालक गुलनी से गैस उतार कर खाली गैस सिलेंडर लेकर वापस लौटा था. इसी दौरान राजे बिगहा में सड़क किनारे वाहन लगाकर चाय पीने लगा।अचानक सिलेंडर गैस लदा ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते आग लपटें बढ़ने लगीं. इसके बाद गांव के लोगों ने हल्ला मचाना शुरू किया. ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझा लिया गया है।

# सीतामढ़ी में सड़क दुर्घटना में चार की मौत

एजेंसी



**पटना :** बिहार में सीतामढ़ी जिले के बरियारपुर फोरलेन पर तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में शनिवार शाम चार लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक सोनबरसा के तरफ से डुमरा की ओर आ रही बेकाबू ट्रक और डुमरा की तरफ से सोनबरसा की तरफ जा रही ऑटो में टक्कर हुई। ट्रक इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के ऊपर ट्रक चढ़ गयी, जिससे घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर सदर डीएसपी रामकृष्ण सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचकर कैंप कर रहे हैं।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने बताया कि ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में था और तेज गति से ट्रक चला रहा था जिसके कारण यह हादसा हुआ।

इस हादसे में महिला बच्चे समेत कुल चार लोगों की मौत हुई है। लोग अब सड़क सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# पूर्व पार्षद के निधन पर नगर परिषद में शोकसभा

## जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

**अररिया :** फारबिसगंज नगर परिषद के सभागार में शनिवार को मुख्य पार्षद वीणा देवी की अध्यक्षता में पूर्व पार्षद हृषिकेष नारायण सिंह के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया ।जिसमें नगर परिषद के पार्षदों के साथ साथ कर्मचारियों ने भाग लिया और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की साथ दो मिनट का मौन रखा गया।

शोकसभा में पार्षद अशोक फुलसरिया,नंदन ठाकुर, गुड्डु अली, नोमान अंसारी, मो.इलियास, गणेश गुप्ता, मो. इस्लाम, उमाशंकर यादव उर्फ बुलबुल यादव, मनोज सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी वंदना प्रेयसी, गौरव गुप्ता उर्फ टनटन गुप्ता, मो. जलाल, प्रभारी प्रधान सहायक कामख्या नारायण सिंह उर्फ कुंदन सिंह, रजनीश कुमार, सूरज कुमार सोनू, आर्यन कुमार, मो.वसीम, संजय जायसवाल, विनय सिन्हा आदि मौजूद रहे ।मौके पर नगर परिषद और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया गया।

## परसरमा से अररिया तक एनएच-327ई के अपग्रेड को लेकर केंद्र की मंजूरी

**पटना :** बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों के अपग्रेड की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने एनएच-327 ई के परसरमा-अररिया खंड के अपग्रेड को मंजूरी दे दी है। परियोजना के तहत 111.82 किलोमीटर लंबे एनएच-327ई के परसरमा-अररिया खंड को दो लेन पेव्ड शोल्डर के रूप में विकसित किया जाएगा।

प्रदेश के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने देर शाम पत्रकार वार्ता में परियोजना की जानकारी देते हुए कहा कि "एनएच-327ई के अपग्रेड से क्षेत्र में भारी यातायात के दबाव को कम किया जा सकेगा। घनी आबादी वाले क्षेत्रों से भारी वाहनों को डायवर्ट करते हुए सुगम यातायात सुनिश्चित किया जाएगा । उक्त परियोजना को भविष्य की यातायात आवश्यकताओं और नियोजित शहरी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मंत्री ने इस परियोजना की मंजूरी के लिए केंद्र सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

मंत्री द्वारा बताया गया कि उक्त परियोजना के निर्माण की कुल लागत 1,979.51 करोड़ निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत 24.60 किलोमीटर बाईपास, 12.18 किलोमीटर रिअलाइनमेंट और 75.04 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं सुधार का कार्य किया जाएगा। परियोजना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार 24 मीटर, 30 मीटर, 32.5 मीटर और 45 मीटर का मार्गाधिकार तय किया गया है। वर्तमान में उक्त राजमार्ग का मार्गाधिकार 15-30 मीटर है।

मंत्री नवीन ने कहा कि उक्त परियोजना के सड़क की डिजाइन गति 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुगम सफर का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, परियोजना अंतर्गत 2 फ्लाईओवर, 2 वीयूपी (अंडरपास) और 2 रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण भी प्रस्तावित है ।

## जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

**अररिया :** रानीगंज वाईएनपी डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता रैली के साथ कॉलेज परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।एनएसएस के स्वयंसेवकों ने हाथ में बैनर लेकर क्षेत्र परिभ्रमण किया तथा महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति सजग होने का आह्वान किया। विचार गोष्ठी का उदघाट्न प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार आलोक प्रधानाचार्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते उप प्रधानाचार्य डॉ नूतन आलोक ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति सजग होना चाहिए अन्यथा उनके अधिकार का हनन हो जाएगा। सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण की बावत कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई है। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के साथ साथ निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की है।

## डीएम व एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में मनाया गया बेटी जानन्मोत्सव

**फारबिसगंज/अररिया :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार व अररिया एसपी अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सदर अस्पताल अररिया में बेटी जानन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें आज जन्म ली हुई सभी बेटियों को उपहार स्वरूप बेबी किट का वितरण किया गया। बेटियों की माता को बेटी होने की खुशी में बेबी किट, फल की टोकरी (माता के पोषण) के लिए और बेटियों के नाम एक पेड़ भी जिलाधिकारी व एसपी द्वारा उपहार स्वरुप भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में अररिया सिविल सर्जन , अररिया जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सहित संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन की ओर से महिला दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**अररिया :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाहरणालय अररिया स्थित परमान सभागार में सम्मान समारोह के साथ किया गया,जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा आदि पर विशेष ध्यान देते हुए सभी को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस क्रम उपस्थित पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से कार्यक्रम को संबोधित किया गया। सम्मान समारोह में कुल 13 महिलाओं को उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसमें 07 को जिला और 06 महिलाओं को राज्य स्तर से महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा चयनित को पुरस्कृत किया गया है। इन्हें महिला एवं बाल विकास द्वारा नायिका अपने जीवन की थीम के तहत मोमेंटो, स्मार्ट वाच और प्रशस्ति पत्र से दिया गया। इस क्रम जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम के अंत में अंत महिलाओ और बेटियों के नाम पर पौधरोपण भी किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना के राष्ट्रीय राजमार्ग दो के सुभाष नगर के समीप आज देर शाम अज्ञात वाहन ने एक बुद्ध को रौंद दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गांधीनगर निवासी 70 वर्षीय पुत्र श्याम जी प्रसाद अपने परिवार के साथ इलाज के लिए मोहन बिगहा स्थित माता देवरानी चिकित्सालय में इलाज के लिए गए थे। वही इलाज के बाद मृतक श्याम जी प्रसाद अपने घर मोहन बीघा से गांधीनगर जाने के क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिसके बाद ट्रक घटनास्थल से भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक की पहचान कर परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया।

# पूर्णिया में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का महासत्संग आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर एक ऐतिहासिक दिन

एजेंसी



**पूर्णिया :** पूर्णिया आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरु श्री श्री रविशंकर ने आज पूर्णिया के ऐतिहासिक रंगभूमि मैदान में आयोजित महासत्संग में अपने अमृत वचनों से शहरवासियों को आध्यात्मिक प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में गुरुदेव ने जीवन जीने की कला, तनाव प्रबंधन, और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही, उन्होंने ध्यान सत्र के माध्यम से सभी को मानसिक शांति और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया।

गुरुदेव के साथ इस महासत्संग में उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ जीवन की कठिनाइयों को पार करने के तरीके और आध्यात्मिक ऊर्जा से अपने जीवन को सजाने के टिप्स मिले। आर्ट ऑफ लिविंग के आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में गान, ध्यान, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिससे सभी को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हुआ।

गुरुदेव ने बिहार को फिर से ज्ञान और अध्यात्म के शिखर पर पहुंचाने का अपना विजन साझा किया, और इस राज्य के समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने की दिशा में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रयासों का उल्लेख किया। साथ ही, उन्होंने इस राज्य में आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से तनाव मुक्ति, कुंठित मानसिकता को खत्म करने और जीवन को सकारात्मक दिशा में बदलने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जाने की बात की।

# संक्षिप्त खबर

## राष्ट्र की रक्षा को ले विहिप व बजरंग दल का एकत्रीकरण सम्पन्न




**नवादा :** नवादा के साहेब कोठी मंदिर के प्रांगण में शनिवार को राष्ट्र की रक्षा के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के नेतृत्व में बजरंग दल का एकत्रीकरण संपन्न हुआ ।बिहार राज्य के विद्यार्थी प्रमुख अभिषेक राजा ,बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक अभिमन्यु कुमार अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। अभिषेक राजा ने बताया कि आगामी 12 अप्रैल को बजरंग दल के द्वारा हनुमान जी का जन्म उत्सव जोर शोर से पूरे जिला में मनाई जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि नवादा जिला के 14 प्रखंड में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बजरंग दल पूरे देश में बालोपासना दिवस के रूप में मनाता है। विश्व हिंदू परिषद का जिला मंत्री सुबोध लाल कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में शक्ति का संचार होता है। बजरंग दल के जिला संयोजक मुकेश कुमार ने कहा कि हर एक प्रखंड में प्रतियोगिता द्वारा जो प्रतिभागी भाग लेंगे और जीतेंगे उन्हें पुरस्कार भी दिया जाएगा ।बैठक में शामिल बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख संजय यादव ,विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष मनीष राठौर, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला मंत्री कैलाश विश्वकर्मा ,मेसकौर प्रखंड के संयोजक चंदन कुमार ,सहसंयोजक संदीप सनातनी ,बजरंग दल के विद्यार्थी प्रमुख अरुण तिवारी, कौवा कोल के विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार ,मातृशक्ति की संयोजिका रागिनी सिन्हा ,विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्षा सीमा कुमारी ,विश्व हिंदू परिषद के वारसलीगंज के प्रखंड मंत्री रंजीत कुमार मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1920 मामले निष्पादित



**कटिहार :** कटिहार व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को कुल 1920 मामलों का निष्पादन हुआ। जिला जज के मार्गदर्शन में कुल 14 बेंच गठित की गई थी। इस अवसर पर बैंकों से संबंधित मामलों की समझौता राशि 07 करोड़ 67 लाख 39605 रही। जबकि आपराधिक 279 मामले, एनआई एक्ट के तीन मामले, परिवारिक से संबंधित चार, नापतोल के दो, बिजली के 72 और रेलवे कोर्ट से संबंधित 503 वादों का निष्पादन हुआ। बैंक से संबंधित 1028 तथा बीएसएनएल के 37 मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत को लेकर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ थी। जिला जज श्री त्रिपाठी और सचिव निशा कुमारी लगातार घूम घूम कर सारी स्थिति का जायजा ले रहे थे और लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन की दिशा में कई निर्देश भी दिए। बेंच पर न्यायिक प्राधिकारी के रूप में एडीजे अविनाश शर्मा, अखिलेश पांडे, बारसोई एसीजेएम रामसूजन पांडे, कटिहार एसीजएम नेहा सिंह , रेलवे मजिस्ट्रेट सह एसीजेएम रेलवे विकास कुमार सिंह, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी स्वस्ति यादव, मुंसिफ सुभाष चंद्र निषाद, न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका मेहता, कविता कुमारी, मोनिका कुमारी , प्रीति कुमारी ,नारायण ठाकुर, अजीत कुमार शर्मा, रिंकेश कुमार मौजूद थे।

## भवानीपुर पुलिस ने चोरी के सामानों के साथ छः चोरों को किया गिरफ्तार



**पूर्णिया :** जिले की भवानीपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करते हुए चोरी के सामानों के साथ छः शातिर चोर को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार चोरों ने कुछ दिनों पूर्व ही भवानीपुर थाना से महज आधा किलो मीटर की दूरी पर राजस्थान मार्बल नामक दुकान से 19 मोटर सहित अन्य सामानों की चोरी कर लिया था । पुलिस ने गिरफ्तार चोर के साथ चोरी किये गए सात मोटर एवं एक ग्रैंडर बरामद किया है । गिरफ्तार चोरों में भवानीपुर यादव टोला निवासी राजेश यादव का पुत्र अभिषेक कुमार, भवानीपुर निवासी सुशील ठाकुर का पुत्र नीतीश कुमार, सुदामानगर निवासी शंकत मंडल का पुत्र कैला कुमार, रामजी शर्मा का पुत्र मंजीत कुमार, सरकल टोला निवासी सुनील यादव का पुत्र हिमांशु कुमार एवं चम्पानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इटहवा निवासी नरेश साह का पुत्र शिवम कुमार शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### आइनॉक्स विंड को तमिलनाडु में आपूर्ति का ऑर्डर मिला



**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड लि. (आईडब्ल्यूएल) को एक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी से तमिलनाडु में 51 पवनचक्कियों की आपूर्ति का नया ऑर्डर मिला है। आईनॉक्स विंड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि प्रत्येक टर्बाइन की क्षमता तीन मेगावाट होगी, जिससे ऑर्डर की कुल क्षमता 153 मेगावाट हो जाएगी।

### रुपया 20 पैसे की तेजी के साथ 86.92 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे उछलकर 86.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक के अपने पांच महीने के निचले स्तर पर आने तथा मांग में नरमी के अनुमानके कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से रुपये में तेजी देखने को मिली।

### जनवरी-फरवरी में चीन के निर्यात, आयात में कमी



**हांगकांग।** चीन के निर्यात में जनवरी और फरवरी में सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अनुमान से कम है। आयात-निर्यात के मोर्चे पर साल की धीमी शुरुआत हुई। निर्यात में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी। 2025 के पहले दो महीनों में चीन का कुल व्यापार अधिशेष बढ़कर 170.52 अरब डॉलर हो गया।

### मलेशिया के एमपीओसी व ओटीएआई के बीच करार



**नई दिल्ली।** मलेशियाई पाम तेल परिषद (एमपीओसी) और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओटीएआई) ने भारतीय बाजार में मलेशियाई पामतेल के पोषण और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सतत रूप से व्यापार को बढ़ावा देना है।

### स्विगी की खाद्य वितरण सेवा अब 100 स्टेशन तक

SWIGGY

**नई दिल्ली।** खानपान की वस्तुओं के ऑनलाइन ऑर्डर की सुविधा देने वाला मंच स्विगी ने शुक्रवार को कहा कि उसने आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम) के साथ साझेदारी में अपनी खाद्य वितरण सेवा का विस्तार भारत के 20 राज्यों के 100 रेलवे स्टेशन तक कर दिया है। रेलवे स्टेशनों तक भी अपना विस्तार करना जारी रखेगी।

### मुखर्जी एनएमडीसी के सीएमडी नियुक्त



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने अमिताव मुखर्जी को अपना नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। मुखर्जी अबतक कंपनी के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। अमिताव मुखर्जी को कंपनी के बोर्ड में सीएमडी के रूप में नियुक्त किया गया है। वह पदभार ग्रहण करने की तिथि यानी छह मार्च, 2025 से लेकर अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि यानी 29 फरवरी, 2028 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे।

# सेबी बोर्ड सदस्यों के हितों के टकराव के बारे में बताएगा : चेयरमैन पांडेय

मुंबई

पूंजी बाजार नियामक सेबी के नए चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को एक ऐसी व्यवस्था लेकर आने का वादा किया जिसमें सेबी बोर्ड के सदस्यों के लिए हितों के टकराव के बारे में जनता को बताना जरूरी होगा।

- पारदर्शिता बनाए रखने ऐसा करना जरूरी है

सेबी के चेयरमैन का एक मार्च को पदभार संभालने वाले पांडेय ने अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि पारदर्शिता के दृष्टिकोण से ऐसा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदमों से सेबी को समूचे परिवेश का भरोसा हासिल करने में मदद मिलेगी। पांडेय 'ग्लोबल वेल्थ समिट-2025' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## पदभार संभालने के बाद ग्लोबल वेल्थ सम्मिट में बोले

### एफआईआई की निकासी पर चिंता जताई

पांडेय ने कहा, "मुझे लगता है कि भरोसा और पारदर्शिता का मसला सेबी तक भी जाता है। हमें न केवल सभी हितधारकों का भरोसा अपने ऊपर बनाना है, बल्कि उस भरोसे को बनाए भी रखना है विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय बाजार से बढ़ती निकासी को लेकर चिंता के बीच सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक उनके परिचालन को नियंत्रित करने वाले नियमों को और अधिक तर्कसंगत बना रहा है।



### बोर्ड के हितों के टकराव पारदर्शी होना चाहिए

इस आरोप पर बाजार नियामक ने कहा था कि बुच ने 'प्रासंगिक खुलासे' किए थे और जरूरत पड़ने पर उन्होंने खुद को इससे अलग भी कर लिया था। पांडेय ने कहा, "मुझे लगता है कि हमें विभिन्न उपायों पर अधिक पारदर्शी होने की जरूरत है। मसलन, बोर्ड के हितों के टकराव आदि पर पारदर्शी होना होगा। उन्होंने कहा, "हम अपनी खुद की योजना के साथ आगे आएंगे ताकि अधिक पारदर्शिता के साथ हितों के टकराव आदि को जनता के सामने उजागर किया जा सके।"

### हिंडनबर्ग व बुच के बीच बना था टकराव

पिछले साल अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने सेबी की पिछली मुखिया माधबी पुरी बुच के खिलाफ संभावित हितों के टकराव के संबंध में कई आरोप लगाए थे। हिंडनबर्ग रिसर्च का एक आरोप अदाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में बुच के निजी निवेश से जुड़ा हुआ था।

### विदेशी पूंजी को आकर्षित करने सजग

चेयरमैन ने कहा, "हम विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए अनुकूल माहौल बनाने की जरूरत को लेकर सजग हैं। हम विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और वैकल्पिक निवेश कोष उद्योग प्रतिभागियों के साथ मिलकर उनकी कठिनाइयों का समाधान करने और संचालन को आसान बनाने के लिए विनियमों को और अधिक तर्कसंगत बनाने में खुश होंगे।"

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने फैसले को पलटने से किया इनकार

# सुप्रीम कोर्ट का धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट पर रोक से इनकार, अदाणी का टेंडर रद्द करने की थी मांग

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के लिए चल रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग को अस्वीकार कर दिया है। साथ ही, बॉम्बे हाईकोर्ट के अदाणी ग्रुप के पक्ष में दिए गए फैसले को पलटने से भी इनकार कर दिया। यह मामला तब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जब दुबई स्थित सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्प ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा अदाणी ग्रुप को यह परियोजना सौंपे जाने के फैसले को चुनौती दी।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और अदाणी ग्रुप को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। महाराष्ट्र सरकार ने 2019 में धारावी के पुनर्विकास के लिए टेंडर जारी किया था। इस प्रक्रिया में सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज ने 7,200 करोड़ रुपए की बोली लगाकर इसे अपने पक्ष में कर लिया था। लेकिन 2019 और 2022 के बीच आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव का हवाला देते हुए सरकार ने इस टेंडर को रद्द कर दिया।



### अदाणी ग्रुप ने 5069 करोड़ की बोली लगाई थी

2022 में एक नई निविदा जारी की गई, जिसमें अदाणी ग्रुप ने 5,069 करोड़ रुपए की बोली के साथ यह प्रोजेक्ट हासिल कर लिया। इसके खिलाफ सेक्लिंक ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन दिसंबर 2024 में हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को सही ठहराया।

- सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्प ने दायर किया था मामला
- सुप्रीम कोट ने अदाणी ग्रुप व सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी

*सुप्रीम कोर्ट का रुख : सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सभी मौजूदा नियमों और शर्तों का पालन किया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने यह भी कहा कि सेक्लिंक की 8,640 करोड़ रुपए की संशोधित बोली अदाणी की 5,069 करोड़ रुपए की बोली से अधिक है। कोर्ट ने सेक्लिंक को निर्देश दिया कि वह अपनी संशोधित बोली के विवरण के साथ एक हलफनामा प्रस्तुत करे। साथ ही, अदाणी ग्रुप को परियोजना से जुड़े सभी वित्तीय लेन-देन के लिए एक अलग बैंक खाता रखने का निर्देश दिया गया है।*

### आवास सुविधा

1 जनवरी 2000 से पहले बसे लोगों को मुफ्त आवास मिलेगा। 2000 से 2011 के बीच आए लोगों को रियायती दर पर मकान उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र निवासियों को धारावी में ही घर दिया जाएगा, जबकि अपात्र निवासियों को अन्य स्थानों पर बसाया जाएगा।

### सरकार की पहल और भूमि अधिग्रहण

महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार से मुंबई की साल्ट पैन भूमि को परियोजना के लिए देने का अनुरोध किया है।यह भूमि 283.4 एकड़ में फैली है और केंद्र सरकार इसका स्वामी है। राज्य सरकार इसे 99 वर्षों की लीज पर लेना चाहती है और इसके लिए केंद्र को बाजार दर के अनुसार भुगतान करने का प्रस्ताव दिया गया है।

### धारावी पुनर्विकासः प्रमुख पहलू

धारावी में फ्लैट्स, स्कूल, सामुदायिक हॉल, पार्क, अस्पताल और बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर बनाए जाएंगे। व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। पुनर्विकास से पहले धारावी के निवासियों को अस्थायी रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाएगा।

# भारत में इस साल औसत वेतन वृद्धि 8.8% रहने की उम्मीद

मुंबई

भारतीय कंपनियां वैश्विक और स्थानीय चुनौतियों से निपटते हुए अपने कर्मचारियों की पारिश्रमिक लागत से जुड़े बजट को अनुकूलतम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जिससे इस साल औसत वेतन वृद्धि 8.8 प्रतिशत रह सकती है।

वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 के लिए वेतन वृद्धि 8.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही रिपोर्ट कहती है कि 75 प्रतिशत कंपनियां या तो वेतन वृद्धि कम कर देंगी या पिछले वर्ष के समान ही रखेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां अधिकांश क्षेत्र वेतन वृद्धि को पिछले वर्ष की तुलना में स्थिर या मामूली रूप से कम रखेंगे, वहीं उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र में वेतन वृद्धि बजट में उल्लेखनीय कमी की उम्मीद है। डेलॉयट इंडिया में साझेदार प्रखर त्रिपाठी ने कहा, "कंपनियों की आय वृद्धि सुस्त पड़ने से उनका वेतन बजट स्वाभाविक रूप से दबाव में आ रहा है। नियंत्रित छंटनी और मध्यम मुद्रास्फीति कंपनियों को प्रतिभा परिणामों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए बिना वेतन वृद्धि को अनुकूलित करने में मदद कर रही है।"



- डेलॉयट इंडिया ने अपने रिपोर्ट में अनुमान जताया
- वेतन वृद्धि वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत रही थी

### कंपनियां प्रतिभाएं बनाए रखने पर दे रही ध्यान

डेलॉयट इंडिया टैलेंट आउटलुक-2025 रिपोर्ट सात क्षेत्रों की 500 से अधिक कंपनियों के निर्णयकर्ताओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियों के प्रमुख प्रतिभाओं को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### शीर्ष प्रदर्शन वाले कर्मियों को मिलेगा अधिक वेतन

शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी औसत प्रदर्शन करने वालों की तुलना में 1.7 गुना वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम है। इसमें कहा गया है कि व्यक्तिगत योगदानकर्ता और कनिष्ठ प्रबंधन स्तर के कर्मचारी शीर्ष प्रबंधन स्तर की तुलना में 1.3 गुना वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

# व्यापार युद्ध की चिंताओं से शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई

वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर बनी अनिश्चितताओं से निवेशकों ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में जोखिम लेने से परहेज किया। इससे बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में बिकवाली के रुख और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी का सिलसिला जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 246.34 अंक चढ़कर 74,586.43 पर पहुंच गया था। हालांकि, निफ्टी 7.80 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 89 अंक बढ़कर 22,633.80 के स्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक बाजार में अमेरिका के शुल्क लगाने और दूसरे देशों की जवाबी चेतावनियों के कारण अनिश्चितता बढ़ गई है। इस अस्पष्टता के कारण जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इक्विटी को लेकर आकर्षण घटा है।



### इन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर चढ़कर बंद हुए।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक में नुकसान देखने को मिला।

# बीओबी ने महिलाओं के लिए विशेष बचत खाता किया शुरू

- बैंक ने बॉब ग्लोबल वूमेन एनआई व एनआरओ बचत खाता शुरू किया
- उच्च ब्याज प्राप्त करने के साथ आवास व वाहन ऋण मिलेगा

नई दिल्ली

बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने शुक्रवार को 'ऑटो स्वीप' सुविधा से लैस 'बॉब ग्लोबल वूमेन एनआरई और एनआरओ बचत खाता' शुरू करने की घोषणा की। इससे ग्राहकों को उच्च ब्याज प्राप्त करने के साथ सस्ती दर पर आवास ऋण और वाहन ऋण प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

बीओबी महिला खाताधारकों के लिए ऐसा खाता लेकर आने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक है। इस खाते में कर्ज पर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

प्रसंस्करण शुल्क भी कम लगेगा। बैंक ने अपने प्रमुख एनआरआई पेशकशों में से एक बॉब प्रीमियम एनआरई (प्रवासी बाह्य खाता) और एनआरओ (प्रवासी साधारण खाता) बचत खाते में सुधार किया है जिससे ग्राहकों को अधिक फायदेमंद बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए इसकी सुविधाओं और लाभों को बढ़ाया गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यकारी निदेशक बीना वहीद ने कहा, /"बॉब ग्लोबल वूमेन एनआरई और एनआरओ बचत खाता आज की वैश्विक भारतीय महिलाओं की बदलती गतिशीलता को पहचानता है। इसे महिलाओं को प्रीमियम बैंकिंग विशेषाधिकार और सोच-समझकर तैयार की गई सुविधाएं प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### थिंग गैस का मीटर आपूर्ति के लिए पोलारिस से करार



**मुंबई।** शहरी गैस वितरण कंपनी थिंक गैस ने स्मार्ट गैस मीटर की आपूर्ति के लिए पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग के साथ 500 करोड़ रुपये का समझौता किया है। थिंक गैस ने शुक्रवार को बयान में कहा कि समझौते के तहत, पोलारिस 10 लाख अत्याधुनिक स्मार्ट गैस मीटर की आपूर्ति के साथ व्यापक 'हेड-एंड सिस्टम' और 'मीटर डेटा प्रबंधन प्रणाली समर्थन' प्रदान करेगी। अनुबंध '500 करोड़ रुपये से अधिक' का है। थिंक गैस के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिलेश गुप्ता ने कहा, "भारत जैसे-जैसे अधिक ऊर्जा दक्षता की ओर बढ़ रहा है।

## फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 19 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 8,968 इकाई हो गई जिसमें टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। वाहन वितरकों के निकाय फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले साल इसी महीने में कुल यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री 7,539 इकाई रही थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटो डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने फरवरी, 2025 के ईवी बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि टाटा मोटर्स ने पिछले महीने 3,825 इकाइयां बेचीं, जबकि एमजी मोटर इंडिया ने 3,270 इकाइयां बेचीं। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने एक बयान में कहा,"इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों ने सालाना आधार पर 18.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता और व्यक्तिगत वाहन क्षेत्र में ईवी को अपनाने की प्रवृत्ति दर्शाती है। अब ईवी की बाजार हिस्सेदारी तीन प्रतिशत हो गई है।

पिछले महीने दोपहिया ईवी खंड में 76,086 इकाइयों की बिक्री हुई, जो फरवरी, 2024 में 82,745 इकाइयों की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। बजाज ऑटो ने पिछले महीने 21,389 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ इस खंड का नेतृत्व किया।

**दोपहिया वाहन खंड में गिरावट रही**

विग्नेश्वर ने कहा,"इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड में 8.05 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, लेकिन इसकी कुल दोपहिया वाहन खंड में 5.6 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।"

## सोना 89,000 के स्तर से नीचे फिसला, चांदी में तेजी



**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे फिसल गयी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह सोने में गिरावट का दूसरा दिन था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं के साथ-साथ खुदरा लिवालों की ओर से मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

इसके साथ इसमें लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही। पिछले चार सत्रों में चांदी में 3,100 रुपये की तेजी आई है।

## इस सेगमेंट में मारुति की ब्रेजा से लेकर किआ की सोनेट तक है पापुलर

# भारतीय बाजार में कॉम्पैक्ट एसयूवी सेंगमेंट की बढ़ी मांग

नई दिल्ली

भारतीय ग्राहकों के बीच कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट की डिमांड में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। इस सेगमेंट में मारुति सुजुकी ब्रेजा, फ्रोंक्स, टाटा नेक्सन, हुंडई वेन्यू, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्स0 और किआ सोनेट जैसी एसयूवी जबरदस्त पॉपुलर है।

- फरवरी 2025 में मारुति की फ्रोंक्स इसमें टॉप पोजीशन हासिल की

अगर बीते महीने यानी फरवरी, 2025 में हुई इस सेगमेंट के बिक्री की बात करें तो मारुति सुजुकी फ्रोंक्स ने इसमें टॉप पोजीशन हासिल किया। इसके अलावा, मारुति फ्रोंक्स लांच होने के बाद पहली बार देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार भी बन गई।

### कुछ ऐसा है एसयूवी का पावरट्रेन

अगर पावरट्रेन की बात करें तो मारुति सुजुकी फ्रोंक्स में ग्राहकों को 2 इंजन का ऑप्शन मिलता है। पहला 1.0-लीटर टर्बो पैट्रोल इंजन से लैस है जो 100बीएचपी की अधिकतम पावर और 148एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। जबकि दूसरा 1.2-लीटर पेट्रोल इंजन से लैस है जो 90बीएचपी की अधिकतम पावर और 113एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। ग्राहकों को कार में ऑटोमेटिक और मैनुअल, दोनों ट्रांसमिशन का ऑप्शन मिलता है। इसके अलावा, कार में सीएनजी का भी ऑप्शन मिलता है जो 77.5बीएचपी की अधिकतम पावर और 98एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है।





### फ्रोंक्स 2023 में हुई लांच

कंपनी ने मारुति फ्रोंक्स को अप्रैल, 2023 में भारतीय मार्केट में लांच किया था। मारुति फ्रोंक्स ने साल 2023 में कुल 94,393 और 2024 में 1,56,236 यूनिट कार की बिक्री की थी। इसके अलावा, लांच के 10 महीनों में 1,00,000 यूनिट बिक्री करके मारुति फ्रोंक्स देश की सबसे तेजी से बिकने वाली कार बन गई थी। जबकि अगले 7 महीनों में मारुति फ्रोंक्स ने 2,00,000 यूनिट बिक्री का आंकड़ा भी पार कर लिया। बीते महीने यानी फरवरी, 2025 में मारुति फ्रोंक्स को कुल 21,461 नए ग्राहक मिले।

### एसयूवी की कीमत

दूसरी ओर कार के केबिन में ग्राहकों को 9-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, क्रूज कंट्रोल और वायरलेस फोन चार्जिंग जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा, सेफ्टी के लिए एसयूवी में 6-एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम और 360-डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स दिए गए हैं। भारतीय मार्केट में मारुति सुजुकी फ्रोंक्स की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 7.52 लाख रुपए से लेकर टॉप मॉडल में 13.04 लाख रुपए तक जाती है।

### कौशल एचपीसीएल के चेयरमैन नियुक्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने निजी क्षेत्र के सलाहकार विकास कौशल को पांच साल के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

कौशल (53) ने इससे पहले प्रबंधन परामर्शदाता केर्नी में ऊर्जा और प्रक्रिया उद्योगों के लिए वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में काम किया है। उन्होंने केर्नी इंडिया के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में भी काम किया है।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर तीसरी बार जीता चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

दुबई

अब तक अपने प्रत.द्विंद्वियों और आलोचकों को हाशिए पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा। साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा। दोनों टीमें चार-चार स्पिनर्स उतारने की रणनीति बना रहे हैं। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं।

- चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले का प्रसारण दोपहर 2.30 बजे

क्रिकेट जगत का एक तबका सारे मैच दुबई में खेलने का अनुचित फायदा उठाने के लिए भारत की लगातार आलोचना कर रहा है। लेकिन अब इस तर्क में दम नहीं लगता क्योंकि न्यूजीलैंड टीम भी यहां खेल चुकी है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास इसलिए भी बढ़ा हुआ है क्योंकि उसकी स्पिन चौकड़ी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सपाट पिच पर काफी कामयाब रही है। ऐसा लगता है कि भारतीय टीम चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों का संयोजन लेकर ही उतरेगी।




## रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा फाइनल

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली। टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

## जियो हॉटस्टार पर देखें मैच

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। टॉस 2 बजे होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क, स्टार स्पोर्ट्स हिन्दी पर प्रसारण होगा। फैंस डीडी स्पोर्ट्स पर फ्री में मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। मोबाइल पर जियो हॉटस्टार एप पर देख सकते हैं।

## वरुण देव का चलेगा चक्र

दाहिने हाथ के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने विरोधी बल्लेबाजों को पूरे टूर्नामेंट में परेशान रखा है। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी है। उनकी सटीकता ने बल्लेबाजों को गैर जिम्मेदाराना शॉट्स खेलने के लिए मजबूर किया। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो ये चारों गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

## फिरकी चौकड़ी पर कीवियों को भरोसा

न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी उम्मीद केन विलियमसन और रचिन रविंद्र होंगे जो स्पिन को खेलने में महारत रखते हैं। न्यूजीलैंड के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनेर, माइकल ब्रेसवेल, रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स के रूप में धुरंधर स्पिनरों की चौकड़ी है जो उनके लिए यही काम कर सकती है। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारत को काफी परेशान किया था और एक बार फिर वे 2000 के बाद पहली बार आईसीसी वनडे खिताब जीतने की कोशिश में उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। पच्चीस साल पहले नैरोबी में न्यूजीलैंड ने फाइनल में भारत को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट जीता था।

### टीमें इस प्रकार हैः

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड :** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

## खबर संक्षेप

### ज्वेरेव को दूसरे दौर में मिली हार



**इंडियन वेल्स।** नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में 4-6, 7-6 (5), 7-6 (4) से हरा दिया। इससे आठ दिन पहले ज्वेरेव को अमेरिका की लीर्नर टियेन ने मैक्सिको में 6-3, 6-4 से मात दी थी। ग्रीकस्पूर का सामना अब जियोवान्नी एमपेत्शी से होगा।

### भारत प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड भी मजबूत



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था। न्यूजीलैंड ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी।

### ग्रुप चरण में मिली हार से बहुत कुछ सीखा



**दुबई।** भारत के हाथों ग्रुप चरण में मिली हार से अविचलित न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग को उम्मीद है कि उनकी टीम रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकेगी। यंग ने डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र के साथ टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी है। उन्होंने कहा, 'हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा।'

### भारतीय निशानेबाजी लीग 24 नवंबर से



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने बताया कि पहली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) को खेल की वैश्विक नियामक संस्था से 'विंडो' मिल गई है और यह टूर्नामेंट अब 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का प्रस्ताव रखा था और पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार इसका आयोजन मार्च में होना था। एनआरएआई ने राष्ट्रीय महासंघ के शासी निकाय से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पिछले साल नवंबर में एसएलआई की मेजबानी करने के अपने इरादे की घोषणा की थी।

### शुभमन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड के लिए नामित



**दुबई।** पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स के साथ फरवरी के आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गिल ने फरवरी में खेले गए पांच वनडे मैच में 101.50 के औसत और 94.19 के स्ट्राइक-रेट से 406 रन बनाए। वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई में हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में गिल ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 87, 60 और 112 रन बनाए।

## अरविंद प्राग मास्टर्स में बने चैंपियन दूसरे स्थान पर रहे आर प्रज्ञानानंदा



प्राग

ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने कॅरियर का पहला बड़ा खिताब जीता जिससे शतरंज में भारत का दबदबा जारी रहा।

अरविंद ने हमवतन आर प्रज्ञानानंदा सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर यह खिताब जीता। 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीए के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा नीदरलैंड के अनीश गिरी से हारकर पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु के अरविंद ने टूर्नामेंट में तीन जीत और छह ड्रा के बाद संभावित नौ में से छह अंक हासिल किए। प्रज्ञानानंदा ने गिरी और चीन के शीर्ष वरीय वेई यी के साथ पांच अंक हासिल कर अपने अभियान का समापन किया। रविंद ने कहा, 'मैं पिछले दो दिन ठीक से सो नहीं पाया हूं। सातवें राउंड तक पूरी तरह से ठीक था और फिर मुझे यह बढ़त मिल गई जिससे दबाव था।' उन्होंने ने अपने गुरु और कोच ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश की भी प्रशंसा की और अनीश गिरी के खिलाफ अपने मैच को टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास बताया। भारत की दिव्या देशमुख ने चैलेंजर्स वर्ग में यूनान की स्टैमाटिस कौरकुलस-अर्डिटिस के खिलाफ अपनी अंतिम दौर की बाजी जीत ली।

- नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीए के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए

## प्रणव ने जीती विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के प्रणव वेंकटेश ने मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली। भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया। पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए। जब अंतिम दौर की जोड़ियों की घोषणा की गई तो यह स्पष्ट था कि वेंकटेश के लिए ड्रॉ ही काफी होगा।




## भारत ने जीती बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला

नई दिल्ली

भारत ने शनिवार को यहां करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीत ली। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने किया था जिसमें दक्षिण अफ्रीका भाग लेने वाली तीसरी टीम थी। भारत के कुलदीप सिंह ने फाइनल में पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारत के ही अभिषेक सिंह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। टूर्नामेंट के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह ने किया। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, 'इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की ऊर्जा से पता चलता है कि विश्व में बधिर खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देना कितना जरूरी है। इस त्रिकोणीय श्रृंखला के प्रति दिलचस्पी से बधिर क्रिकेट का भविष्य उज्वल नजर आता है।

## चर्चिल ब्रदर्स ने शिलांग लाजोंग को हराया

गोवा

कोलंबिया के सेबेस्टियन गुटिरेज की हैट्रिक से चर्चिल ब्रदर्स ने शुक्रवार को यहां आई लीग मैच में आठ खिलाड़ियों की शिलांग लाजोंग एफसी पर 6-1 से जीत दर्ज की।

यह मैच नाटकीयता भरा रहा जिसमें दो सनसनीखेज गोल, तीन पेनल्टी, एक आत्मघाती गोल और तीन लाल कार्ड शामिल थे। और यह सब दूसरे हाफ में हुआ। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के तीन गोल के अलावा पापे गसामा (50वें मिनट) और वेडे लेके (90+3वें मिनट) ने भी पेनल्टी को गोल में बदला।



### हैट्रिक लगा दी

इस जीत से चर्चिल ब्रदर्स की टीम इंटर काशी को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई। दोनों टीम के 18 मैच में 34 अंक हैं लेकिन बेहतर रिकॉर्ड के कारण चर्चिल ब्रदर्स शीर्ष पर है। मार्कोस रूदवेरे जेनार सिल्वा ने 27वें मिनट में गोल कर शिलांग लाजोंग ने बढ़त दिला थी। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के 52वें, 66वें और 78वें मिनट में हैट्रिक लगा दी। रानित सरकार ने 73वें मिनट में आत्मघाती गोल दागा।



## बंगाल ने उत्तर प्रदेश को बराबरी पर रोका

**पंचकुला।** बंगाल ने आखिरी क्वार्टर की शुरुआत तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया।

डिवीजन ए के इस मैच में उत्तर प्रदेश की तरफ से साक्षी शुक्ला (24वें मिनट), हिना बानो (32वें) और अंजलि महतो (51वें) ने गोल किए। बंगाल की तरफ से रोहिता मिंज (48वें) ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पहला गोल किया। इसके बाद सेलेस्टिना होरो (52वें) और अनीशा डुंगडुंग (56वें) ने अंतिम क्षणों में दो गोल करके रोमांचक ड्रॉ सुनिश्चित किया।

## इशप्रीत ने स्नूकर क्लासिक के क्वार्टर में रचा इतिहास

**मुंबई।** मुंबई के इशप्रीत सिंह चड्ढा ने शुक्रवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक 2025 के 'बेस्ट-ऑफ-नाइन' क्वार्टर फाइनल मैच में रेलवे के दिलीप कुमार पर 5-0 की जीत के दौरान अधिकतम 147-ब्रेक बनाकर एक तरह का इतिहास रच दिया। इशप्रीत दिग्गज खिलाड़ी गीत सेठी (गुजरात) और आदित्य मेहता (मुंबई) के बाद 147 का ब्रेक बनाने वाले तीसरे भारतीय हैं। कई राष्ट्रीय खिताबों के विजेता सेठी ने 1988 के गुंटूर नेशनल्स के दौरान यह मुकाम हासिल किया था।

पीएसपीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मेहता ने 2013 में बैंगलुरु में एशियाई खेलों के चयन टूर्नामेंट और प्रो सर्किट पर जर्मनी में एक टूर्नामेंट के दौरान 147 का स्कोर बनाया था। मौजूदा एशियाई और स्नूकर में राष्ट्रीय चैंपियन पंकज आडवाणी ने भी रेलवे के मलकीत सिंह को 5-1 से हराया। रेलवे के क्वालीफायर फैजल खान ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ब्रिजेश दमानी को एकतरफा क्वार्टर फाइनल मैच में 5-0 से करारी शिकस्त दी। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन कमल चावला ने सीसीआई सदस्य हसन बादामी की उम्मीदों को तोड़ते हुए 5-1 से जीत हासिल की।



### धनश्री से तलाक के बाद 'मिस्ट्री गर्ल' संग नजर आए चहल

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है. इस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए 252 रनों का लक्ष्य दिया है. भारतीय क्रिकेट टीम ने अब तक 18 ओवर में बिना विकेट खोए 103 रन बना लिए हैं. भारत के लिए रोहित शर्मा 69 और शुभमन गिल 29 रन बनाकर क्रीज पर बने हुए हैं. इस मैच को देखने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल भी दुबई पहुंचे हैं, जो हाल ही में अपने पत्नी और डांसर धनश्री वर्मा से तलाक के बाद सुर्खियों में आए थे. लेकिन चहल इस मैच में अकेले नहीं आए हैं. उनके साथ स्टेडियम में एक मिस्ट्री गर्ल को मैच देखते हुए पाया गया. इसके बाद से सोशल मीडिया पर इन दोनों का पोस्ट तेजी से वायरल होने लगा और फैंस इस मिस्ट्री गर्ल के बारे में जानने को काफी उत्साहित नजर आए. चहल और इस मिस्ट्री गर्ल के पोस्ट पर लोग तरह-तरह के कमेंट भी कर रहे हैं.आपको बता दें कि युजवेंद्र चहल ने अपनी पत्नी धनश्री वर्मा से फरवरी 2025 में तलाक ले लिया था. इन दोनों ने साल 2020 में गुरुग्राम में शादी रचाई थी.

### प्राग मास्टर्स में खिताब जीतकर रचा इतिहास

## चिंदबरम को मिल रहा त्याग और मेहनत का फल

नई दिल्ली

प्राग मास्टर्स में खिताब जीतने वाले अरविंद चिंदबरम वैश्विक शतरंज में डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंद की तुलना में देर से उभरे हैं और 25 साल की उम्र में उन्होंने जिस तरह से जीवन की बाधाओं को पार किया है, उसे देखते हुए लगता है कि वह प्रगति करते रहेंगे। मदुरै में जन्मे अरविंद जब तीन वर्ष के थे, उन्होंने अपने पिता को खो दिया था और उनकी मां एलआईसी एजेंट के रूप में काम करती थीं। उन्होंने मदुरै छोड़कर चेन्नई में बसने का फैसला किया जो भारत की अनौपचारिक शतरंज की राजधानी है।

अब वर्षों के त्याग और कड़ी मेहनत का फल आखिरकार मिल रहा है। विश्व चैंपियन गुकेश वेल्लामल स्कूल में पढ़ते थे और अब वहीं से एक और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिल गया है। अरविंद आखिरकार गुकेश के सीनियर हैं।



अरविंद को प्राग में जीत से पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिल गया है। उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट के दौरान मुझे निमंत्रण मिल रहे हैं और ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड और ब्लिट्ज उनमें से एक है।' आम तौर पर विश्व रैंकिंग में शीर्ष-20 में जगह बनाने पर शीर्ष टूर्नामेंट में कम से कम कुछ निमंत्रण की गारंटी होती है लेकिन प्राग से पहले ही अरविंद ने शारजाह मास्टर्स और बील इंटरनेशनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि की थी जो क्रमशः मई और जुलाई में होने वाले इवेंट हैं। अरविंद को अब चोलामंडलम समूह का समर्थन प्राप्त है।

### ओपन स्पर्धा 2023 के बाद बदली किस्मत

बहुत कम लोगों को याद है कि जब 2013 में विश्वनाथन आनंद ने चेन्नई में मैग्नस कार्लसन को अपना विश्व खिताब गंवा दिया था, उसी समय स्कूली छात्र अरविंद शहर के दूसरी ओर एक अंतरराष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता में ध्यान आकर्षित कर रहे थे। यह वही टूर्नामेंट था जहां अरविंद ने ओपन स्पर्धा जीतकर अपना पहला जीएम नॉर्म हासिल किया और तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह 2015 में ग्रैंडमास्टर बन गए और लगातार सुधार कर रहे हैं। 2019 में अरविंद ने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में इंडियन ओपन जीता और यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। पिछले नवंबर में उन्होंने आखिरकार चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट जीता और 2700 ईएलओ रेटिंग को पार किया।

## रोहित शर्मा और विराट कोहली ने चैंपियन बनते ही अनोखे अंदाज में मनाया जीत का जश्न

एजेंसी

**नई दिल्लीः** भारतीय क्रिकेट टीम ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों की अगुवाई में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है. भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया. इस मैच में मैच में रविंद्र जडेजा के बल्ले से विजय रन निकले.

**रोहित और कोहली ने मैदान पर की तलवारबाजी**

जैसे ही रविंद्र जडेजा ने 49वें ओवर की अंतिम बॉल पर चौका लगाया भारतीय खिलाड़ी मैदान पर खुशी में दौड़ते हुए पहुंच गए. इस दौरान रोहित शर्मा और विराट कोहली भी मैदान पर तलवार बाजी करते हुए नजर आए. दरअसल मैच जीतने के बाद दोनों खिलाड़ी मैदान पर आए गए और उन्होंने स्टंप उठा लिए और पिच पर ही एक दूसरे के साथ तलवारबाजी शुरू कर दिया. इसको देखकर भारतीय फैंस भी काफी खुश हैं कि उनके दोनों अनुभवी खिलाड़ियों का प्यार मैदान पर देखने के लिए इस तरीके से मिला है.

**रोहित शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच**

इस मैच में न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए. भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बनाकर मैच को 4 विकेट से जीत लिया. भारत ने रोहित शर्मा 76 रनों की पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया. उनके अलावा शुभमन गिल 31 और श्रेयस अय्यर 48 रनों का योगदान दिया. भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए.

# अमेरिकी शुल्क का फार्मा पर होगा सबसे ज्यादा असर, वाहन क्षेत्र पर प्रभाव कम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में फार्मा आयात पर बढ़ाए गए शुल्क से भारतीय दवा निमार्ताओं पर गंभीर असर पड़ सकता है क्योंकि इससे उनकी उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले निर्यात कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। कम मार्जिन पर काम करने वाली छोटी दवा कंपनियों पर गंभीर दबाव पड़ सकता है, जिससे उन्हें एकीकरण या कारोबार बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। दूसरी ओर, वाहन क्षेत्र पर इसका बहुत कम प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिका एक छोटा निर्यात बाजार है।



भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे। भारत वर्तमान में अमेरिकी दवाओं पर लगभग 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है, जबकि अमेरिका भारतीय दवाओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगाता है। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार अरविंद शर्मा ने कहा कि हाल के इतिहास में, अमेरिका अपनी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दवा उत्पादों का शुद्ध आयातक रहा है।

उन्होंने कहा, यदि अमेरिका, भारत से दवा आयात पर भारी शुल्क लगाने का फैसला करता है, तो इसका असर भारतीय दवा क्षेत्र पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा और साथ ही इसकी घरेलू खपत भी बाधित होगी। अमेरिका में दवा आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा भारतीय दवा कंपनियां करती हैं। साल 2022 में अमेरिका में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए पर्चों में 40 प्रतिशत यानी 10 में से चार के लिए दवाओं की आपूर्ति भारतीय कंपनियों ने की थी। उद्योग सूत्रों के अनुसार, कुल मिलाकर, भारतीय कंपनियों की दवाओं से 2022 में अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को 219 अरब डॉलर की बचत हुई और 2013 से 2022 के बीच कुल 1,300 अरब डॉलर की बचत हुई।

भारतीय कंपनियों की जेनेरिक दवाओं से अगले पांच वर्षों में 1,300 अरब डॉलर की अतिरिक्त बचत होने की उम्मीद है। शर्मा ने कहा कि भारत का दवा उद्योग वर्तमान में अमेरिकी बाजार पर काफी हद तक निर्भर है, और इसके कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा लगभग एक-तिहाई है। शर्मा ने कहा कि शुल्क लगाने से अमेरिका अनजाने में अपने घरेलू स्वास्थ्य देखभाल लागत में वृद्धि कर सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा और बदले में स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच दुर्लभ हो जाएगी। वाहन क्षेत्र के बारे में विस्तार से बताते हुए इंडसलॉ के साझेदार शशि मैथ्यूज ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की हालिया घोषणाओं का विशेष रूप से भारतीय वाहन क्षेत्र पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, इसका कारण यह है कि भारत में प्रवेश भले ही अच्छी तरह से संरक्षित हो और इस प्रकार भारी कर लगाया जा सकता है, लेकिन अमेरिका में आयात के लिए जवाबी शुल्क, जो कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र के लिए एक छोटा निर्यात बाजार है, हमें ज्यादा प्रभावित नहीं करेगा।

# हिंदू मंदिर पर हमला, दीवारों पर लिखे गए पीएम मोदी और भारत विरोधी नारे

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हाल के दिनों में भारत और हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच एक चिंताजनक घटना सामने आई है. कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स शहर में स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर पर हमला किया गया है. यह घटना 9 मार्च 2025 को हुई, जो अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हाल ही में हुए हमलों में से दूसरी बड़ी घटना है. इस हमले के दौरान मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक संदेश लिखे गए. इसके अलावा, मंदिर परिसर को अपवित्र करने का भी प्रयास किया गया. इस घटना के बाद हिंदू



समुदाय के बीच चिंता और असुरक्षा का माहौल बन गया है.

इस घटना पर मंदिर प्रशासन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह हमला हिंदू समुदाय के प्रति नफरत की एक और घटना का हिस्सा है. बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स की ओर से एक बयान में कहा गया कि वे इस नफरत को अपने समुदाय में जड़ें नहीं जमाने देंगे. BAPS पब्लिक अफेयर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के माध्यम से कहा, चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर हम नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे. हमारी साझा मानवता और आस्था सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा का वातावरण बना रहे.ह्व इस घटना को लेकर चीनो हिल्स पुलिस विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है. हालांकि, हिंदू समुदाय ने इस हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है. अमेरिका में हाल के वर्षों में हिंदू समुदाय और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं. इस हमले के बाद से भारतीय मूल के नागरिकों में गहरी चिंता व्याप्त है.

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में पूरे उल्लास के साथ निभाई गई हल्दी की रस्म

## श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव : भव्यता और श्रद्धा का संगम, दरबार में जुटे शिवभक्त

एजेंसी

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) की पूर्व संध्या पर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में हल्दी की पारंपरिक रस्म पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ हुई। इस अवसर पर धाम में भक्ति, उल्लास और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भक्तिमय माहौल ने काशी की गलियों को मंगलमय कर दिया। दरबार में उत्सव की शुरूआत प्रातःकाल मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मस्थल से बाबा विश्वनाथ के लिए भेजी गई हर्बल अबीर-गुलाल और अन्य उपहार सामग्री के आगमन से हुई। साथ ही, सोनभद्र से आए वनवासी समाज के भक्तों द्वारा भेंट किए गए राजकीय फूल पलाश से निर्मित हर्बल गुलाल



को भी बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में अर्पित किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान का नेतृत्व मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र और डिप्टी कलेक्टर शम्भु शरण ने किया। उन्होंने विधि-विधानपूर्वक श्री विश्वेश्वर का पूजन कर हर्बल गुलाल चढ़ाया, जिससे गर्भगृह का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। पूजन के उपरांत बाबा विश्वनाथ की चल रजत प्रतिमा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जो मंदिर चौक से होकर गुजरी। इस आलौकिक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। हजारों भक्तों ने इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेकर बाबा विश्वनाथ और मां गौरा की प्रतिमा पर हल्दी अर्पित की। हल्दी की इस परंपरा को सौभाग्य, मंगलकामना और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस महोत्सव में मथुरा से आए भक्तगण, श्री कृष्ण जन्मस्थली से उपहार लेकर आए श्रद्धालु, इतिहासकार एवं लेखक विक्रम सम्पत और वनवासी समाज के भक्तों ने विशेष रूप से सहभागिता की। विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के संगम ने काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। मंदिर न्यास के अनुसार, यह आयोजन न केवल काशी विश्वनाथ धाम के भक्तों के बीच एकता और आस्था को मजबूत करता है बल्कि काशी की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का प्रयास है। रंगभरी एकादशी महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करना और काशी की सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है।

### तीन दिवसीय लोक उत्सव में दूसरे दिन अलौकिक छटा


इस वर्ष रंगभरी एकादशी को त्रिदिवसीय लोक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बीते शनिवार को बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा को शास्त्रीय अर्चना के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम् मंच के निकट तीन दिनों के लिए विराजमान किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है।

### काशी की सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव

गौना उत्सव के माध्यम से काशी की प्राचीन परंपराएं और संस्कृति पुनर्जीवित हो रही हैं। यह महोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि काशी की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक प्रयास भी है। श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव काशी की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह भव्य आयोजन श्रद्धालुओं को काशी की अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है। धर्मनगरी काशी में प्रयागराज महाकुंभ से लौटे श्रीपंचायती महानिवार्णी अखाड़ा के नागा संतों ने पंचकोशी यात्रा पूरी कर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ दरबार में उपस्थिति लगायी। इस दौरान काशी विश्वाथ का दरबार हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। महानिवार्णी अखाड़ा के नेतृत्व में संतों ने पांच दिवसीय यात्रा के उपरांत मणिकर्णिका चक्र पुष्कर्णी तीर्थ कुंड में संकल्प का विसर्जन किया। इसके बाद विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# संक्षिप्त खबर

## बदायूं में किसान की गोली मारकर हत्या



**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले मेंमुर्गी फार्म में सो रहे एक किसान की कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात को जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के जरसेनी गांव में रामपाल (32) मुर्गी फार्म में सो रहा था, तभी दो अज्ञात हमलावर देर रात करीब दो बजे फार्म में घुस आए और उसके सिर में गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस को रामपाल की पत्नी अशलेख ने बताया कि उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना की सूचना मिलने पर बिल्सी पुलिस और क्षेत्राधिकारी (सीओ) संजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और मृतक की पत्नी तथा अन्य लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। सीओ ने कहा, हम जल्द ही मामले का खुलासा कर देंगे। ग्रामीणों के मुताबिक जिस मुर्गी फार्म में यह घटना हुई, वहां कोई मुर्गी पालन नहीं हो रहा था। बल्कि रामपाल और उनकी पत्नी इसे घर की तरह इस्तेमाल कर रहे थे और वहां खेती भी करते थे।

## बरेली में ट्रेन की पटरी पर मिला पीएसी जवान का शव

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के लखनऊ स्थित आवास पर तैनात प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) का एक जवान रविवार सुबह मीरगंज इलाके में रेलवे ट्रैक पर मृत पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा ने बताया कि पीएसी जवान अंकुर कुमार का क्षत-विक्षत शव सुबह करीब साढ़े छह बजे गुला फाटक के पास मिला। वह 47वीं बटालियन पीएसी गाजियाबाद में तैनात था। उसका मोबाइल फोन घटना स्थल के पास में ही बरामद किया गया और एक इनकमिंग कॉल से उसकी पहचान की पुष्टि हुई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले केमनोहरा गांव का निवासी अंकुर कुमार लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर तैनात था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और उसके परिवार को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## महिलाओं को डर के साये में नहीं रहना चाहिए, महिला बाइक रैली में बोलीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता



नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकताओं और पैरालिंपियन सहित सात महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने एक दैनिक अखबार की ओर से आयोजित एक महिला बाइक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला बाइक चालक सशक्तीकरण का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, 'आपने उन लोगों को गलत साबित कर दिया है जो कहते हैं कि महिलाएं कुछ चीजें नहीं कर सकतीं।' सम्मानित होने वाली सात महिलाओं में जम्मू-कश्मीर की पहली अंतरराष्ट्रीय कार रेसर हुमैरा मुश्ताक, अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान दिव्या काकरान, घरेलू हिंसा से पीड़ित और समान संघर्ष वाली महिलाओं के लिए गैर सरकारी संगठन की स्थापनाकरने वाली स्वीटी मेहता, मादक पदार्थों के लती लोगों के पुनर्वास के क्षेत्र में व्यापक रूप से काम करने वाली रेखा जिंदल, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को कंप्यूटर सिखाने के लिए खुद को समर्पित करने वाली नलिनी अस्थाना, पैरा एथलीट कंचन लखानी और सामाजिक कार्यकर्ता नीतू चौधरी शामिल थीं।

## मथुरा पुलिस ने 36 मुक्दमों में वांछित एक लाख का ईनामी फाती को मुठभेड़ में किया ढेर



**मथुरा।** मथुरा पुलिस प्रशासन ने जहां विश्व प्रसिद्ध बरसाना लट्ठा मार होली सकुशल सम्पन्न कराई है वहीं मथुरा की थाना हाईवे पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर को रविवार तड़के हाईवे स्थित हुई मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसकी यूपी के साथ ही राजस्थान, जम्मू कश्मीर सहित कई राज्यों तलाश थी। शातिर पर तीन दर्जन से अधिक हत्या और डकैती के मामले दर्ज थे। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी, बदमाश एक गैंग भी ऑपरेट करता था, वह उसका सरगना था, मुठभेड़ के दौरान बदमाश के तीन साथी फरार हो गए। पुलिस जिनकी गिरफ्तारी के लिए सरगर्मी से जुटी है। विदित रहे कि हापुड़ के गढ़ मुक्तेश्वर के रहने वाले फाती उर्फ असद उर्फ कदीम उर्फ बल्लू उर्फ पहलवान पर हापुड़ में ही 36 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। राजस्थान और जम्मू कशमीर में भी उसके खिलाफ केस दर्ज हैं, असद ने हत्या, लूट और डकैती जैसे कई जघन्य अपराधों को अंजाम दिया था, वह एक गिरोह भी चलाता था, वह इस गैंग का सरगना था. बदमाश काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार की तड़के फाती के बारे में इनपुट मिला, पता चला कि वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है, वह अपने तीन साथियों के साथ थाना हाईवे इलाके के कृष्णा कुंज कॉलोनी में छिपा है, इसके बाद हाईवे थाना पुलिस घेराबंदी की। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी, हाईवे पुलिस की जवाबी कार्रवाई में फाती को गोली लग गई, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसके तीनों साथी फरार हो गए। आनन फानन में घायल बदमाश को जिला अस्पताल ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


## पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के जनशक्ति प्रदर्शन को देखते हुए काठमांडू में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात

**काठमांडू।** काठमांडू में रविवार को पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के पक्ष में जनशक्ति प्रदर्शन को देखते हुए काठमांडू के चप्पे-चप्पे पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। कई रास्तों को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। काठमांडू हवाईअड्डे पर भी आज सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी की गई है। बिना टिकट के किसी को भी मुख्य द्वार से ही भीतर जाने की इजाजत नहीं दी गई है। दरअसल, लंबे समय के बाद नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह रविवार को काठमांडू लौट रहे हैं। यहां ज्ञानेन्द्र शाह हवाई अड्डे से अपने निवास तक हजारों समर्थकों के साथ एक रोड शो कर अपनी जनशक्ति का प्रदर्शन करेंगे। पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के काठमांडू आने पर स्वागत करने के लिए उनके हजारों समर्थक हवाईअड्डा पर पहुंच चुके हैं।

# सुप्रीम कोर्ट से पूर्व आबकारी अधिकारी को मिली जमानत, रिहाई के लिए करना होगा इंतजार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में एक पूर्व आबकारी अधिकारी को जमानत दे दी. लेकिन वो तत्काल रिहा नहीं हो पाएंगे. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आबकारी अधिकारी को 10 अप्रैल को रिहा किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जांच प्रभावित न हो. न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने सुनवायी के बाद ये आदेश दिये.



### क्या कहा पीठ ने

आरोपी अरुण पति त्रिपाठी लगभग 11 महीने से हिरासत में है. निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की कोई संभावना नहीं है. अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा होने का अधिकार है. हालांकि, यह सुनिश्चित करने के लिए कि जांच किसी भी तरह से प्रभावित न हो, हम निर्देश देते हैं कि अपीलकर्ता को संबंधित सत्र न्यायालय द्वारा तय उचित नियमों और शर्तों के अधीन 10 अप्रैल, 2025 को जमानत पर रिहा किया जाएगा.

### जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने के निर्देश

शीर्ष अदालत ने त्रिपाठी को निर्देश दिया कि वह अपना पासपोर्ट जांच अधिकारी के पास जमा कराएं. प्रतिदिन सुबह 10 बजे उसके समक्ष उपस्थित हों. पीठ ने कहा कि जब तक आरोपपत्र दाखिल नहीं हो जाता, वह जांच अधिकारी के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि जमानत का आदेश पारित करने के लिए अपीलकर्ता को 10 अप्रैल को सत्र अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा. सत्र अदालत उचित नियमों एवं शर्तों पर जमानत देगी.

### हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया था इंकार

भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें राज्य में शराब घोटाले के सिलसिले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था. कथित घोटाले के समय छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के विशेष सचिव और प्रबंध निदेशक के रूप में त्रिपाठी प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे थे. ईडी की जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था.

# होली साल में सिर्फ एक बार आती है, अनुज चौधरी के समर्थन में खुलकर सामने आए योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल जिले के पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी का समर्थन किया। दरअसल, चौधरी ने हाल ही में मुसलमानों को होली पर जुमे (शुक्रवार) की नमाज घर पर ही अदा करने की सलाह दी थी। उत्तर प्रदेश के सीएम ने पुलिस अधिकारी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता ने जो कहा वह सही है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी ने शायद एक पहलवान के तौर पर बात की होगी। चौधरी एक पूर्व पहलवान और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। आदित्यनाथ ने शुक्रवार की नमाज दोपहर 2 बजे के बाद करने का फैसला करने के लिए धार्मिक नेताओं को धन्यवाद भी दिया। आदित्यनाथ ने कहा, 'हमें त्योहारों के दौरान एक-दूसरे की भावनाओं



का सम्मान करना चाहिए। हर शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाती है, लेकिन होली साल में सिर्फ.एक बार आती है। नमाज में देरी की जा सकती है, और अगर कोई समय पर (दोपहर 1.30 बजे का सामान्य समय) जुमे की नमाज अदा करना चाहता है, तो वह अपने घर में रहकर ऐसा कर सकता है। नमाज के लिए मस्जिद जाना अनिवार्य नहीं है।'

### अनुज चौधरी ने क्या बयान दिया था?

6 मार्च को संभल कोतवाली पुलिस स्टेशन में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करना था क्योंकि इस साल 14 मार्च को होली रमजान के दौरान जुमे की नमाज के साथ ही पड़ रही थी। बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अनुज चौधरी ने कहा, 'रंगों का त्योहार साल में केवल एक बार आता है, जबकि जुमे (नमाज के लिए) एक साल में 52 बार आता है, और इसलिए मैं अपने मुस्लिम भाइयों को सलाह देता हूं कि जो सोचते हैं कि जुमे की नमाज के लिए जाते समय उन पर रंग लगना अपवित्र कार्य होगा, उन्हें तब तक घर के अंदर रहना चाहिए जब तक कि सड़कों पर होली का जश्न खत्म न हो जाए।' इस अवसर पर आदित्यनाथ ने महाकुंभ भगदड़ में हुई मौतों को छिपाने के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता घायलों की मदद करना और यह सुनिश्चित करना था कि मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान करने वाले लोग संगम क्षेत्र से आसानी से निकल सकें।

# मणिपुर में बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद, सुरक्षा बलों ने पहाड़ी और घाटी में चलाया तलाशी अभियान

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और कई सैन्य उपकरण बरामद किए हैं. 7 मार्च को सुरक्षा बलों की कार्रवाई के दौरान इंफाल ईस्ट, जिरीबाम, उखरुल और टेंग्नौपाल समेत कई जिलों से जब्त किए गए. मणिपुर पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया था.




### काकचिंग जिले से क्या क्या मिला

विज्ञप्ति के अनुसार 7 मार्च को काकचिंग जिले के हियांगलाम-पीएस के अंतर्गत सेकमाइजिन हंगुल से एक एसएमजी कार्बाइन, एक खाली मैगजीन के साथ एक सिंगल बोल्ट एक्शन राइफल, एक .303 राइफल, एक देसी सिंगल बैरल गन, एक .22 राइफल, दो रिवॉल्वर कारतूस बॉक्स जिसमें 12-12 जीवित राउंड थे, पांच .36 एचई ग्रेनेड, एक वॉकी टॉकी वायरलेस सेट, एक चीनी ग्रेनेड, एक एमके 2 ग्रेनेड, एक ट्यूब लॉन्चिंग आईए, 14 टियर स्मोक शेल, एक 38 मिमी कारतूस एंटी-दंगा रबर बुलेट के साथ, एक स्मोक शेल (मिर्च), एक स्टन शेल (सामान्य), एक बुलेट प्रूफ हेलमेट बरामद किये गये.

### उखरूल जिले में भी तलाशी अभियान

विज्ञप्ति के अनुसार उखरूल जिले के लिटन-पीएस के अंतर्गत थवाई कुकी गांव के पास से दो 81 मिमी देसी पंपी मोटर, दो 51 मिमी देसी पंपी गन, दो देसी मोटर बम, नौ इंसास खाली केस, सात एसएलआर-खाली केस, दो एसबीबीएल-खाली केस, कॉर्टेक्स वायर-8 मीटर, एक बाओफेंग सेट (अनुपयुक्त), कवर के साथ दूरबीन वहीं जिरीबाम जिले के जिरीबाम-पीएस के अंतर्गत बिद्यानगर से तीन 12 बोर पंप एक्शन शॉट गन, एक 12 बोर एसबीबीएल, 12 बोर के 132 जिंदा कारतूस, 27 बीपी जैकेट आदि बरामद किये गये. विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक इंसास राइफल मैगजीन, 26 7.62 मिमी गोला-बारूद, पांच .303 गोला-बारूद, बिना डेटोनेटर के चार 32 ल्र्ए हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर फ्यूज, एक डेटोनेटर, एक आरपीजी शेल, एक 2 मोटर शेल, बिना प्लेट के 11 बीपी जैकेट, नौ बीपी प्लेट, एक हरे रंग का गोला-बारूद बॉक्स, इम्फाल पूर्वी जिले के पोरोम्पट-पीएस के अंतर्गत चिंगखेई चिंग से तीन सामग्री के विस्फोटक होने का संदेह है.

## मानवाधिकार आलोचना के बाद पनामा ने अमेरिका से निर्वासित किए गए अनेक प्रवासियों को रिहा किया

**पनामा सिटी।** कई हफ्तों तक चले मुकदमों और मानवाधिकार आलोचना के बाद पनामा ने अमेरिका से निर्वासित किए गए अनेक प्रवासियों को रिहा कर दिया जिन्हें एक दूरदराज के शिविर में रखा गया था। इसने कहा कि इन लोगों के पास यह देश छोड़ने के लिए 30 दिन का समय है। निर्वासन में तेजी लाने के प्रयास के तहत अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पनामा तथा कोस्टा रिका के साथ एक समझौता किया था। इसी समझौते के तहत अमेरिका से अवैध प्रवासियों को इन देशों में निर्वासित किया गया जिनमें अधिकतर एशियाई देशों से हैं। इस समझौते ने मानवाधिकार संबंधी चिंताओं को उस वक्त और बढ़ा दिया है जब पनामा सिटी के एक होटल में हिरासत में रखे गए सैकड़ों निर्वासितों ने मदद की गुहार लगाते हुए अपनी खिड़कियों पर पत्र लटकाए और कहा कि वे अपने ही देश लौटने से डरे हुए हैं। शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत, लोगों को उत्पीड़न से बचने के वास्ते शरण लेने के लिए आवेदन करने का अधिकार है। लेकिन, अपने देश लौटने से इनकार करने वालों को कोलंबिया से सटी पनामा की सीमा के पास एक दूरस्थ शिविर में भेज दिया गया था जहां उन्हें कई सप्ताहों तक बदतर हालत में रखा गया, उनके फोन छीन लिए गए जिससे वे कानूनी सहायता लेने में असमर्थ हो गए और उन्हें यह भी नहीं बताया गया कि उन्हें आगे कहां ले जाया जाएगा।

# कोलकाता में अंधाधुंध गोलीबारी, पुलिस कमिश्नर बदलने के बाद भी बैरकपुर में हिंसा जारी

एजेंसी

**कोलकाता।** बैरकपुर इंडस्ट्रियल बेल्ट में आपराधिक हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है. पुलिस कमिश्नर के बदलने के बावजूद, इलाके में आपराधिक गतिविधियां बदस्तूर जारी हैं. शनिवार की रात बेलघरिया के उत्तरी बसुदेवपुर में बेखौफ बदमाशों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके चलते तृणमूल कांग्रेस के एक नेता और एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए. इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है. घायल तृणमूल नेता की पहचान विकास सिंह के रूप में हुई है, जो बेलघरिया में पार्टी के एक प्रभावशाली नेता हैं. उन्हें छाती और पेट में गोलियां लगी हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. दूसरे घायल, संटू दास, को कमर में गोली लगी है. विकास सिंह को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में गहन चिकित्सा इकाई (क्छ्व) में भर्ती कराया गया है, जबकि संटू दास का इलाज कमरहाटी के सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज में चल रहा है.



घटना की सूचना मिलते ही बैरकपुर कमिश्नरेट के डीसी (दक्षिण) अनुपम सिंह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली और संभावित सुराग एकत्र किए. बेलघरिया पुलिस इस गोलीबारी के पीछे के कारणों की गहन जांच कर रही है, जिसमें राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और निजी दुश्मनी जैसे पहलुओं को भी ध्यान में रखा जा रहा है. जांच से पता चला है कि विकास सिंह टेक्समैको फैक्ट्री में काम के सिलसिले में गए थे, जहां वे तृणमूल श्रमिक संगठन के महासचिव हैं. काम के बाद वे स्थानीय चाय की दुकान पर रुके थे. उसी समय संटू दास भी अपनी पत्नी के साथ बेलघरिया के उत्तरी बसुदेवपुर में एक डॉक्टर से मिलकर, चाय की दुकान पर चाय पीने के लिए रुके. यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि वे गोलीबारी की चपेट में आ गए.



# नाना की 'वनवास' ओटीटी से पहले टीवी पर देगी दस्तक...

**मुंबई**। नाना पाटेकर की फिल्म 'वनवास' को बीते साल 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है। फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 4.94 करोड़ रुपये कमाए थे। अब 'वनवास' अपने टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार है। आइए बताते हैं यह फिल्म आप टीवी पर पहली बार कब और कहां देख पाएंगे। 'वनवास' का टीवी पर प्रीमियर आज 8 मार्च, को रात 8 बजे जी सिनेमा पर होगा। पाटेकर ने लिखा, 'अपनों की अहमियत का एहसास दिलाने वाली, एक अपनी सी कहानी। देखिए ओटीटी से पहले टीवी पर।'

लाइफ Style



# जाह्नवी

## डेब्यू से पहले ठुकराई थी महेश बाबू की फिल्म

दिवगंत अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने स्टारकिड होने के बाजवूद कड़ी मेहनत कर बहुत ही कम समय में इंडस्ट्री में बड़ा नाम कमाया है। आज यानी 6 मार्च को जाह्नवी अपना 28वां जन्मदिन मनाई।

जाह्नवी फिल्म 'धड़क' (2018) के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन क्या आप जानते हैं बॉलीवुड डेब्यू से पहले जाह्नवी ने महेश बाबू की फिल्म ठुकराई थी। 'गजनी' और 'स्पाइडर' जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक एआर मुरुगदॉस एस समय जाह्नवी को दक्षिण भारतीय सिनेमा में लॉन्च करना चाहते थे। उन्होंने जाह्नवी को महेश बाबू के साथ एक फिल्म में कास्ट करने का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन उन्होंने ये ऑफर ठुकरा दिया। एक इंटरव्यू में खुद जाह्नवी ने इसका खुलासा किया था। उन्होंने कहा, मैं उस समय समझ नहीं पाई कि मुझे क्या करना है। मुरुगदॉस सर ने मुझे माता-पिता से बात करने की सलाह दी थी। जाह्नवी ने बीते साल जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' के जरिए तेलुगु सिनेमा में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया था। जाह्नवी के पास एक और तेलुगु फिल्म है, जिसका नाम 'आरसी16' है। इसमें उनके जोड़ीदार राम चरण होंगे।इसके अलावा जाह्नवी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होगी। जाह्नवी के पास फिल्म 'परम सुंदरी' भी है।

हॉलीवुड मसाला




# महिला दिवस पर दी शुभकामनाएं

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'स्नो व्हाइट' एक लोककथा है जिस पर वर्षों से एनिमेटेड कॉर्टून, फिल्में बनती रही हैं। जल्द ही एक और फिल्म डिज्नी इस कहानी पर लेकर आ रहा है। इसमें स्नो व्हाइट के रोल में रेचल जेलगर हैं। वहीं गैल गैडोट एक बुरी रानी का रोल कर रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की कुछ झलकियां डिज्नी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की, जिसमें रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस की बधाई भी दे रही हैं। डिज्नी द्वारा साझा किए गए वीडियो में रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस सबसे पहले बधाई देती हैं।




# मावरा ने जताई रणबीर के साथ काम करने की इच्छा

**मुंबई**। अभिनेत्री मावरा होकेन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी के साथ-साथ पेशेवर जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तानी अभिनेता अमीर गिलानी से निकाह किया है, वहीं साल 2016 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म 'सनम तेरी कसम' भी दोबारा सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म धमाल मचा रही है। अब इस बीच मावरा ने रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई है। आइए जानें उन्होंने क्या है। इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ बातचीत में जब मावरा से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किसके साथ काम करना चाहेंगी तो उन्होंने तुरंत रणबीर का नाम लिया। उन्होंने कहा, मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हूं। मैं उनके साथ 'रॉकस्टार' जैसी फिल्में करना पसंद करूंगी। बता दें मावरा ने 'सनम तेरी कसम' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



# रणवीर के साथ बनती बनती रह गई जोड़ी

**मुंबई**। आने वाले दिनों में पर्दे पर कई नई जोड़ियां देखने को मिलेंगी इन्हीं में से एक थी रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की जोड़ी।फिल्म 'डॉन 3' के लिए दोनों साथ आ रहे थे, लेकिन अब खबर है कि अभिनेत्री इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। चर्चा है कि उन्होंने प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म छोड़ने का फैसला किया है, जिसके बाद रणवीर-कियारा को साथ देखने का इंतजार कर रहे प्रशंसक मायूस हो गए हैं।'डॉन 3' पर फिर से संकट के बादल मंडराने लगे हैं। साल 2023 में फरहान अख्तर ने जब से रणवीर के साथ फिल्म की घोषणा की है, तभी से यह ऊहापोह जैसी स्थर्ति में है। हालांकि, बीते दिनों कहा गया था कि 2025 में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी, वहीं अब खबर है कि फिल्म की लीड हीरोइन कियारा ने इससे किनारा कर लिया है।



# पहले मिला था मोगैंबो बनने का ऑफर

**मुंबई**। अनुपम खेर बॉलीवुड के उन सितारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों अपनी एक खास जगह बनाई है। हालांकि, इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत भी की है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म 'सारांश' से की थी। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। अनुपम ने आज 7 मार्च को अपना 70वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर आपको बताएंगे कि अमरीश पुरी से पहले मोगैंबो बनने कर ऑफर अनुपम को मिला था। 'मिस्टर इंडिया' हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में शुमार है। फिल्म का किरदार मोगैंबो भले ही अमर हो गया, लेकिन शायद ही आप इस बात से वाकिफ होंगे किइस भूमिका के लिए निर्देशक शेखर कपूर की पहली पसंद अमरीश पुरी नहीं, बल्कि अनुपम खेर थे। निर्माता बोनी कपूर भी अनुपम की कास्टिंग से संतुष्ट थे।

टीवी मसाला



# हर्षद और शिवांगी संग दिखे नए शो की शूटिंग करते हुए

**मुंबई**। हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी, टीवी सीरियल की दुनिया में जाना-माना नाम हैं। दोनों ने कई हिट सीरियल्स अलग-अलग दिए हैं, दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हाल ही में इन दोनों को एक नए सीरियल की शूटिंग करते हुए देखा। सीरियल के नाम को लेकर अभी काफी दुविधा भरा माहौल है।

# हिमेश ने 'बैडएस रविकुमार' के सीक्वल पर लगाई मुहर

**मुंबई**। हिमेश रेशमिया को फिल्म 'बैडएस रविकुमार' से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। उनकी यह फिल्म 7 फरवरी को रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर इसने केवल 10.98 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इस फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये था। अब हिमेश ने 'बैडएस रविकुमार' के सीक्वल पर मुहर लगा दी है। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की कहानी 90 के दशक पर आधारित होगी। जूम के साथ खास बातचीत में हिमेश ने कहा, फिल्म का पहला 80 के दशक पर आधारित था और अब आने वाली किस्त 90 के दशक की खोज करेगी। सीक्वल 90 के दशक में सेट होने जा रहा है। कई कलाकार अपने-अपने किरदार को दोहराते नजर आएंगे और कुछ नए इसमें शामिल होंगे। बहुत कुछ अलग होगा। हिमेश ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा, लोगों ने बहुत प्यार दिया। मैं वाकई बहुत खुश और आभारी हूं।



***'बैडएस रविकुमार' में नजर आए ये कलाकार*** : 'बैडएस रविकुमार' का निर्देशन कीथ गोम्स ने किया है, वहीं फिल्म का निर्माण खुद हिमेश ने किया था। फिल्म की कहानी हिमेश ने कुशल वेद बख्शी के साथ लिखी। इस फिल्म में हिमेश के अलावा प्रभु देवा, सिमोना जे, कीर्ति कुल्हारी, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, सनी लियोनी और मनीष वाधवा जैसे कलाकार भी नजर आए। बता दें कि 'बैडएस रविकुमार' में सिनेमा के रेट्रो दौर को दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म की कहानी लोगों की पसंद नहीं आई।

# इब्राहिम अली की 'नादानियां' से 'दुपहिया' तक इस हफ्ते ओटीटी पर होगा धमाल...

*मुंबई। हर हफ्ते की तरह मार्च का यह पहला हफ्ता भी दर्शकों के लिए खास होने वाला है, क्योंकि कुछ ऐसी फिल्में और वेब सीरीज उनके बीच आने वली हैं, जिनका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था। अगर आपकी घर से बाहर निकलने की कोई योजना नहीं है या आप ओटीटी पर कंटेंट देखने के शौकीन हैं तो शानदार फिल्मों और सीरीज की फेहरिस्त आपके लिए तैयार है।*


***'नादानियां'*** *: सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'नादानियां' सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। इसमें उनके साथ खुशी कपूर नजर आएंगी। दिल्ली के रईस घर की लड़की और नोएडा के मध्यम वर्गीय परिवार के लड़के की यह कहानी 2 अलग-अलग दुनिया में प्यार, पहचान और मॉर्डन रिश्तों की पड़ताल करती है। फिल्म में दीया मिर्जा, जुगल हंसराज, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी भी हैं। 'नादानियां' 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।*




***'दुपहिया'****: इस वेब सीरीज का मिजाज भी कुछ-कुछ 'पंचायत' जैसा ही है। लिहाजा यह भी आपके लिए मनोरंजन की गारंटी बन सकती है। कहानी बिहार के एक काल्पनिक गांव धड़कपुर की है। एक ऐसा गांव, जहां 25 साल से कोई अपराध नहीं हुआ है। इस मजेदार वेब सीरीज में गजराज राव, स्पर्श श्रीवास्तव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा और यशपाल शर्मा जैसे कलाकार हैं। 'दुपहिया' भी 7 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।*

***'रेखाचित्रम'****: बीते कुछ समय में मलयालम सिनेमा की कहानियों ने हिंदी दर्शकों का भी खूब दिल जीता है। 'रेखाचित्रम' इसी कड़ी में एक बढ़िया एंटरटेनर साबित होती है। इसकी कहानी सर्किल इंस्पेक्टर विवेक गोपीनाथ (आसिफ अली) की है, जिसे सस्पेंड होने के बाद फिर बहाल किया जाता है। उसे मलक्कापारा के शांत शहर में नियुक्ति मिलती है। यह फिल्म 7 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई। खास बात यह है कि आप इसे हिंदी में भी देख सकेंगे।*

***'गेम चेंजर'****: राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म 'गेम चेंजर' अब ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखा नहीं पाई। बता दें कि गेम चेंजर कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में ओटीटी पर रिलीज हो चुकी थी और अब फिल्म हिंदी में 7 मार्च को जी5 पर रिलीज होने चुकी है। राम चरण के अभिनय की फिल्म में खूब तारीफ हुई थी।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.